(ख) कोई भी नहीं, किन्तु नये विकसित क्षेत्रों में, जहां सरकारी कर्मचारियों के लिये मकान बनाये जायें, सामान्य विकास के लिये खेल के मैदान और खुले स्थान रखने का उपबन्ध किया गया है।

श्री वी० पी० नायर : क्या यह सच है कि जबकि वर्ग १ के पदाधिकारियों के घरों में अनेक टेनिस के मैदान हैं, जिनमें से प्रत्येक सैकड़ों रुपयों की लागत से बना है, वर्ग ३ और वर्ग ४ के कर्मचारियों की सारी बस्तियों में विशेषतः लोदी कालोनी और विनय नगर में, बैडमिन्टन खेलने का भी कोई प्रबन्ध नहीं है ?

सरदार स्वर्ण सिंह : सरकार वर्ग १ के कर्मचारियों के लिये भी टेनिस खेलने के मैदानों का कोई प्रबन्ध नहीं करती है। कुछ क्लब चलते होंगे।

श्री वी० पी० नायर : क्या यह सच नहीं है कि वर्ग १ के कर्मचारियों के निवास स्थानों में जो टेनिस खेलने के मैदान बने हैं, वे सरकार के खर्चे से ही बने हैं और जिनमें से प्रत्येक पर लागत कुछ सौ रुपये आई थी ?

सरदार स्वर्ण सिंह : यदि उन मकानों के प्रांगण में टेनिस का मैदान का कोई प्रबन्ध है तो उसका अर्थ यह नहीं है कि सरकार ने सरकारी नौकरों के सामान्य प्रयोग के किये उस सम्बन्ध में कोई विशिष्ट उपबन्ध किया है।

श्री० वी० पी० नायर : इस दृष्टिकोण से कि स्वास्थ्य के लिये शारीरिक व्यायाम आवश्यक है तथा यह भी देखते हुये कि उत्तम स्वास्थ्य होने पर उत्तम काम होगा, क्या सरकार ने ऐसे कोई उपाय किये हैं जिनसे उस व्यक्ति को जो कि नियमित रूप से खेलना चाहता है और सरकारी कर्मचारी भी है, उसी स्थान पर जहां उसे सरकारी निवास स्थान दिया जाता है, खेलने की सुविधायें प्राप्त हो सकें ?

सरदार स्वर्ण सिंह : मेरे विचार में यह सुझाव सरकारी और गैरसरकारी दोनों तरह के कर्मचारियों के लिये अच्छा है और दिल्ली शहर में जिसकी जनसंख्या १५ लाख से अधिक है, ऐसी सुविधायें देने की बड़ी आवश्यकता है। किन्तु इस बात से मैं सहमत नहीं हूं कि सरकारी कर्मचारियों को दूसरों से बड़ा माना जाये।

श्री बोगावत : क्या बंगलों से लगे हुये सात हजार बाहरी घर जो सरकारी कर्मचारियों द्वारा अनधिकृत रूप से किराये पर उठा दिये गये थे, खाली करवा लिये गये हैं अथवा अब भी कुछ ऐसे घर हैं जो खाली नहीं कराये जा सके हैं ;

सरदार स्वर्ण सिंह : मुख्य प्रश्न खेल के मैदानों के सम्बन्ध में है, अतः यह प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता ।

कराची का औद्योगिक मेला

***५. श्री बोगावत :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सन् १९५५ के अक्टूबर मास में होने वाले कराची के औद्योगिक मेले में स्थापित किये गये भारतीय स्टाल के विरुद्ध धरने, पत्थरबाज़ी और प्रदर्शन किये गये थे, जिनसे कि उसे कुछ नुकसान भी हुआ था ;

(ख) यदि हां, तो कितना नुकसान हुआ था और ऐसे उद्दण्ड कार्यों आदि के क्या कारण थे ;

(ग) क्या भारत ने इन हिंसात्मक कार्यों के विरुद्ध कोई प्रत्यापत्ति की है ; और

(घ) यदि हां, तो पाकिस्तान सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या उत्तर दिया है ?

वैदेशिक कार्य उपमंत्री (श्री अनिल के० चन्दा) : (क) जी हां ।

(ख) कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा फैंके हुए पत्थरों से भारतीय मण्डप के बाहर लगे निओन रोशनी के ट्यूब और कुछ रोशनदानों के कांच टूट गये थे । इससे लगभग ३०० रुपयों का नुकसान हुआ था । भारतीय मण्डप के सामने यह प्रदर्शन भारत के एक मानचित्र के प्रदर्शन के कारण हुए थे, जिसमें जम्मू और काश्मीर को भारत के ही एक भाग के रूप में दिखाया गया था ।

(ग) और (घ). पाकिस्तान में स्थित भारतीय उच्चायुक्त ने पाकिस्तान सरकार के साथ इस विषय पर कई बार वार्तायें की हैं । प्रदर्शनों के दौरान में पाकिस्तान सरकार ने कुछ व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया था ।

श्री बोगावत : क्या यह सच है कि उपद्रवियों ने भारतीय मानचित्र छीन लिया था और वहां मण्डप की सुरक्षा का बहुत ही थोड़ा प्रबन्ध था ?

श्री अनिल के० चन्दा : मानचित्र छीना नहीं गया था । वह एक बहुत बड़ा, १० फीट लम्बाई-चौड़ाई वाला मानचित्र था ।

श्री बी० एस० मूर्ति : क्या उन गिरफ्तार-शुदा व्यक्तियों के विरुद्ध किसी न्यायालय में कार्यवाही की जा रही है ?

श्री अनिल के० चन्दा : उनके विरुद्ध अभियोग लगाया गया था, पर दण्डाधीश ने उन्हें छोड़ दिया था ।

श्री बर्मन : मैं जान सकता हूं कि हमारे कराची निवासी भारतीयों में इन प्रदर्शनों की क्या प्रतिक्रिया हुई थी ?

श्री अनिल के० चन्दा : उन्होंने बड़ा ही शान्त और गरिमापूर्ण व्यवहार किया था ।

अध्यक्ष महोदय : श्री कासलीवाल ।

श्री बदरी दत्त पांडे : क्या पाकिस्तान सरकार ने इस पर क्षोभ प्रदर्शन किया....

अध्यक्ष महोदय : शांति, शांति । मैंने श्री कासलीवाल से बोलने को कहा है ।

श्री कासलीवाल : क्या हमारे उच्चायुक्त ने इस पर पाकिस्तान सरकार से कुछ वार्ता की है, और क्या भारत सरकार को इस प्रकार की कुछ सूचना मिली है कि पाकिस्तान सरकार ने इन उपद्रवी और अशोभनीय प्रदर्शनों को रोकने के लिये कुछ क़दम उठाये हैं ?

श्री अनिल के० चन्दा : मण्डप के सामने पुलिस पहरेदार बैठा दिये गये थे, और कई अवसरों पर उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर लाठी-चार्ज भी किया था ।

श्री बदरी दत्त पांडे उठे—

बाढ़-पीड़ितों की सहायता

*६. **चौधरी मुहम्मद शफी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १ जुलाई १९५५ से अब तक विदेशों द्वारा भारत के बाढ़-पीड़ितों को कुल कितनी सहायता दी गई है, और किस देश ने कितनी सहायता दी है ;

(ख) किस प्रकार की सहायता दी गई है ;

(ग) क्या उसका बंटवारा हो चुका है ; और

(घ) यदि हां, तो बंटवारे के लिये क्या तरीका अपनाया गया है ?

वैदेशिक कार्य उपमंत्री श्री अनिल के० चन्दा): (क) और (ख). सभा-पटल पर एक विवरण रखा जाता है, जिसमें विदेशों (और विदेशों में रहने वाले भारतीयों) द्वारा हमारे बाढ़-पीड़ितों की सहायता के लिये नकदी के रूप में दिये गये अंशदान बताये गये है । **[देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या २]** वस्तुओं के रूप में दिये गये अन्य अंशदानों के बारे में भी इसी प्रकार की जानकारी संग्रहीत की जा रही है, और यथासमय सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

(ग) और (घ). ये अंशदान या तो प्रधान मंत्री की राष्ट्रीय सहायता निधि या इन्डियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा प्राप्त किये गये है । प्रधान मंत्री की निधि में से राज्यपालों या राज्यों के मुख्य मंत्रियों के लिये नकद अनुदान दिये जाते है, और उनको सर्वाधिक लाभ के साथ इस्तेमाल करने का उत्तरदायित्व उन राज्यों पर ही रहता है । इंडियन रेडक्रास सोसाइटी वस्तुओं के रूप में प्राप्त अंशदानों तथा इन अनुदानों के बंटवारे के लिये अपनी स्वयं की और राज्य सरकारों की व्यवस्था का इस्तेमाल करती है ।

श्री एस० एन० दास : मैं जान सकता हूं कि क्या भारत के बाढ़-ग्रस्त क्षत्रों की सहायता के लिये प्राप्त सारे अंशदान विदेशी लोगों द्वारा की गई अभ्यर्थना के प्रत्युत्तर में भेजे गये हैं, या वहां रहने वाले भारतीयों ने भी भारत की ओर से कोई ऐसी अभ्यर्थना की थी ?

प्रधान मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री जवाहरलाल नेहरू) : कुछ देशों में वहां के रहने वाले स्थानीय भारतीयों ने ऐसी अभ्यर्थनायें की थी, लेकिन आम तौर पर अधिकांश धन वहां की सरकारों ने भेजा है । उन्होंने भारत पर पड़ी विपत्ति के बारे में सुना और इसीलिये उन्होंने ये अंशदान किये थे ।

श्री एस० एन० दास : क्या किसी भारतीय व्यक्ति ने विदेशों में ऐसी सहायता के लिये अभ्यर्थना की थी ?

श्री जवाहरलाल नेहरू : कम से कम मैं तो नहीं जानता ।

श्री एस० सी० सामन्त : मैं जान सकता हूं कि क्या माननीय मंत्री द्वारा गिनाई गई संस्थाओं के अतिरिक्त अन्य संस्थायें भी विदेशों से यह सहायता पा रही हैं, और क्या किसी समाचारपत्र में कोई ऐसी टिप्पणी भी निकली है कि इस राशि का बंटवारा साम्प्रदायिक आधार पर किया जा रहा है ।

श्री जवाहरलाल नेहरू : मैं नहीं समझता कि मैं इस प्रश्न का उत्तर कैसे दूं कि भारत में किसी संस्था को ऐसी सहायता मिली है या नहीं । फिलहाल में कोई ऐसी संस्था नहीं बता सकता । कुछ हो भी सकता है, लेकिन फिर भी, जहां तक मुझे मालूम है, किसी भी अन्य संस्था को बड़ी धनराशियां नहीं मिली हैं ।

श्री जयपाल सिंह : कहा गया है कि कहीं तो ये अनुदान राज्यपालों को दिये गये हैं, और कहीं मुख्य मंत्रियो को । मैं जान सकता हूं

कि निधियों के बंटवारे करने में ऐसे भेदभाव के लिये क्या परिस्थितियां थीं ?

श्री जवाहरलाल नेहरू : कोई विशेष परिस्थितियां नहीं हैं। कहीं कहीं, किसी राज्य विशेष में तो वे दोनों ही को दिये गये हैं। यह सिर्फ इसी पर निर्भर है कि एक राज्य विशेष में उस का भार किस पर है। उदाहरण के लिये, आसाम जैसे राज्य को ली जिये। भूकम्प सहायता के समय वहां के राज्यपाल ने एक बड़ी निधि का संग्रह आरम्भ किया था और वह जारी रहा। इसलिये उसका सम्बन्ध राज्यपाल से है, वहां मुख्य मंत्री से भी इस का सम्बन्ध है।

सेगांव में हुई घटनाएं

*७. **डा० सत्यवादी** : क्या **प्रधान मंत्री** २६ सितम्बर, १९५५ को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या २१४३ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि २० जुलाई, १९५५ को सगांव में हुए दंगों में वेतनाम में अन्तर्राष्ट्रीय आयोग को पहुंची क्षति का कोई प्रतिकर दिया गया है ?

वैदेशिक कार्य उपमंत्री (श्री अनिल के० चन्दा) : फ्रांसीसी हाई कमीशन ने अन्तर्राष्ट्रीय आयोग का दावा दक्षिणी वियतनाम की सरकार को भेज दिया था जिसने कमीशन को उसके व्यक्तियों और सामान को पहुंचे नुकसान के लिए १,१४३,७१६ पस्ट्रा (लगभग १५५,६६८ रुपये) दिये हैं। इस राशि में से भारतीय कर्मचारियों को ६५८,७९६ पस्ट्रा (लगभग ८७,८४० रुपये) मिले हैं।

कोयला आयोग

*८. **श्री टी० बी० विट्ठल राव** : क्या **उत्पादन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्राक्कलन समिति के पन्द्रहवें प्रतिवेदन के पैरा २६ में कोयला आयोग का धनबाद या आसनसोल में रखने के सम्बन्ध में जो सिफारिश की गई है क्या प्रतिवेदन आने के बाद से उस सम्बन्ध में कोई निर्णय किया गया है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसमें देरी के क्या कारण हैं ?

उत्पादन उपमंत्री (श्री सतीश चन्द्र) : (क) और (ख). कोयला आयोग बनाने का प्रश्न विचाराधीन है। इसका प्रधान कार्यालय कहां हो, इस पर तो बाद में ही विचार किया जा सकता है।

श्री टी० बी० विट्ठल राव : इस बात को ध्यान में रखते हुए कि क्योंकि कोयले को अधिक मात्रा में एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में बाधा पड़ती है इसलिए ऐसे कार्यालय का धनबाद या आसनसोल के क्षेत्र के समीप ही होना वांछनीय होगा, इस सम्बन्ध में कब तक निर्णय किए जाने की सम्भावना है?

श्री सतीश चन्द्र : पूर्व और दक्षिण पूर्व रेलों के प्रधान कार्यालय कलकत्ता में हैं और कोयला खानें इन्हीं रेलों के क्षेत्र में हैं। इसलिए धनबाद या आसनसोल की बजाय कोयल को लाने ले जाने का प्रबन्ध करना और उन में तालमेल रखना कलकत्ता में अधिक सुविधाजनक होगा।

श्री के० के० बसु : यह प्रश्न कब से विचाराधीन है और सरकार को कब तक इस सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय कर लेने की आशा है ?

श्री सतीश चन्द्र : प्राक्कलन समिति का प्रतिवेदन सितम्बर के अन्त में सभा में प्रस्तुत किया गया था। इस सम्बन्ध में नीति सम्बन्धी व्यापक प्रश्नों पर विचार करना पड़ेगा। इस प्रश्न पर शीघ्रता से विचार किया जा रहा है।

प्रादेशिक लेखनसामग्री डिपो

*९. **पंडित डी० एन० तिवारी :** क्या निर्माण, आवास और संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कार्यालयों को लेखनसामग्री प्रदान करने के लिए कुछ प्रादेशिक लेखन-सामग्री डिपो खोलने का कोई प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे डिपो की संख्या जो खोले जा चुके हों अथवा जिनके खोले जाने का प्रस्ताव हो तथा उनके स्थान ;

(ग) विभिन्न स्थानों में डिपो खोलने से संवाहन तथा अन्य व्ययों में होने वाली संभावित बचत ; तथा

(घ) संभावित पूंजी लागत ?

निर्माण आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) तथा (ख) फिलहाल नई दिल्ली में एक प्रादेशिक लेखन-सामग्री डिपो खोला जा रहा है । बम्बई तथा मद्रास में ऐसे डिपो खोलने के प्रश्न पर बाद में विचार किया जायेगा ।

(ग) तथा (घ) . आवश्यक जानकारी प्रदान करने वाला एक विवरण लोक-सभा के पटल पर रखा जाता है । **[देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या ३]**

पंडित डी० एन० तिवारी : विवरण में यह उल्लेख किया गया है कि नई दिल्ली की डिपो में कुल ८,००,००० रु० की पूंजी लगाई जायेगी । क्या मैं जान सकता हूं कि स्थापना पर क्या खर्च होगा ?

सरदार स्वर्ण सिंह : उस व्यय का विस्तृत ब्यौरा मेरे पास नहीं है । इस पूंजी लागत का अधिकांश भाग उस इमारत पर व्यय होगा जो बन रही है ।

पंडित डी० एन० तिवारी : क्या मैं जान सकता हूं कि अभी क्या कठिनाई महसूस की जाती है जिसके परिणामस्वरूप कार्यालयों के लिए लेखन सामग्री जुटाने के लिए ऐसा डिपो खोलने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया है ?

सरदार स्वर्ण सिंह : लेखन सामग्री तथा मुद्रण के संगठन की जांच करने के लिए एक विभागीय समिति निर्मित की गई थी । उसने सिफारिश की थी कि चूंकि दिल्ली तथा नई दिल्ली में बहुत परिमाण में लेखन सामग्री व्यय होती है इसलिए यह सुविधाजनक होगा यदि नई दिल्ली में एक डिपो खोला जा सके अन्यथा, कलकत्ता से सामान आने में बहुत अधिक समय लगता है और संवाहन व्यय भी होता है ।

श्री वेलायुधन : क्या यह सत्य है कि दक्षिण भारत में एरनाकुलम तथा अन्य स्थानों में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को पैन्सिलें, कागज़, ब्लाटिंग पेपर आदि प्राप्त करने के लिए तीन चार माह प्रतीक्षा करनी होगी ?

सरदार स्वर्ण सिंह : इस बात को सामान्यतः मान लेना मेरे लिए अत्यन्त कठिन होगा । परन्तु जब कलकत्ता से सामान भेजना होगा तो उसमें अवश्य समय लगेगा और इन्हीं बातों पर विचार करके विशेषज्ञ समिति ने यह सिफारिश की थी कि मद्रास में एक डिपो चालू किया जाय ।

कर्वे समिति

*१०. **श्री डाभी :** क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ग्राम तथा छोटे पैमाने के उद्योगों के सम्बन्ध में कर्वे समिति की सिफारिशों पर विचार किया है ; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उसने समिति की सिफारिशों पर कोई निर्णय किया है ?

योजना उपमंत्री (श्री एस० एन० मिश्र) : (क) कर्वे समिति का प्रतिवेदन अभी भी विचाराधीन है ।

(ख) उस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं किया गया है ।

श्री डाभी : क्या मैं निश्चित समय जान सकता हूं जब तक कि निर्णय हो जायगा ?

श्री एस० एन० मिश्र : हमें आशा है कि आगामी कुछ सप्ताहों में योजना के प्रारूप को अन्तिम रूप देने के पूर्व ही हम प्रतिवेदन पर विचार कर सकेंगे ।

श्री एस० एन० दास : क्या मैं जान सकता हूं कि प्रतिवेदन सर्वसम्मत है अथवा कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर मतभेद है ?

श्री एस० एन० मिश्र : चूंकि प्रतिवेदन सभा-पटल पर रख दिया गया है माननीय सदस्य उसको पढ़ कर लाभ उठायें ।

श्री एस० सी० सामन्त : क्या मं जान सकता हूं कि समिति ने नमक का उत्पादन छोटे पैमाने के उद्योग के रूप में प्रारम्भ किये जाने की सिफारिश की है ?

श्री एस० एन० मिश्र : मैं पुनः प्रतिवेदन की ओर माननीय सदस्य का ध्यान आकर्षित करूंगा जो सभा पटल-पर रखा जा चुका है ।

पूर्वी पाकिस्तान से सामूहिक निष्क्रमण

*११. **श्री कृष्णाचार्य जोशी** : क्या **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वी पाकिस्तान से सामूहिक निष्क्रमण में वृद्धि हो रही है ;

(ख) क्या इस सामूहिक निष्क्रमण का पश्चिमी बंगाल की अर्थ व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है ; तथा

(ग) यदि हां, तो सरकार इस मामले में क्या कदम उठाने का विचार कर रही है ?

पुनर्वास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) आने वाले लोगों की मासिक संख्या जो १९५४ में औसतन १०,००० प्रति माह थी और १९५५ के प्रथम आठ महीनों में २२,००० प्रति माह थी, सितम्बर, १९५५ में कम होकर १०,९६६ हो गयी है । परन्तु अक्टूबर में उसमें वृद्धि हुई है और वह १६,१४४ तक पहुंच गयी है ।

(ख) नहीं, केवल मात्र पूर्वी पाकिस्तान से सामूहिक निष्क्रमण से पश्चिमी बंगाल की अर्थ व्यवस्था अस्त-व्यस्त नहीं हो सकती । परन्तु चूंकि पश्चिमी बंगाल में बहुत बड़ी संख्या में निष्क्रमणार्थी आ गए हैं इसलिए उसकी अर्थ व्यवस्था पर प्रभाव पड़ा है ।

(ग) पश्चिमी बंगाल को दिए गए कर्जों तथा अनुदानों के अतिरिक्त विस्थापितों को अन्य राज्यों में बसाने के प्रस्ताव विचाराधीन हैं ।

श्री कृष्णाचार्य जोशी : क्या मैं जान सकता हूं कि विस्थापितों के सामूहिक निष्क्रमण के मुख्य कारण क्या हैं ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : मैं अपने सहयोगी वैदेशिक कार्य उपमंत्री से इसका उत्तर देने का अनुरोध करता हूं ।

वैदेशिक कार्य उपमंत्री (श्री अनिल कें० चन्दा) : हम कई बार सभा में इसके कारण बता चुके हैं । कारण हैं आर्थिक दुर्दशा और उन स्थानों में जीवन यापन के लिये प्रतिकूल वातावरण का होना ।

श्री कृष्णाचार्य जोशी : मैं जान सकता हूं कि क्या इन विस्थापित व्यक्तियों को फिर से बसाने के लिये कोई विशेष योजना तैयार की गई है ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : पुनर्वास की सामान्य योजनाओं के अतिरिक्त, पश्चिमी बंगाल से बाहर कुछ ऐसा स्थान निश्चित करने के लिये विशेष प्रयत्न किये जा रहे हैं जहां उद्योग-धंधे

स्थापित किये जा सकें और प्रशिक्षण तथा उत्पादन के नये केन्द्र खोले जा सकें।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती : संसद् सदस्यों के सम्मेलन में हुई चर्चा और पुनर्वास मंत्रियों के सम्मेलन की इस सिफारिश को ध्यान में रखते हुए कि पश्चिमी बंगाल के मुख्य मंत्री पूर्वी पाकिस्तान के मुख्य मंत्री से मिलें, सरकार ने उस सिफारिश की दिशा में अभी क्या कुछ किया है और अब स्थिति क्या है ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : दार्जिलिंग में होने वाले सम्मेलन ने इस प्रकार की कोई खास सिफारिश नहीं की थी। दार्जिलिंग सम्मेलन में हमने सिर्फ यही तय किया था कि बेहतर संचार व्यवस्था, व्यापार की सुविधाओं, प्रेषण सुविधाओं और इसी प्रकार के अन्य उपायों पर विचार किया जाना चाहिये। इस प्रकार की कोई निश्चित सिफारिश नहीं की गई थी कि पश्चिमी बंगाल के मुख्य मंत्री पूर्वी पाकिस्तान के मुख्य मंत्री से मिलें। एक मंत्री महोदय ने इस प्रकार का सुझाव भर दिया था।

श्री बी० के० दास : क्या सरकार का ध्यान पूर्वी बंगाल के मुख्य मंत्री के उस वक्तव्य की ओर आकर्षित किया गया है जो उन्होंने कुछ समय पहले स्वर्गीय लियाकत अली खां की बरसी के अवसर पर दिया था और जिसमें उन्होंने कहा था कि सामूहिक निष्क्रमण में वृद्धि होने की बात तो भारतीय समाचारपत्रों का एक झूठा प्रचार भर है ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : मैंने वह वक्तव्य नहीं देखा, पर मैं इस बात से सहमत नहीं हूं। मेरे माननीय सहयोगी ने बड़े ही स्पष्ट तौर पर उसके कारण बता दिये हैं।

श्री मेघनाद साहा : क्या माननीय मंत्री का ध्यान मेरे इस वक्तव्य की ओर गया है कि पूर्वी प्रदेश में पर्याप्त भूमि है और इन लोगों को बंगाल से बाहर भेजने की कोई भी आवश्यकता नहीं; और क्या उन्होंने इस तथ्य की जांच की है कि बिहार और उड़ीसा में विस्थापितों का पुनर्वास क्यों पूर्णतया असफल रहा है और वे बार-बार क्यों उसी लती को दोहराते जा रहे हैं ?

श्री मेहर चन्द खन्ना : मैंने माननीय सदस्य का वक्तव्य पढ़ लिया है। वह कल के समाचारपत्रों में आया था। इस प्रश्न पर स्थाई मंत्रणा समिति की बैठकों और कलकत्ते में संसद् के सदस्यों की अनौपचारिक बैठकों में भी बहसें हो चुकी हैं। माननीय सदस्य जिन धारणाओं को आधार बना कर चल रहे हैं वे मुझे स्वीकार्य नहीं।

बिहार तथा उड़ीसा में असफलताओं के अनेक कारण रहे हैं जिन पर हम पहले विचार कर चुके हैं। किन्हीं मामलों में शरणार्थी दबाव के कारण चले गए जो उन पर बाहर से डाला गया, किन्हीं अन्य मामलों में हमारी पुनर्वास योजनाओं में भी कुछ दोष रहे हैं। वे दोष अब दूर किए जा रहे हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका का व्यापार मिशन

*१२. **श्री रघुनाथ सिंह :** क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि अक्टूबर १९५५ में भारत में एक ६ सदस्यों का अमरीकी व्यापार मिशन आया था ; तथा

(ख) यदि हां, तो उसके आने का परिणाम ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) जी, हां।

(ख) मिशन संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार द्वारा भारतीय उद्योग प्रदर्शिनी में भाग लेने के लिये तथा भारतीय व्यापार संभावनाओं की प्रायमिक जानकारी प्राप्त करने के लिए भेजा गया है। मिशन देश के विभिन्न भागों में व्यापारियों तथा वाणिज्य संघों से

विचार विमर्श कर रहा है। सरकार के पास और कोई सूचना नहीं है।

श्री रघुनाथ सिंह : क्या एक्सपोर्ट के सम्बन्ध में भी इस मिशन के साथ कोई बात-चीत हुई ह या समझौता हुआ है ?

श्री करमरकर : मैंने जो कुछ अभी कहा है उसके अलावा हमें कुछ पता नहीं है।

मंत्रीयों का समन्वय बोर्ड

***१३ श्री एल० एन० मिश्र**: क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अक्टूबर १९५५ में दिल्ली में मंत्रियों के समवन्य बोर्ड की एक बैठक हुई थी ; और

(ख) यदि हां, तो किन महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई थी और क्या निर्णय किये गये थे ?

सिंचाई और विद्युत् उपमंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) अपेक्षित जानकारी देने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है। **[देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या ४]**

श्री एल० एन० मिश्र : विवरण से ज्ञात होता है कि बोर्ड ने राष्ट्रीय निर्माण निगम को स्थापित करना स्वीकार कर लिया है। क्या मैं जान सकता हूं कि इस निगम की स्थापना के बारे में ठीक ठीक स्थिति क्या ह ?

श्री हाथी : इन बातों को तय करने के लिए, कि यह निगम कैसे बनाया जाये, इसके कृत्य क्या हों इत्यादि, एक समिति नियुक्त की गई है।

श्री एल० एन० मिश्र: टैकनिकल कर्मचारियों के बारे में, मैं यह जानना चाहता हूं कि नये मंत्रियों का कोई समिति स्थापित की गई है और क्या तब से अब तक इसकी कोई बठक हुई है ? उस विशेष समिति के निर्णय का क्या हुआ है ?

श्री हाथी : उस समिति की अभी बैठक नहीं हुई है। आप देखेंगे कि बोर्ड की बैठक अभी अक्टूबर १९५५ में ही हुई थी।

श्री एल० एन० मिश्र : विभिन्न नदी घाटी परियोजनाओं पर पड़ी फालतू मशीनरी के बारे में है, मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या फालतू मशीनरी को एक परियोजना से दूसरी को स्थानान्तरित करने के सम्बन्ध में कोई ठोस कार्यवाही की गई है, और यदि हां तो कहां ?

श्री हाथी : केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग में एक विशेष निदेशालय कार्य कर रहा है जो कि विभिन्न परियोजनाओं से फालतू मशीनरी के बारे में समस्त जानकारी प्राप्त करता है और सूचियां बनाता है और उन्हें विभिन्न परियोजनाओं को, जिन्हें इस मशीनरी की आवश्यकता होती है परिचालित करता है। आवश्यकता पड़ने पर मशीनरी का स्थानान्तरण कर दिया जायेगा।

श्री एस० एन० दास : क्या नियुक्त की गई समिति से एक निश्चित समय तक रिपोर्ट तैयार करने के लिये कहा गया ?

श्री हाथी : कोई समय निश्चित नहीं किया गया है।

रेशम

***१४ श्री ईश्वर रेड्डी** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में रेशम के मूल्यों को स्थिर करने के उद्देश्य से केन्द्रीय रेशक कीट-पालन बोर्ड ने रेशमी माल के आयात के प्रति अपना विरोध प्रकट किया है ; और

(ख) यदि हा, तो इस मामले म सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) इस सम्बन्ध में केन्द्रीय रेशम बोर्ड से हाल में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ । जुलाई-दिसम्बर १९५४ की अवधि से रेशमी कपड़े के आयात की अनुमति नहीं दी गई ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

श्री ईश्वर रेड्डी: रेशम के आयात पर यह प्रतिबन्ध कितने वर्षों तक जारी रखा जायेगा ?

श्री करमरकर : भविष्य में यह अभी से नहीं कहा जा सकता है । भविष्य की सम्भावनाओं को हम नहीं बता सकते ।

श्री नानादास : रेशम की स्थानापन्न वस्तुयें जैसे कि रेयान आदि, किस प्रकार तथा किस सीमा तक प्रतियोगिता कर रही हैं ; और सरकार अवांछनीय प्रतिस्पर्धा को रोकने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है ?

श्री करमरकर : यह सच है कि रेयान द्वारा प्रतिस्पर्धा की जा रही है । हम जो कार्य-वाही कर रहे हैं, उसके बारे में मेरे माननीय मित्र रेशम बोर्ड की अन्तिम रिपोर्ट को, जिस में पूरी जानकारी दी गई है, और जो सदन के पुस्तकालय में उपलब्ध है, पढ़ सकते हैं ।

श्री नानादास : हाथकरघा बुनकरों को कच्चा रेशम देने के बारे में वर्तमान संभरण स्थिति क्या है ?

श्री करमरकर : मुझे पूर्व सूचना चाहिये

राष्ट्रीय औद्योगिक विकास निगम

*१५. **श्री गोपाल राव:** क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री १९ अगस्त, १९५५ को दिये गये तारांकित प्रश्न संख्या ४८२ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि राष्ट्रीय औद्योगिक निर्माण विकास निगम ने देश में मशीनी औजार, डीज़ल इंजन और जनित्रों के निर्माण सम्बन्धी परियोजनाओं की अब तक जो जांच की है, उसका ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : राष्ट्रीय औद्योगिक विकास निगम ने यह राय प्रकट की है कि ९ अक्तूबर, १९५५ को होने वाली निदेशक बोर्ड की बैठक में इन उद्योगों सम्बन्धी परियोजनाओं की विस्तृत जांच की जाये । इस जांच को करने के लिए उपयुक्त विशेषज्ञों को प्राप्त करने के लिए कार्यवाही की जा रही है ।

श्री गोपाल राव : इस बात को ध्यान में रखते हुए कि यह विषय सारे देश के लिये महत्वपूर्ण है ; क्या सरकार काम में शीघ्रता लाने के हेतु कार्यवाही करने के लिए तैयार है?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : जी हां, सरकार अपनी सामर्थ्य के अनुसार सभी कुछ कर रही है । मैं यह भी बता दूं कि इस बात को ध्यान में रखते हुए कि एक समिति द्वारा, जिसे कि कुछ समय पूर्व इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किया गया था किये गये सर्वेक्षण के फलस्वरूप हमारे पास कुछ जानकारी है, सरकार स्वयं मशीनी औज़ार उद्योग के विकास की संभाव्यताओं की जांच करने के लिए एक समिति स्थापित करने की प्रस्थापना करती है ।

श्री वेलायुधन : क्या भारत में एक नया मशीनी औज़ार उद्योग स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : जी हां : यदि उस समिति की, जिसे बनाने का हमारा विचार है, रिपोर्ट से यह प्रकट हुआ कि हमें अधिक मशीनी औजारों की आवश्यकता है तो यह सम्भव है कि सरकार स्वयं सरकारी क्षेत्र में मशीनी औज़ार बनाना शुरू कर देगी

और गैर-सरकारी क्षेत्र में भी उन मशीनी औजारों के जिन्हें वह मितव्ययतापूर्वक बना सकते हैं निर्माण को प्रोत्साहन देगी ।

इंजीनियरी के सामान के लिये निर्यात संवर्द्धन परिषद्

*१६. **श्री हेडा** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करग कि :

(क) क्या सरकार ने इंजीनियरी के सामान के लिये एक निर्यात संवर्द्धन परिषद् की स्थापना कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो उसके सदस्य कौन कौन हैं ;

(ग) अब तक यह कार्य किस निकाय को सौंपा हुआ था ; और

(घ) उक्त परिषद् की स्थापना के कारण क्या ह ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) सरकार ने व्यापारिक और निर्माण कार्य करने वाले हितों को इंजीनियरी के सामान के लिये एक निर्यात संवर्द्धन परिषद् की स्थापना में सहायता की है ।

(ख) एक विवरण लोक-सभा पटल पर रखा जाता ह । **[देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या ५]**

(ग) और (घ). इस परिषद् की स्थापना करने का उद्देश्य इंजीनियरी के सामान के निर्यात व्यापार का पथप्रदर्शन और अभिवृद्धि करना था । इस परिषद् द्वारा किये जाने वाले कार्यों को बताने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है । **[देखिये परिशिष्ट १, अनुबन्ध संख्या ५]** इस परिषद् के बनाये जाने से पूर्व यह कार्य किसी निकाय विशेष को नहीं सौंपा गया था ।

श्री हेडा : वह किस प्रकार के इंजीनियरिंग सामान हैं जिनकी अच्छी खपत हो रही है या अच्छी खपत होने की सम्भावना है और वे देश कौन कौन से हैं जिनमें इनकी खपत हो सकती है ?

श्री करमरकर : निर्यात के लिये जो इंजीनियरी का सामान भारत दे रहा है उसमें से कुछ यह हैं, साइकिल और साइकिलों के पुर्जे और आवश्यक सामान, गैस लैम्पें इस्पात का बना फर्नीचर, इस्पात के बन ढांचे आदि ।

श्री हेडा : इस परिषद् की स्थापना का एक उद्देश्य एक-एक बाज़ार का अध्ययन करना है । कितने देशों का अध्ययन किया जा चुका है और उनके क्या परिणाम निकले हैं ?

श्री करमरकर : परिषद् की स्थापना अभी हाल ही म हुई है । बाज़ारों के अध्ययन के सम्बन्ध म हममे अपने मंत्रालय म कुछ कार्य किया था, किन्तु समय आन पर निर्यात परिषद् इस की जांच करेगी ।

श्री हेडा : पिछले दो-तीन वर्षों म कुल कितना निर्यात किया गया था ?

श्री करमरकर : मैं माननीय सदस्य को बताऊं कि भारत से प्रतिवर्ष निर्यात किये गये इंजीनियरी के सामान का मूल्य लगभग चार करोड़ रुपये आंका जाता है ।

श्री एम० एल० द्विवेदी : इस समय कौन कौन से देश हमारा सामान खरीद रहे हैं ?

श्री करमरकर : म पूर्व सूचना चाहूंगा ।

चाय

*१७. **श्री एन० एम० लिंगम** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री २१ सितम्बर, १९५५ को दिय गये तारांकित प्रश्न संख्या २०३२ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) द्वितीय पंचवर्षीय योजना में चाय के उत्पादन में वृद्धि करने के लिये क्या कार्यक्रम बनाया गया है ; और

(ख) कुल कितने एकड़ भूमि में खेती करने की प्रस्थापना की गई है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : (क) और (ख). द्वितीय पंचवर्षीय योजना में चाय के उत्पादन में वृद्धि करने के लिये कोई विशेष कार्यक्रम नहीं बनाया गया है। अनुमान यह लगाया जाता है कि सामान्य रूप से इस अवधि में २०,००० से २५,००० एकड़ नई भूमि पर खेती की जायेगी।

श्री एन० एम० लिंगम : भारत में भूतकाल में चाय का उत्पादन नगण्य होता रहा है जबकि अन्य देश इस के उत्पादन में बड़ी तेजी से विस्तार करते रहे ह। इस स्थिति को दृष्टि में रखते हुये, इसकी खेती को प्रोत्साहन देने के लिये सरकार क्या विशिष्ट कार्यवाही करने का विचार करती है ?

श्री करमरकर : की जाने वाली कार्यवाही इस समय विचाराधीन है। विकास योजना पारस्परिक परामर्श से तय की जाती है और हम देखते हैं कि चाय की खेती में वृद्धि करने के लिए जो रियायत दीं गई थी उसका पूर्णरूपेण लाभ नहीं उठाया गया था। विनियमन काल अर्थात, १९५०–५५ में सरकार द्वारा १३,५०० एकड़ के लिये दी गई अनुमति में से केवल ८३६ एकड़ में खेती की गई थी।

श्री एन० एम० लिंगम : क्या हम यह समझें कि सरकार ने इस मामले पर गम्भीरता-पूर्वक विचार नहीं किया है ; द्वितीय पंचवर्षीय योजना में हमें अत्यधिक विदेशी विनिमय की आवश्यकता है और यदि ये योजनायें शरू कर भी दी गई तो भी पैदावार तृतीय पंचवर्षीय योजना काल में ही जाकर हो सकेगी। क्या सरकार इस विषय में कोई शींघ्र निर्णय करेगीं ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : ऐसा ही विचार है।

श्री बी० डी० पाडे : क्या सरकार जानती है कि कुमाऊं की पहाड़ियों में चाय एक लाभपूर्ण उद्योग था ! क्या सरकार इन तरीकों की जांच करेगी और जो प्रणाली बहुत दिनों पहले चालू थी उसकी पुर्नजीवित करेगी ?

श्री करमरकर : मैं इसका पता लगाऊंगा और सभा को सूचित कर दूंगा।

पूर्वनिर्मित अस्पताल भवन

*१८. **श्री गिडवानी** : क्या **निर्माण, आवास और सम्भरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार में इंगलिस्तान की रीमा कन्सट्रक्शन कम्पनी की पूर्वनिर्मित अस्पताल भवनों के नौ खण्डों के निर्माण का कार्य सौंपा था ?

(ख) कम्पनी को भुगतान की गई "उपरि" राशि क्या थी ;

(ग) क्या लोक लेखा समिति ने यह कहा कि "सम्पूर्ण योजना पर आरम्भ से ही समुचित विचार नहीं किया गया था और उत्तरदायित्व निश्चित किया जाना चाहिये"। और

(घ) यदि हां, तो इस सिफारिश पर क्या कार्यवाही की गई है ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह): (क) जी हां।

(ख) २·६६ लाख रुपये।

(ग) जी हां।

(घ) स्वास्थ्य और वित्त मंत्रालय के परामर्श से इस विषय पर विचार किया जा रहा है।

श्री गिडवानी : क्या यह सच है कि कम्पनी को बिना किसी औपचारिक करारके ठेका दे दिया गया था ? यदि हां, तो औपचारिक करार क्यों नही किया गया था ?

सरदार स्वर्ण सिंह : इस उद्देश्य से एक पत्र भेजा गया था और उसी के अनुसार क़रार का अन्तिम प्रारूप तैयार किया गया था । किन्तु इसमें कुछ ऐसी बातें थीं जो सरकार तथा कम्पनी दोनों को स्वीकार्य नहीं थीं अतः अन्तिम क़रार कभी पूरा नहीं हो सका ।

श्री गिडवानी : क्या सरकार का ध्यान लोक लेखा समिति के पन्द्रहवें प्रतिवेदन की इस अभ्युक्ति की ओर आकर्षित किया गया है कि इस कार्य के निष्पादन में सामान्य लेखा-परीक्षा विधि का प्रयोग नहीं किया जा सका था क्योंकि लेखा परीक्षकों को न तो कोई अभिप्राय-पत्र ही दिया गया था और न कोई प्राक्कलन इत्यादि दिये गये थे । क्या मैं पूछ सकता हूं कि ऐसा क्यों नहीं किया गया था ?

सरदार स्वर्ण सिंह : लोक लेखा समिति का प्रतिवेदन अक्तूबर १९५५ के प्रारम्भ में प्राप्त हुआ था और वित्त मन्त्रालय के परामर्श से इसे स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा विचार विमर्श किये जाने के लिये भेज दिया गया है । शीघ्र ही इस प्रतिवेदन पर अन्तिम कार्यवाही की जायेगी ।

श्री गिडवानी : क्या यह सच है कि सार्थ को दी गई राशि केन्द्रीय जन कार्य विभाग के प्राक्कलन से दुगनी थी अथवा उस लागत की अपेक्षा दुगनी थी जो परम्परागत तरीके से इस कार्य के करने पर आती ?

सरदार स्वर्ण सिंह : यह विस्तार के विषय हैं जिनका उल्लेख लोक लेखा समिति के प्रतिवेदन में किया गया है जैसा कि मैंने पहले ही निवदन कर दिया है, कि एक नया प्रयोग किया गया था और इस विषय का पर्याप्त उच्च स्तर पर वित्त मन्त्री तथा स्वास्थ्य मन्त्री द्वारा परीक्षण किया गया था । यह कोई छः वर्ष पुरानी बात है। इसमें कुछ हानि अवश्य हुई थी । किन्तु उसे हमें नए प्रयोगों में साधारणतः होने वाली हानि ही मानना चाहिये ।

श्री केलप्पन : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या इस कम्पनी का हिसाब अन्तिम रूप से निपटाया जा चुका है ?

सरदार स्वर्ण सिंह : नहीं । कम्पनी के साथ कुछ विषयों पर अभी थोड़ा विवा द है ।

अभक्षणीय तेल

*१९. **श्री झूलन सिंह** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में कपड़ा धोने तथा नहाने का साबुन बनाने में कितना अभक्षणीय तेल प्रयुक्त होता है ; तथा

(ख) उपर्युक्त कार्य में इसके प्रयोग को अधिकाधिक लोकप्रिय बनाने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है या किये जाने की प्रस्थापना है ?

वाणिज्य मन्त्री (श्री करमरकर) : (क) यथार्थ सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(ख) यह ज्ञात हुआ है कि अखिल भारतीय खादी तथा ग्राम उद्योग बोर्ड ने स्थानीय रूप से उपलब्ध अभक्षणीय तेलों को प्रयोग में लाकर साबुन उद्योग के कुटीर क्षेत्र को विकसित करने की योजना बनाई है ।

श्री झूलन सिंह : क्या मैं अभक्षणीय तिलहनों की उपलब्धि की स्थिति को जान सकता हूं और इनका कितना भाग साबुन बनाने के लिये पेरा गया है ?

श्री करमरकर : मेरे पास अभक्षणीय तेलों के लिये पेरे गये तिलहन की मात्रा के वास्तविक आंकड़े तो नहीं हैं किन्तु मेरा अनुमान है कि नीम की निबौलियां अभक्षणीय तिलहनों में से तेल निकालने का एक अच्छा स्रोत हो सकती हैं ।

श्री एन० बी० चौधरी : क्या बिनौले का तेल भी अभक्षणीय तेल है ?

श्री करमरकर : यह अभक्षणीय है ; अश्रव्य नहीं ।

श्री ए० एम० थामस : क्या मैं जान सकता हूं कि अनुमानतः भक्षणीय तेल की कितनी परिमात्रा साबुन बनाने में प्रयुक्त की जाती है और इसमें गरी के तेल का अनुपात कितना है?

श्री करमरकर : इसके लिये सूचना चाहिये ।

इस्पात

*२०. **श्री आर० एन० सिंह** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस्पात की कमी की पूर्ति करने के लिये सरकार किन-किन देशों से इस्पात का आयात कर रही है ;

(ख) आजकल देश में कितने टन इस्पात की कमी है ; और

(ग) क्या द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अधीन निश्चित अधिक उत्पादन का लक्ष्य देश को इस्पात के विषय में आत्मनिर्भर बना सकेगा ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी) : (क) जापान, ब्रिटेन, अमेरिका, पश्चिमी जर्मनी, बेलजियम, फ्रांस, रूस और चेकोस्लोवाकिया ।

(ख) लगभग १६ लाख टन की ।

(ग) इस समय स्पष्ट रूप से यह कहना बहुत कठिन है कि १९६०–६१ में हमारी इस्पात सम्बन्धी आवश्यकता ४५ लाख टन से अधिक नहीं होगी ।

श्री आर० एन० सिंह : प्रथम पंचवर्षीय योजना में जो इस्पात पैदा करने का लक्ष्य था, क्या वह पूरा हो गया ?

अध्यक्ष महोदय : क्या प्रथम पंचवर्षीय योजना में निश्चित लक्ष्य पूरा हो गया है ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : इसके लिये सूचना चाहिये ।

श्री के० के० बसु : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या सरकार को नये कारखाने चालू होने तक हमारे देश की इस्पात की कमी का कुछ निश्चित अनुमान है और क्या इस कमी को पूरा करने के लिये भिन्न भिन्न देशों से किया जाने वाला इस्पात का आयात किसी दीर्घ-कालीन क़रार के अनुसार किया जायेगा अथवा वर्ष प्रति वर्ष किये गये क़रारों के अनुसार किया जायेगा ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : दो प्रश्न हैं । कमी के सम्बन्ध में, हम समय समय पर इसका अनुमान लगाते रहते हैं । जहां तक दीर्घ-कालीन क़रार करने का सम्बन्ध है, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि इस समय इस्पात का मूल्य अधिकतम सीमा तक पहुंचा हुआ ह मेरे विचार से ऐसा करना ठीक नहीं होगा ।

श्री टी० बी० विट्ठल राव : इस बात को ध्यान में रखते हुए कि 'थामस' इस्पात का मूल्य महाद्वीप में २५–३० प्रतिशत कम है और इसका प्रयोग रेलवे द्वारा भी किया जा सकता है क्या सरकार ने उसके आयात के लिये कोई योजना बनाई है ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : जहां तक 'थामस' इस्पात के २५–३० प्रतिशत सस्ते होने की बात है, मैं इस विचार से सहमत नहीं हूं । यह तो मूल्यों की इस आधार पर तुलना करने पर ही पता चल सकता है कि वह किस प्रकार का इस्पात है तथा हम उसे किस देश से

खरीद रहे हैं आदि । जहां तक रेलवे को इसको काम में लाने के लिये सहमत करने की बात है, हमें इस विषय में रेलवे प्रशासन से कुछ सहयोग प्राप्त हुआ था और इस समय एक परीक्षण किया जा रहा है ।

किराये का बकाया

*२१. **श्री एम० डी० जोशी :** क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अक्टूबर १९५५ के अन्त तक सरकारी इमारतों और सम्पत्ति का कुल कितना किराया बकाया था ;

(ख) क्या सरकारी कर्मचारियों से बकाया किराया वसूल करने के लिये कोई विशेष उपाय सोचे गये हैं ; तथा

(ग) यदि हां, तो उनका क्या परिणाम निकला है ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिह) : (क) अभी तक अक्तूबर १९५५ का लेखा बन्द नहीं किया गया है । सितम्बर १९५५ के अन्त तक का कुल बकाया २०,४५,३५९ रुपये १४ आने ११ पाई था ।

(ख) हां, एक बकाया किराया ग्रुपकी यह विशेष कार्य सौंपा गया है कि वह सब प्रकार की बकाया रकमों की पड़ताल करके उन्हें प्राप्त करने के लिये कार्यवाही करे ।

(ग) 'ख' में उल्लिखित उपर्युक्त ग्रूप ने लगभग २०,००० मामलों में से १३,७०३ में जो कि एस्टेट औफिस की किताबों में अक्तूबर १९४२ से मार्च १९५१ तक की अवधि में बकाया दिखाये हुए थे, बकाया किराया प्राप्त किया है । वित्तीय रूप से इसका यह अर्थ है कि(मार्च १९५१ तक) जो वकाया राशि २९,०२,९१९ रुपये ५ आने १० पाई थी वह ३,३७,८७७ रुपये १० आने ८ पाई रह गई अर्थात् २५,६५,०४१ रुपये ११ आने २ पाई की वसूली की गई ।

श्री ए० एम० थामस: क्या मैं पूछ सकता हूं कि यह बकाया हुआ कैसे ? क्या सरकारी कमचारियों से देय किराये की रकम को उनके वेत्तन में से काट लेने की कोई योजना नहीं है ?

सरदार स्वर्ण सिह : एक योजना है अवश्य किन्तु सभी योजनाओं के बावजूद भी बकाए-दार रह जात हैं और इसलिए बकाया की राशि बढ़ती जाती है ।

श्री केलप्पन : क्या मैं जान सकता हूं कि सरकारी कर्मचारियों और विभिन्न मंत्रालयों पर कितनी रक़म बकाया है ?

सरदार स्वर्ण सिह : सरकारी कर्मचारियों पर १५ लाख रुपये तथा गैर सरकारी व्यक्तियों पर ८८,००० रुपय बकाया ह । जहा तक कार्यालय स्थान का सम्बन्ध है, बकाया राशि २·२५ लाख रुपये ह । एक और मद "राज्य सरका ों इत्यादि को दिये गये निवास स्थान इत्यादि" के सम्बन्ध में बक़ाया राशि लगभग १·७२ रुपये है ।

मैं यहा यह कह दू कि इन राशियों के अफसरों के वेतनों से काटे जाने और इस वसूली की सूचना ऐस्टेट कार्यालय में दिये जाने में काफी समय लग जाता है । जब तक कि सूचना वस्तुत: प्राप्त नहीं हो जती। है तब तक ये राशियाँ ऐस्टेट कार्यालय के प्रलेखों में बकाया के रूप में दिखाई जाती हैं चाहे वास्तव में ये राशियाँ सम्बद्ध कर्मचारियों से उनके विभाग और खज़ानों द्वारा वसूल ही क्यों न कर ली गई हों । इन दोनों कार्यवाहियों के समयान्तर के कारण ५—७ लाख रुपये का अन्तर बढ़ सकता है ।

साइकिलें

*२२. **श्री के० पी० सिन्हा** : क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) द्वितीय पंचवर्षीय योजना में साइकिलों के निर्माण के लिये क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ख) क्या यह सच है कि उक्त लक्ष्य प्राप्ति के लिये नये कारखाने खोलने पड़ेंगे; और

(ग) यदि हां, तो इन नये कारखानों की संख्या तथा उन स्थानों के नाम जहां यह कारखाने स्थापित किये जायेंगे, क्या है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी): (क) और (ख) साइकिल विकास परिषद् ने १९६०–६१ के लिये १२·५ लाख साइकिलों के निर्माण का लक्ष्य स्वीकृत किया है ।

लक्ष्य अभी निर्धारित नहीं किया गया है और न ही लक्ष्य की पूर्ति के साधन वर्तमान इकाइयों की उत्पादन क्षमता को बढ़ा कर अथवा नई इकाईयों को प्रारम्भ करके निर्धारित किये गये हैं ।

(ग) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

श्री क० पी० सिन्हा : क्या मैं जान सकता हूं कि इस उद्योग की वर्तमान क्षमता कितनी है ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : आशा की जाती है कि इस वर्ष के अंत तक यह उद्योग कोई पांच लाख साइकिलें बनायेगा ।

श्री के० पी० सिन्हा : क्या मैं नई इकाईयों पर किये जाने वाले कुल विनियोज की राशि को जान सकता हूं ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : मैं सूचना चाहता हूं ।

श्री वी० पी० नायर : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या यह सच नहीं है कि इस समय आयात किये गये बहुत अधिक कच्चे माल का प्रयोग साइकिलें बनाने में किया जाता है और क्या मैं यह भी जान सकता हूं कि क्या सरकार के पास ऐसी कोई योजना है जिससे कि थोड़े समय में प्राथमिक कच्चे माल से प्रारम्भ करके हम भारत में शत-प्रतिशत स्वदेशी साईकिलें बना सकें ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : कतिपय इकाईयों के अनुसार आज साइकिलों के निर्माण में काम में आने वाले आयातित कच्चे माल का मूल्य २०और ३२ रुपये के बीच होता है । सरकार आशा करती है कि जब भारत में स्टील की नालियाँ नए लगेंगी––जो कि साइकिल बनाने के लिये काम में लाई जाती हैं और इसमें अभी दो वर्ष लगेंगे–तो यह बात भी काफ़ी कम हो जायेगी ।

श्री के० के० वसुक्या मैं जान सकता हूं कि जो लक्ष्य निधारित किये गये हैं वे देश की आवश्यकताओं के आधार पर आधारित हैं अथवा किन्ही निर्यात विषयक बातों पर भी विचार किया गया है ?

श्री टी० टी० कृष्णमाचारी : इस समय हमारी लक्ष्य निर्धाण की क्षमता देश की मांग तक ही सीमित है ।

हिन्दुस्तान गृह निर्माण कारखाना

*२३. **श्री एस० सी० सामन्त** : क्या **निर्माण आवास और संभरण** मंत्री २९ सितम्बर १९५५ को दिये गये तारांकित प्रश्न संख्या २३७५ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी गृह निर्माण कारखाने के अतिरेक भांडारों के सम्पूर्ण रूप से बेच दिया गया है ;

(ख) क्या भाडारों के अन्तिम रूप से बेच दिये जाने के लिये निर्धारित लक्ष्य तिथि का पालन किया गया है ;

(ग) भांडारों को बेचने के लिये नियुक्त संस्थापन और कमवारियों पर कितना व्यय हुआ है ; और

(घ) अतिरेक भांडारों के विक्रय से प्राप्त हुई कुल राशि कितनी है ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह) : (क) कुल अतिरेक भांडारों में से जिनका पुस्त मूल्य ३९.२६ लख रुपये था ३८.७४ लाख रुपये मूल्यके भांडार बेचे जा चुके हैं ।

भांडार बेचे जा चुके हैं ।

(ख) बचे हुए भांडारो को यथासम्भव शीघ्रता से बेचने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं किन्तु किसी प्रकार को लक्ष्य तिथि निश्चित नहीं की गई थो ।

(ग) अतिरेक भांडारों को बेचने क लिये रखे गये संस्थापन और कमचारियों पर ३१ अक्टूबर, १९५५ तक ९८,४०० रपये खर्च हुए

(घ) बहुत सो चोज़ों केमूल्य को वसूली न होने के कारण वास्तव में वसूल की गई कुल रांश को निश्चित नहीं किया जा सकता

श्री एस० सो० सामन्त : क्या यह सच नहीं है कि ३९.२६ लाख रुपये पुस्त मूल्यथा? क्या म जान सकता हूं कि अभी वास्तव म कुल कितनी रक़म वसूल की जानी है ।

सरदार स्वर्ण सिंह : सम्माननीय सदस्य ठीक कह रहे हैं कि यह पुस्त मूल्य ह, यही मैंने भाग (क) के उत्तर में कहा है । जहां तक वास्तव में वसूल की गई रक़मों का सम्बन्ध ह, मैंने इसका भाग (क) में उत्तर देने का प्रयत्न किया है और कहा कि मैं वास्तव में की गई वसूली के आंकड़े नहीं दे सकता क्योंकि बहुत चीज़ों के मूल्य अभी वास्तव में वसूल नहीं हुए हैं ।

श्री एस० सी० सामन्त : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा २.६९ लाख रुपये के मूल्य के एल्यू-मीनियम संघटक लिये गये हैं, और यदि हां, तो कब ?

सरदार स्वर्ण सिंह : यह तो थोरे की बात है । केन्द्रीय लोक निर्माण विमाग द्वारा जो भी वस्तुयें खरीदी जाती हैं उन सबकी जानकारी मैं नहीं रख सकता हूं । यदि उसने इस भांडार को लिया है तो निश्चय ही इसके लिये वकत्मन किया गया होगा ।

श्री एस० सी० सामन्त : क्या मैं जान सकता हूं कि क्या उत्सर्जन की जाने वाली वस्तुओं म कमी होने के साथ साथ कर्मचारियों के संख्या भी कम की गई थी ?

सरदार स्वर्ण सिंह : इस समय कर्मचारियों की संख्या बहुत ही कम है । केवल एक छोटा सा कमरा है जिसम थोड़े से लिपिक हैं । मेरा ख्याल ह कि कुल संख्या ५–६ से अधिक नहीं ह । मैं अपनो याद से कह रहा हूं ।

कुनैन

*२४. **श्री डी० सी० शर्मा** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री २६ जुलाई, १९५५ को दिये गये अतारांकित प्रश्न संख्या १९ के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि देशी कुनैन की क़िस्म आयात की गई कुनैन की तुलना में कैसी है ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : भारत में बनाई गई कुनन बी० पी० १९४८ के स्तर के अनुसार है और उसे आयात की गई कुनेंनजैसा ही अच्छा बताया जाता है ।

श्री डी० सी० शर्मा : भारत में बनाई गई कुनेन की किस्म का निश्चय करने के लिए सरकार के पास क्या साधन हैं !

श्री करमरकर : मुझ वास्तविक नाम तो याद आ नहीं रहे हैं परन्तु कुछ ऐसे अभिकरण हैं ो हमारे लिए इस कार्य को करते ह ।

श्री डी० सी० शर्मा : क्या सिन्कोना के उन बागानों म, जो कि मद्रास और पश्चिम बंगाल के राज्यों म लगाये गये थे, उत्पादन बन्द हो गया है, और यदि हां, तो इसका क्या कारण है !

श्री करमरकर : सिन्कोना बागानों के सम्बन्ध म मुझ पूर्व सूचना चाहिए ।

श्री डी० सी० शर्मा : समुद्र पार देशों से जो कुनन आयात की जाती है उसकी परिमात्रा और धन के रुप म उसका मूल्य क्या है ।

श्री करमरकर : जी हां, श्रीमान् । म उन्हें अप्रल, १९५५ से सितम ४, १९५५ तक के नवीनतम आंकडे दे सकता हूं इस अवधि म आयात की गई कुनन की परिमात्रा ५,००० पौंड थी, और इसका मल्य १,०२,००० रुपये था । अप्रल से सितम्बर, १९५५ तक की अवधि में आयात को गई पल्युड्रीन के मूल्य सम्बन्धी आंकडे भी मेरे पास हैं, यह राशि ३,५४,००० रुपये है ।

श्री सी० डी० शर्मा : जब कि यह कहा जाता है कि देश में बनाई गई कुनैन की किस्म अन्य देशों से आयात की गई कुनन जैसी ही ह, तो फिर अन्य देशों से कुनन आयात करने की आवश्यकता ही क्या है ?

श्री करमरकर : यह केवल एक संकेतिक आयात ही ह ।

ग्रामों को नया रूप देना

*२५. **श्री विभूति मिश्र** : क्या **निर्माण आवास और संभरण** मंत्री यह बतान की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय गांवों को वज्ञानिक ढंग से नया रूप देने के लिए कोई योजना बनाई गई है,

(ख) यदि हां, तो यह योजना भारतीय गांवों के हित में कहां तक फलप्रद हुई है, और

(ग) उन स्थानों के क्या नाम हैं जहां यह योजना लागू की गई है ?

निर्माण, आवास और संभरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिह) : (क) से (ग). यह स्पष्ट है कि कोई एक योजना सारे देश में एक रुप में लागू नहीं हो सकती । प्रादेशिक सरकारें, जिनका देहाती आवास से मुख्यतः सम्बन्ध है, गांवों को नया रुप देने की योजना में बनाते समय स्थानीय आवश्यकताओं को निस्सन्देह ध्यान में रखेंगी ।

नमन के मकानों के कुछ बुनियादी प्राकल्प (डीजाइन बनाए गए हैं और समुदाय योजना प्रशासन के लिए निकाली गई "देहाती आवास एक प्रारूप पत्रिका" नाम की पुस्तिका में विभिन्न गांवों म अपनान के लिए अभिन्यासों (लआ-ऊट्स), मकानों और समूदाय केन्द्रों के नक्शे दिये गये हैं । हम राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पप्सू और पंजाब में सम्बन्धित अधिकारियों को उन राज्यों में कुछ नमूने के गांवों को बनाने का समय समय पर परामर्श देते रहते हैं ।

श्री विभूति मिश्र : गांवों की गरीबी को दखते हुए और केन्द्रीय सरकार ने जो बुकलेट इशू किया है उसको देखते हुए क्या गवनमेंट का यह ख्याल है कि गांवों के लोग उसके मुताबिक अपने गांवों को रिमाडल कर पाएंगे । यदि हां, तो सरकार उसके लिए क्या उपाय कर रही है

सरदार स्वर्ण सिंह : जी हां, खयाल तो है कि गांवों को जरूर रिमाडल कर पायेंगे।

श्री विभूति मिश्र : गांवों की जैसी सैनिटरी हालत है उसको देखते हुये क्या केंद्रीय सरकार राज्य सरकारों को कोई आदेश जारी करेगी या किये गये हैं कि गाँवों की सैनिटरी कंडिशंस को किस तरह सुधारा जाये ?

सरदार स्वर्ण सिंह : जी हां, प्रान्तीय सरकारें इस विषय में विचार कर रही है और सैंट्रल गवर्नमेंट को कोई जरूरत महसूस नहीं हुई कि कोई खास हिदायत इस बात के मतालिक जारी करे ।

लाला अंचित राम : क्या माननीय मंत्री जी बतलायेंगे कि पंजाब और पेप्सू म जो हाल ही में फ्लड आये थे और उनम कई घर नाश हो गये थे, क्या उन गाँवों में माडल हाऊसिस बनाने के लिये गवर्नमेंट ने कोई स्कीम तैयार की है या क्या वह प्रांतीय सरकारों को माडल हाऊसिस बनान के लिये कुछ रुपया देने का विचार कर रही ह ?

सरदार स्वर्ण सिंह : सैंट्रल गवर्नमेंट ने इस विषय में कोई खास स्कीम तैयार नहीं की है ।

भारत का निर्यात व्यापार

*२८. **श्रीमती मायदेव** : क्या **वाणिज्य तथा उद्योग** मंत्री ५ सितम्बर, १९५५ के दिये गये तारांकित प्रश्न संख्या १४५४ के उत्तर के सम्बम्ध में यह बतान की कृपा करेंगे कि भारत के निर्यात ब्यापार को उन्नत करने के उपाय कहां तक सफल रहे हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : निर्यात व्यापार पर निर्यात संवर्द्धन कार्यों के प्रभावों का सही अनमान लगाना असम्भव है । फिर भी यह महत्वपूर्ण है कि १९५४-५५ में हमारे कुल निर्यात ५७७.७६ करोड़ रुपयों का था, जो हमारे पिछल वर्ष के निर्यात से लगभग ५५ करोड़ रुपये अधिक था ।

श्रीमती मायदेव : क्या मैं जान सकती हूं कि कितने व्यापार सम्बन्धी शिष्टमंडल भजे गये थे और किन देशों को भेजे गये थे और क्या व भारतीय वस्तुओं के लिये काफी आर्डर ला सके थे ।

श्री करमरकर : निकट भूतकाल में सरकार ने निम्नलिखित शिष्टमंडल बाहर भेजे थे : श्री कस्तूरभाई लालभाई के नेतृत्व में एक रूस को, दूसरा श्री रघुरामैया, संसद् सदस्य के नेतृत्व में चीन और दूसरे पूर्व एशियाई देशों को और एक तीसरा श्री एम० पी० बिड़ला के नेतृत्व में और सूती वस्त्र निर्यात संवर्द्धन परिषद् द्वारा आयोजित होकर पश्चिमी एशियाई देशों को भेजा गया था । व आडर लान के लिये नहीं गए थे ।

श्रीमती मायदेव : क्या मैं जान सकती हूं कि क्या केवल एक ही केन्द्रीय निर्यात संवर्द्धन परिषद् है या ये परिषदें प्रत्येक राज्य में हैं ?

श्री करमरकर : मेरा विचार था कि मेरी आदरणीय मित्र को पता होगा कि प्रत्येक मुख्य वस्तु के लिए एक निर्यात संवर्द्धन परिषद् है ।

श्री राघवया : क्या मैं जान सकता हूं कि स्वतन्त्रता के उपरान्त भारत के निर्यात व्यापार में वृद्धि हुई है या कमी ?

श्री करमरकर : कभी यह बढ़ जाता है और कभी कम हो जाता है परन्तु कुल मिला कर हमारा निर्यात व्यापार अच्छी तरह से हो रहा है ।

श्रीमती मायदेव : पहले दिये गये एक विवरण से प्रतीत होता ह कि व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिये लगभग ९-१० तरीके

अपनाए गए थ । क्या मैं जान सकती हूं कि इन में से किसने व्यापार की उन्नति में अधिक अपेक्षतया संतोषजनक निष्कर्ष दिखलाए है ?

श्री करमरकर : मेरे विचार में मेरी आदरणीय मित्र ने इस बात की प्रशंसा की थी कि हम एक ही समय सब सम्भव तरीके अपना रहे हैं और इन सब तरीकों से अच्छा फल मिलने की आशा है । उदाहरणतः एक प्रदर्शनी को लीजिए । यदि आप प्रदर्शनी में भाग लें, तो उस देश के सब लोग उसकी प्रशंसा करेंगे । जैसा मैं अपने मुख्य उत्तर में कह चुका हुं, हमारे निर्यात व्यापार की वृद्धि की ठीक ठीक मात्रा और की गयी एक विशेष कार्यवाही के बीच का सम्बन्ध ठीक तरह से नहीं बताया जा सकता ।

चाय बागान

*२९. **श्री विश्वनाथ राय** : क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या भारत के कुछ चाय बागान अब भी विदेशी नागरिकों के स्वामित्व में हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री करमरकर) : जी हां ।

श्री विश्वनाथ राय : क्या मैं यह जान सकता हूं कि क्या सरकार को विदेशी नागरिकों के स्वामित्व वाले चाय बागानों की वार्षिक आय के बारे में कुछ पता है ?

श्री करमरकर : मेरे पास आय के अलग-अलग आंकड़े तो नहीं हैं परन्तु जहां तक निगमित समवायों का सम्बन्ध है मुझे पता चला है कि १९५४ में उनकी प्रदत्त पूंजी रु० ३४,८०,००,००० के लगभग थी ।

श्री विश्वनाथ राय : क्या मैं जान सकता हूं कि चाय बागानों की भूमि एकड़ों में कितनी है ?

श्री करमरकर : मैं जिन १२८ इकाइयों का उल्लेख कर रहा था, उनमें फसल का पंजीकृत क्षेत्र ४,५६,७३२ एकड़ है और चाय बागानों की संख्या ४२८ है ।

पंडित सी० एन० मालवीय : पिछले दो सालों में क्या कोई विदेशी टी एस्टेट्स (चाय बागान) हिन्दुस्तानियों के हाथ में ट्रान्सफर (हस्तांतरित) हुई हैं, अगर हुई हैं तो कितनी ?

श्री करमरकर : समझ में नहीं आया कि माननीय सदस्य ने क्या कहा है ?

अध्यक्ष महोदय : वह यह जानना चाहते हैं कि क्या विदेशी हित भारत को हस्तांतरित हुए हैं ?

श्री करमरकर : कुछ के सम्बन्ध में तो मैं समझता हूं कि ऐसा हुआ है, परन्तु जब तक मुझे इसके लिए पूर्व सूचना न मिले, तब तक इस सम्बन्ध में मैं निश्चित रुप से कुछ नहीं कह सकता ।

श्री के० के० बसु : क्या मैं यह जान सकता हुं कि पिछले तीन वर्षों में इन विदेशी संस्थाओं की औसत लाभांश-दर कितनी रही है ?

मैं यह भी कह दूं कि समाचार-पत्र किसी व्यक्ति या कम्पनी द्वारा चलाये जाने वाले व्यवसाय भर नहीं । समाचार-पत्र जनमत बनाने के साधन भी हैं । उनका दावा है कि वे जनमत के ऐसे साधन हैं, जिनके द्वारा जनता की हर तक़लीफ़ की वाणी मिल सकती है । समाचार-पत्रों के माध्यम से हर कोई किसी के भी विरुद्ध अपनी तकलीफ के बारे में कह सकता है। इस हद तक, समाचार पत्र सामाजिक संस्थाओं की तरह हैं । मेरा विचार है कि राष्ट्रीय हित के दृष्टिकोण से जनमत बनाने के ये साधन, जनहित की ये संस्थायें एक उचित रूप म चलें । वे इस तरह चलाये जायें कि उनके व्यावसायिक पक्ष, उनके संगठन तथा ढांचे से सम्बन्धित हर चीज़ स्पष्टतया सामने रहे और उसमें कुछ भी गड़बड़ी न हो ।

यह कोई बिलकुल अजीब सी बात नहीं है । माननीय सदस्य जानते हैं कि बाहर के देशों में आज भी समाचारपत्रों के लिये समय-समय पर अपने स्वामित्वाधिकारी हितों, अपने प्रमुख स्वामियों के नाम और उनके कार्यपालक प्राधिकारों का बताना अनिवार्य है । अधिकांश देशों में यह अनिवार्य है । और, संयुक्त राज्य अमरीका जैसे देश में भी, जहां समाचारपत्रों की स्वतंत्रता एक अत्यन्त ही महत्वपूर्ण बात समझी जाती है, यह अनिवार्य है । इसी लिये ऐसा नियम बनाने वाले किसी भी विधान के सम्बन्ध में यह नहीं समझना चाहिये कि वह परोक्ष रूप से समाचार-पत्रों की मनमानी करने की स्वतंत्रता पर कुठारघात करता है । कुछ व्यक्तियों और विशेषकर स्वामित्वाधिकार वाले समाचार पत्रों द्वारा यही दावा किया गया है। जहां तक उनके मत के व्यक्तीकरण का प्रश्न है , निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि इस विधान का उससें कोई भी सम्बन्ध नहीं है । लेकिन , जहां तक समाचारपत्रों द्वारा उनके व्यावसायिक क्षेत्र में मनमानी करने का प्रश्न है, वहां इस बात पर निश्चित रूप से नज़र रखी जायेगी कि वे कुछ गलत या गड़बड़ी का काम न कर सकें । और निश्चित रूप से , पंजीयन करने वाले केन्द्रीय अधिकारी को रखने का उद्देश्य भी यही है । हाल ही में यह बिलकुल स्पष्ट भी हो चुका है । सदस्यगण जानते हैं कि कुछ लेन-देन के मामलों में जब एक प्रमुख समाचार पत्र संस्था की जांच -पड़ताल का काम शुरू किया

गया था, तब सभी समाचारपत्रों में इस बात पर बहस चल पड़ी थी कि उस प्रमुख समाचार पत्र का वास्तविक स्वामी कौन था। अब तक यह बात स्पष्ट नहीं हो सकी है। ऐसे उदाहरणों से यह स्पष्ट हो जाता है कि इन मामलों में समाचार-पत्रों के लिये यह अनिवार्य बना देना चाहिये कि वे जनता को अपने वास्तविक स्वामियों, पत्र चलाने वाले वास्तविक व्यक्तियों का नाम बतायें यह आवश्यक है। उन्हें आगे बढ़ कर कहना चाहिये कि इसमें व्यक्त किया गया मत हमारा अपना मत है। वे अपने मत के उत्तरदायित्व से इन्कार क्यों करें, या इसे अदृश्यता के पर्दे में क्यों छिपायें कि जनमत बनाने के इस साधन के द्वारा मत व्यक्त करने वाले लोग कौन से हैं? मैं नहीं समझता कि इसमें कुछ गलत है। हां, यदि किसी को कुछ छिपा कर रखना है तो वह दूसरी बात है। वैसे तो हर एक को इसे उचित और वैध मानना ही चाहिये।

यह विधेयक पूर्णरूप से आंकड़ों से ही सम्बन्धित है। इस लिये, मेरे विचार से तो इसे बिलकुल दैनिक कार्य का ही एक विधेयक माना जाना चाहिये। इस विधेयक को तो अभी तक संविधि-पुस्तक पर लिखा जाना चाहिये था, लेकिन हम प्रेस आयोग के मत की राह देखते रहे थे। अब उनका मत हमें मालूम हो चुका है, और इस लिये इस विधेयक को जल्दी ही विधान का रूप देने के लिये संसद् के सामने रखा जा रहा है। मैं नहीं समझता कि इसमें कोई महत्वपूर्ण सिद्धान्त आड़े आरहा है। यह तो एक दैनिक कार्य जैसा विधान है, जो आवश्यक तो है पर इतना अधिक महत्वपूर्ण नहीं।

इसमें सांख्यकीय अधिकारी के संबन्ध में रखे गये अधिकांश उपबंध १९५३ के सांख्यकी संग्रह अधिनियम से लिये गये हैं। उनमें बहुत थोड़े रद्दोबदल किये गये हैं। असल में देखा जाये तो इस विधेयक में जो प्राधिकार दिया गया है वह शायद उस अधिनियम में दिये जाने वाले प्राधिकार से कुछ कम ही है। हमने सोचा यह था कि समाचार पत्रों के मामलों में अति करने से कहीं अच्छा होगा अपनी ओर से सावधानी में कुछ कमी करना।

इस विधेयक और इसके उपबन्धों पर विभिन्न हितों वाले लोगों के साथ चर्चा की जा चुकी है। हमने न्योता दिया था कि यदि उन्हें इस विधेयक के उपबन्धों के बारे में कोई आपत्ति हो तो वे अपने दृष्टिकोण हमारे सामने रखें। काफी लम्बी चर्चा चली थी। उन्हीं चर्चाओं को ध्यान में रखते हुए हमने सभा के सामने दो या तीन संशोधन प्रस्तुत किये हैं। उनसे यह विधेयक और भी स्पष्ट हो जाता है, और उन से इस विधेयक में दो एक महत्वपूर्ण उपबन्ध भी और जुड़ जाते हैं।

मैं कह सकता हूं कि बाद में जोड़े जाने वाले इन उपलब्धों में से एक आंकड़ों को गुप्त रखने के बारे में है। कई समाचार पत्रों ने हमारे सामने यह प्रस्तुत किया था कि वास्तविक बिक्री के आंकड़ों जैसी बातों को समाचार पत्र बड़ी मुस्तैदी से गुप्त बनाये रखते हैं। और यदि उसे जनता को बता दिया जाये तो उसके प्रतिद्वन्द्वी पत्र उसका लाभ उठा लेंगे। जहां तक विज्ञापनों का, और समाचार पत्रों से सम्बन्धित अन्य सभी बातों का सम्बन्ध है, जिन्हें सरकार अपनी जानकारी के लिये तो रखना चाहेगी पर जिन्हें जनता को बता देना उन पत्रों के हितों में न होगा, यह आवश्यक है कि यह जानकारी गुप्त रखी जाये। इसीलिये, हमने गुप्त रिकार्ड रखने के बारे में उपबन्ध जोड़ा है। वास्तव में, यह उपबन्ध

[डा० केसकर]

१९५३ के सांख्यकी संग्रह अधिनियम से लिया गया है।

दूसरी बात है रिकार्डों तक लोगों की पहुंच के बारे में । सांख्यकी संग्रह अधिनियम में एक धारा है जिसके अन्तर्गत कोई भी अधिकारप्राप्त व्यक्ति यह जांचने के लिये रिकार्ड देख सकता है कि उसमें जुटाया गया कोई तथ्य विशेष, या कुछ तथ्य सही हैं या नहीं । रिकार्डों तक की इस पहुंच के बारे में, समाचार पत्रों ने आपत्ति की थी कि इस से गलत फ़ायदा उठाया जा सकता है, या इसे दूसरे कामों के लिये प्रयुक्त किया जा सकता है ।

डा० लंका सुन्दरम् (विशाखपटनम्): किस के द्वारा ?

डा० केसकर : उनका विचार है कि सरकार द्वारा ही ऐसा होगा । लेकिन, मैं नहीं समझता कि कभी ऐसी स्थिति पैदा होगी । फिर भी उसे बिलकुल सुनिश्चित बनाने के लिये, हमने एक संशोधन प्रस्थापित किया है कि इस प्रकार का अधिकारप्राप्त व्यक्ति कभी भी गजटेड (घोषित) पदाधिकारी की श्रेणी से नीचे का नहीं होगा । इसीलिये, वह अधिकारी एक जिम्मेदार व्यक्ति होगा । और वह अधिनियम द्वारा निश्चित की गई बातों के अनुसार ही अपनी जांच पड़ताल करेगा । वह कोई ग़ैर-जिम्मेदार (अनुत्तरदायी) व्यक्ति नहीं होगा ।

तृतीय संशोधन, जिसका हमने प्रस्ताव रखा है, दण्ड के सम्बन्ध में है । प्रामाणिक तथ्य प्राप्त करने के लिये इस प्रकार के उपबन्ध की आवश्यकता थी कि जो कोई व्यक्ति झूठी जानकारी देगा, उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी । यह उपबन्ध भी १९५३ के सांख्यकी संग्रह अधिनियम से लिया गया है । अतः, यह कोई नई चीज़ नहीं है ।

एक अन्य संशोधन के द्वारा हम चाहते हैं कि इस अधिनियम के अन्तर्गत जितने भी नियम बनाये जायें, वे सब संसद् के समक्ष रखे जायें ।

मैंने बहुत ही संक्षेप में इस विधेयक की मुख्य बातों का उल्लेख किया है । विधेयक स्वयं में बहुत ही छोटा है । मुख्य प्रश्न एक केन्द्रीय पंजीयन प्राधिकार के नियुक्त करने का है, जिसको यह अधिकार हो कि वह उसी प्रयोजन के लिये राज्य पंजीयकों की नियुक्ति कर सके । इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि समाचार पत्र और पत्रिकाओं के सम्बन्ध में सारे आंकड़े एकत्र किये जा सकें, जिससे किसी भी समय हमें समाचार पत्रों के बारे में सारे प्रामाणिक तथ्य और आंकड़े तैयार मिल सकें ।

विधान बहुत ही छोटा है । इसमें कोई बहुत बड़ा सिद्धान्त निहित नहीं है । अतः मुझे आशा है कि सभा इसको यथाशीघ्र पारित करेगी ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ ।

डा० लंका सुन्दरम् : व्याख्यात्मक ज्ञापन में प्रस्तुत विधेयक को पूर्णरूपेण प्रक्रियात्मक बताया गया है । यद्यपि इसका सम्बन्ध केवल सांख्यकी के एकत्रीकरण से ही है, किन्तु इस विधेयक में और भी बहुत सी महत्वपूर्ण बातें अन्तर्ग्रस्त हैं । इस विधेयक की उत्पत्ति प्रेस आयोग की सिफारिशों के उपरान्त हुई है, अतः इस बात की आशा थी कि इससे भी अधिक उत्तम तथा व्यापक विधेयक प्रस्तुत होगा ।

मैं अपनी बातें अत्यन्त संक्षेप में कहूंगा । मैं सभा को बताना चाहता हूं कि इस विधेयक के उपबन्ध स्वयं आयोग के द्वारा ही की गई कुछ सिफारिशों के अनुसार नहीं हैं ।

अभी माननीय मंत्री ने बताया कि कुछ विशेष कारणों से पंजीयक को जानकारी के प्रवर्ग एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है। आयोग ने जिन बातों की सिफारिश की है, उनके सम्बन्ध में इस विधेयक में कोई उपबन्ध नहीं किया गया है। उदाहरणतः आयोग ने इस बात की सिफारिश की है कि पंजीयक के कार्यालय से उपयुक्त रूप-भेदों सहित भारतीय समवाय अधिनियम के अन्तर्गत विहित फार्मों पर परीक्षित लाभ तथा हानि लेखों और स्थिति-विवरणों की जानकारी, कर्मचारियों का पूर्ण विवरण, प्रत्येक जिले तथा नगर में समाचार पत्रों के संचालन का विवरण अवश्यमेव उपलब्ध होना चाहिये। मुझे यह कहते हुये खेद हो रहा है कि माननीय मंत्री ने इन सिफारिशों की उपेक्षा की है।

जहां तक आयोग की सिफारिशों का सम्बन्ध है, इस विधेयक में एक और महत्वपूर्ण बात की कमी रखी गई है। यह विधेयक समाचार अभिकरणों (एजन्सियों) पर लागू नहीं किया गया है। इससे इस विधेयक का क्षेत्र बहुत सीमित रह जायगा। मैं आशा करता हूं कि इस अन्तिम अवस्था में भी प्रासंगिक संशोधनों द्वारा माननीय मंत्री इस विधेयक को समाचार अभिकरणों पर लागू करने की कोशिश करेंगे। मेरा विश्वास है कि मेरे इस सुझाव से समस्त देश तथा सम्पूर्ण समाचारपत्र व्यवसाय सहमत हैं, क्योंकि समाचार अभिकरणों के प्रति की गई इस उपेक्षा का काफी विरोध किया गया है।

यहां पर, मैं भारतीय तथा पूर्वी समाचारपत्र संस्था के अध्यक्ष, श्री निर्मल घोष द्वारा माननीय मंत्री को लिखे गये एक पत्र की ओर सभा का ध्यान आकर्षित करता हूं। इस पत्र से यह स्पष्ट होता है कि समाचारपत्र संसार, मुख्यतः एकाधिकार प्राप्त किया हुआ इसका एक भाग, सरकार के द्वारा की गई कार्यवाही के विरोध में है और सम्भवतः समाचार पत्र जगत के इसी विरोध के कारण ही माननीय मंत्री ने प्रेस आयोग की सिफारिशों की उपेक्षा की।

सभा को यह स्मरण रहे कि इस पंजीयक के अलावा काम करने के लिये प्रेस परिषद् भी है, जो कि उपयुक्त जानकारी के अभाव में काम नहीं कर सकती। अतः प्रेस आयोग ने मेरे द्वारा बताई गई जानकारी देने की जो सिफारिश की है, उसे मानना ही चाहिये। इसीलिये मैं साहसपूर्वक यह कहता हूं कि इस अन्तिम अवस्था में भी माननीय मंत्री को उन सिफारिशों को इस विधेयक के उपबन्धों में समाविष्ट करने के लिये सहमत हो जाना चाहिये ताकि पंजी में व्यापक रूप में जानकारी दी जा सके और प्रेस परिषद् उससे लाभ उठा सके।

मैं कुछ सुझाव देता हूं और विश्वास करता हूं कि माननीय मंत्री चर्चा की इस अन्तिम अवस्था में भी उसको मानेंगे। पंजी में इस प्रकार जानकारी देनी चाहिये :

(क) सरकार द्वारा विहित रूप में और विवरणों सहित परीक्षित लाभ तथा हानि लेखे और स्थिति-विवरण की प्रतियां।

(ख) सरकार द्वारा विहित रूप में ग्राहकों की सूची।

(ग) प्रत्येक वर्ष के अन्त में कर्मचारियों की सूची, उनका वर्गीकरण, उनके वेतनक्रम, अवकाश नियम, आदि।

(घ) उन कर्मचारियों की संख्या जो निकाले गये और जिन्होंने नौकरी छोड़ दी और जो धनराशि उनको दी गई उसका विवरण।

इस प्रकार की जानकारी देना परमावश्यक है, ताकि समाचारपत्र व्यवसाय में लगे हुये कामकरों के साथ उचित व्यवहार हो सके।

मैं एक बात पर विशेषरूप से जोर देना चाहता हूं। प्रेस का एकाधिकार-

[डा० लंका सुन्दरम्]

प्राप्त भाग समाचारपत्र व्यवसाय के लिये ही हानिकर नहीं, अपितु देश की सारी जनता के लिये हानिकर है । भारत में समाचारपत्र उद्योग अधिकांशतः एकाधिकार के आधार पर ही चल रहा है । मैं प्रेस का विनाश नहीं चाहता, अपितु इसका सुधार चाहता हूं । इसके सुधार के लिये मेरे द्वारा बताई गई जानकारी प्राप्त करना परमावश्यक है और यह तभी सम्भव है, जब चर्चा की इस अन्तिम अवस्था में भी इस विधेयक में उपयुक्त संशोधन किये जायें । मुझे आशा है कि माननीय मंत्री उन संशोधनों को अस्वीकार नहीं करेंगे ।

श्री एम० एस० गरुपादस्वामी (मैसूर) : मैं अनुभव करता हूं कि यह विधेयक बड़ा सीधा सादा है । मैं तो आशा करता था कि इस में प्रेस आयोग की सभी सिफारिशें समाविष्ट करली जायेंगी परन्तु ऐसा नहीं किया गया है। डा० लंका सुन्दरम् ने बताया है कि प्रेस आयोग की कुछ सिफारिशों को छोड़ दिया गया है किन्तु मैं यह समझता हूं कि उन्हें जान बूझ कर छोड़ दिया गया है । मैं समझता था कि लोगों को प्रेस जगत की वास्तविक स्थिति का पता लग जायेगा । हमारा सम्बन्ध प्रेस द्वारा प्रकाशित या मुद्रित प्रतियों से ही न होकर मालिकों ने कितना विनियोग किया है इससे भी है । बहुत से प्रेस मालिकों का कहना है कि बहुत धन लगाने के कारण उन्हें बहुत हानि हुई थी और इस प्रकार वे आय कर और अन्य करों का भुगतान करने से बचते हैं। इस दृष्टि से विभिन्न प्रेसों में विनियोजित धन के आंकड़े एकत्र किये जाने चाहियें । मेरे विचार से समाचार-पत्रों के प्रकाशन और वितरण सम्बन्धी आंकड़ों की अपेक्षा इस सूचना का संकलन करना बहुत आवश्यक है। प्रेस के मालिकों और कर्मचारियों के हितों के आंकड़े भी होने चाहियें। इस विधेयक में इसचीज़ को भी सम्मिलित किया जाना चाहिये ।

एक बात मुझे विज्ञापन ऐजेंसियों के सम्बन्ध में यह कहनी है कि देश के विज्ञापनों पर अधिकांशतः विदेशी विज्ञापन एजेंसियों का नियंत्रण है । हमें इन विज्ञापन एजेंसियों का विस्तृत ब्यौरा ज्ञात नहीं है । इस कारण मैं समझता था कि इस विधेयक में इसके आंकड़ों के संकलन की भी व्यवस्था की गई होगी ।

वित्तीय ज्ञापन से पता लगता है कि लगभग ७०,००० रुपये इस व्यवस्था पर व्यय किये जायेंगे । मैं यह चाहूंगा कि इस धन राशि का सद्व्यय कियाजाये क्योंकि भारतीय समवाय विधि के अधीन का करने वाले पंजीयकों ने अपने कर्तव्य का पालन न कर के हमारे मन में ऐसा संदेह करने का कारण उत्पन्न कर दिया है । प्रेस पंजीयकों के मामलें में उसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिये ।

मैं कुछ बातों से तो सहमत हूं किन्तु इस उपबन्ध से सहमत नहीं हूं कि उन सभी व्यक्तियों को जिनके समाचार-पत्रों की बिक्री ५० प्रतिशत कम हो जाये नया प्रतिज्ञान पत्र प्रस्तुत करना होगा । मेरी समझ में इस उपबन्ध का कारण नहीं आया है । यह बात तो मैं समझा हूं कि बिक्री में हुई कमी की सूचना पंजीयक को दी जाये किन्तु यह मैं नहीं समझ सका हूं कि जिलाधीश के सम्मुख नया प्रतिज्ञान-पत्र क्यों प्रस्तुत किया जाये । समाचार-पत्र की बिक्री घटे या बढ़े इसके लिये दूसरा प्रतिज्ञापन-पत्र प्रस्तुत कराना अनावश्यक है । यदि समाचार-पत्र बराबर निकलता रहा हो तो इसकी बिल्कुल आवश्यकता नहीं रह जाती है । मेरी समझ से समाचार-पत्र के मुद्रक या प्रकाशक के मार्ग में इससे कुछ कठिनाई ही उपस्थित होगी ।

अन्य उपबन्धों के सम्बन्ध में मैं प्रेस आयोग की सिफारिशों से सहमत हूं, किन्तु मुझे खेद है कि इस विधेयक में उक्त आयोग की सभी सिफारिशों को सम्मिलित नहीं किया गया है । माननीय मंत्री ने इस विधेयक को जितना व्यापक बनाना चाहिये था उतना

नहीं बनाया है। इतनी सरलता इस विधयक में नहीं होनी चाहिये थी। मुझे इस चीज से बड़ी अशान्ति है।

श्री एच० एन० मुकर्जी (कलकत्ता उत्तर-पूर्व) : यह विधेयक महत्वपूर्ण है। माननीय मंत्री के इस कथन को भी मैं मान सकता हूं कि उन्होंने कुछ हद तक प्रेस आयोग की सिफारिशों का परिपालन किया है। मेरा विचार है कि सन् १८६७ के अधिनियम के संशोधन के संबंध में प्रेस आयोग के प्रतिवेदन में जो सविस्तार विचार प्रकट किये गये हैं उनके अतिरिक्त प्रेस आयुक्त के प्रतिवेदन का साधारण तात्पर्य तथा देश की भावना यह रही है कि इस देश में प्रेस के सम्बन्ध में, वास्तव में कोई संशोधक विधान न बनाया जा कर एक व्यापक विधि बनाई जाये। मेरे ऐसा कहने का कारण यह है कि जिस भावना से सन् १८६७ का विधान बनाया गया था वह वर्तमान भावना के प्रतिकूल थी। इसी कारण यह आवश्यक है कि प्रेस आयोग की उपपत्तियों के आधार पर प्रेस के सम्बन्ध में एक व्यापक संहिता बनाई जाये। अतएव मैं देखता हूं कि इस संशोधक विधेयक में प्रकाशन पर लगे प्रतिबन्धों में कुछ वृद्धि ही की गई है। साधारणतः मैं प्रतिबन्धों में की गई इस वृद्धि से पूर्णतया सन्तुष्ट नहीं हूं। मेरी समझ में नहीं आता कि चक्रमुद्रण (साइक्लोस्टाइल्ड) तथा शिलामुद्रण को ऐसी उपेक्षा की दृष्टि से क्यों देखा जाता है। मैं यह महसूस करता हूं कि आंकड़ों के संकलन के लिये सरकार को यह जानना आवश्यक है कि देश में कौन सी रचनायें प्रकाशित हो रही हैं आदि। परन्तु हमारी विशेष परिस्थितियों में सदैव यह आवश्यक नहीं है कि सरकार के पास शिलामद्रण और चक्रमुद्रण द्वारा प्रकाशित की रचनाओं के ठीक-ठीक आंकड़े हों। इसी कारण मैं महसूस करता हूं कि चक्रमुद्रित (साइक्लोस्टाइल्ड) और शिलामुद्रित प्रलेखों के सम्मिलत किये जाने पर आपत्ति उठाई जानी चाहिये तथा पुस्तकों के पंजीयन के बारे में और भी उदार उपबन्ध बनाये जाने चाहिय।

एक अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि मंत्री महोदय ने प्रेस पंजीयक की नियुक्ति और उसके कार्यों के बारे में प्रेस आयोग की सिफारिशों को माना है परन्तु कुछ अन्य सिफारिशों का विधेयक में उल्लेख तक नहीं किया गया है। प्रेस आयोग ने अपने प्रतिवेदन के खण्ड ३ के एक परिशिष्ट में कुछ उन विवरणों का उल्लेख किया है जिनकी सूचना पंजीयक को दी जानी चाहिये। अतएव यह आवश्यक है कि प्रेस आयोग का इस सिफारिश को कार्यान्वित किया जाये। उद्देश्य तथा कारणों के विवरण में भी इसका कोई कारण नहीं बताया गया है कि प्रेस आयोग को कतिपय सिफारिशों को क्यों कार्यान्वित नहीं किया गया है। यदि यह अपेक्षित है कि प्रेस पंजीयक तथा उसका विभाग अपने कार्यों का उचित रूप से निर्वहन करे, तो प्रेस आयोग द्वारा उपबन्धित विवरणों का दिया जाना अनिवार्य है। अतः मेरा विचार है कि पुस्तकों और पत्रों के पंजीयन का यह एक अव्यवस्थित ढंग है। मैं महसूस करता हूं कि इन उपबन्धों के सम्बन्ध में कुछ उदारता से काम लिया जाना चाहिये तथा प्रेस पंजीयक को दिये गये अधिकारों को लागू करने के बारे में नौकरशाही के विरुद्ध कुछ संरक्षण दिया जाना चाहिये। यदि मंत्री महोदय यह चाहते हैं कि यदि विधेयक में कुछ चीजें बढ़ाई जायें या कुछ परिवर्तन किये जायें, और यदि वह प्रेस आयोग की सिफारिशों का पूर्णतया परिपालन करें तो निश्चय ही जो विधि उन्होंने प्रस्तुत की है उसके लिये उन्हें इस समय की अपेक्षा सभा का अधिक समर्थन प्राप्त होगा।

श्री टी० एन० सिंह (जिला बनारस—पूर्व) : मेरे विचार में यह विधेयक बहुत पहले पुरःस्थापित किया जा सकता था।

[श्री टी० एन० सिंह]

प्रेस आयोग की सिफारशों का उद्देश्य भी यही था । किन्तु मुझे इस बात पर बड़ा आश्चर्य हुआ कि कुछ समाचारपत्रों ने अपने व्यवसायिक तथा व्यापारिक रहस्यों के आधार पर आयोग की छोटी छोटी सिफारशों का भी विरोध किया है । किन्तु हम इस व्यवसायिक आधार पर समाचारपत्र जैसे आवश्यक उद्योग को खुली छूट नहीं दे सकते हैं । मुझे इस बात में कोई आपत्ति दिखाई नहीं देती है कि समाचारपत्र अपने परिचालन के आंकड़े क्यों न दें ? प्रत्येक विज्ञापन अभिकरण को यह आंकड़े भेजते हैं । किन्तु अब वे उन्हें क्यों गोपनीय रखना चाहते हैं ? कुछ समाचारपत्र परिचालन लेखा-परीक्षण कार्यालय द्वारा दिये गये आंकड़े छापते हैं । वे प्रचार के लिये ऐसा करते हैं । ये आंकडे बड़े संदेहजनक होते हैं । मेरे विचार में ये आंकड़े बिल्कुल सही और संदेह रहित होने चाहियें और इनकी स्पष्ट घोषणा की जानी चाहिये । जब वे प्रेस की स्वतन्त्रता के नाम से और सब प्रकार की सूचना प्राप्त करना चाहते हैं तथा देना चाहते हैं तो वे अपने विषय में इस सूचना को क्यों छिपाना चाहते हैं ? मैं अनुरोध करता हूं कि 'व्यवसायिक रहस्य' के तर्क को ऐसे किसी भी विधेयक में कोई स्थान नहीं दिया जाना चाहिये । मेरा अनुरोध है कि प्रेस पंजीयक अथवा ज़िलाधीश को इन समाचारपत्रों के विषय में जो कोई भी सूचना मिलती है उसे भारत सरकार के अथवा किसी भी राज्य सरकार के किन्हीं भी आंकड़ों का आधार नहीं बनाया जाना चाहिये, क्योंकि वे प्रायः गलत विवरण देने के दोषी सिद्ध हो चुके हैं और इस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र संघ के पत्रों तक में उनके परिचालन के ग़लत आंकड़े छप चुके हैं ।

मेरी समझ में नहीं आता कि प्रेस पंजीयक अथवा किसी प्राधिकृत अधिकारी के समाचारपत्र भवनादि में प्रवेश करने पर क्यों आपत्ति होनी चाहिये । यदि वे स्वयं सूचना नहीं देते हैं तो यह आवश्यक हो जाता है कि कोई वहां जा कर सूचना प्राप्त करे । हां, सरकार यह नियम बना सकती है कि किसी से कितनी बार पूछा जाये और उसे सूचना देने के लिये कितना समय दिया जाये । जहां तक प्रत्यायोजित अधिकारी के इस मूलभूत अधिकार का प्रश्न है मैं कहूंगा कि इसमें रञ्च मात्र भी कमी नहीं होनी चाहिये । कोई सामान्य लिपिक अथवा चपड़ासी तो खातों को मंगायेगा नहीं । वह व्यक्ति अवश्य ही कोई उत्तरदायी पदाधिकारी होगा । इसलिये मुझे इस उपबन्ध पर कोई आपत्ति नहीं है ।

मेरे कुछ सहयोगियों ने तथा कई अन्य व्यक्तियों ने भी यह कहा है कि उनसे लेखा और लाभ तथा हानि का विवरण भी मांगा जाये । बहुत से समाचारपत्र तीन चार महीने चल कर ही बन्द हो जाते हैं और कर्मचारियों आदि के वेतनों का भुगतान नहीं होता है । इसलिये कोई समाचारपत्र उस समय तक न निकाला जाये जब तक कि उसके पास पर्याप्त साधन न हों । अतः इस विषय में मेरा निवेदन है कि यदि इस विधेयक में कोई ऐसा उपबन्ध रखा जा सके जिस से कि समाचारपत्रों की संख्या मच्छरों की भांति न बढ़ सके तो बड़ा ही उपकार होगा । अनेकों लोग व्यर्थ में बेरोज़गार होने से बच जायेंगे । अतः यह अच्छा ही है कि सरकार को इस विषय की सूचना भी रहे । साम्यवादी दल के उपनेता की यह बात सुन कर कि विधेयक के सूचना प्राप्त करने वाले खण्डों का कठोरता से प्रयोग नहीं किया जाना चाहिये , मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ है । मेरा विचार है कि अधिनियम का कठोरता से पालन किया जाना चाहिये । उन्होंने चक्रमुद्रण के सम्बन्ध म कहा था । प्रायः सर्वत्र चक्रमुद्रित सामग्री को मुद्रित सामग्री जैसा ही माना जाता है । आजकल चक्रमुद्रण यन्त्रों की भी कार्यक्षमता उतनी

ही है जितनी कि किसी मुद्रणालय की हो सकती है जिसमें समाचारपत्र छपते हों। अतः हमें इस युग में चक्रमुद्रित सामग्री को किसी भी भांति अपवादस्वरूप नहीं मानना चाहिये और मुद्रित सामग्री की परिभाषा में कोई परिवर्तन नहीं करना चाहिये।

हमारे देश में कुछ पत्र 'भाईचारा' के आधार पर चलते हैं। उनमें लेखा रखने की कोई मान्य विधि नहीं होती है। कोई भी राजनैतिक दल कह सकता है "यह हमारा अपना पत्र है, हमें दो चपातियों से ही सन्तोष है। हम कुछ भी वेतन दें आपको इससे क्या ?" इस प्रकार के अनेकों बहाने हो सकते हैं। मेरा निवेदन है कि सरकार को इस आधार पर किसी को छूट नहीं देनी चाहिये। वेतन के कुछ मानदण्डों, पत्र के व्यवहार, नियमिता तथा आवर्तनता आदि का अवश्य ही पालन होना चाहिये।

मुझे बताया गया है कि प्रैस पंजीयक को ऐसी वित्तीय विवरण आदि जैसी सूचना प्राप्त करने का अधिकार देने के लिये एक पृथक् विधान लाया जा रहा है तथा औद्योगिक सम्बन्ध अधिनियम में कुछ संशोधन किये जा रहे हैं। मेरा उद्देश्य इतना ही है कि उसे ये अधिकार मिलने चाहियें चाहे यह अधिकार किसी भी विधेयक में क्यों न दिये जायें मुझे इसकी कोई चिन्ता नहीं है।

मुझे यह भी बताया गया है कि समाचार अभिकरणों के पंजीयन का प्रश्न भी प्रेस पंजीयन अधिनियम के अर्न्तगत नहीं आता है। इस विषय में मेरा अनुरोध है कि समाचार अभिकरण समाचार-पत्र उद्योग का एक आवश्यक अंग है अतः उसे कोई पृथक विशेष स्थान नहीं दिया जाना चाहिये। उन के लिये भी वित्तीय विवरण आदि प्रस्तुत करना अनिवार्य होना चाहिये नहीं तो कर्मचारियों के वेतन इत्यादि के मारे जाने की सम्भावना हो सकती है। हम चाहते हैं कि श्रमजीवी प्रत्रकारों को हानि न पहुंचने पाये अतः यह उपबन्ध होना चाहिये। यदि दूसरे विधेयक में जो प्रस्तुत किया जाने वाला है, ऐसे उपबन्ध हैं तो मुझे उसकी प्रतीक्षा करने में कोई आपत्ति नहीं है। किन्तु मैं अपील करूंगा कि श्रमजीवी पत्रकारों के हित में हमें इस विषय में यथासम्भव शीघ्र ही कोई विधान बनाना चाहिये।

श्री जोकीम आल्वा (कनारा) : प्रस आयोग प्रतिवेदन पर हुई चर्चा के समय मैंने कहा था कि भारतीय पत्रकारिता का स्वर्णयुग समाप्त हो गया है और अब हूणों और वंडालों ने उस पर आक्रमण कर दिया है। आज वे ही इस विधेयक के जन हैं। भारतीय फर्मों में, विशेषकर देश के ऐसे पत्रों में, जहां एकाधिपत्य है, दो तीन तरह के जमा खर्च खाते रखने की प्रथा का बहुत प्रचलन है और यही इस सब का कारण है। यदि कोई सरकारी अफसार ऐसे समाचार-पत्रों के कार्यालयों में जा कर उनके हिसाब आदि की जांच करे तो उसे यह ज्ञात हो जायेगा कि समाचार-पत्रों के मालिकों ने किस प्रकार अवैध उपायों का आश्रय लेकर रुपया इकट्ठा किया है।

इस विधेयक को प्रस्तुत करने में माननीय मंत्री महोदय के जो उद्देश्य हैं वे प्रशंसनीय हैं किन्तु मेरा विचार है कि उपबन्ध इतने कठोर नहीं होने चाहियें। प्रेस आयोग की अन्य सिफारिशों को भी लागू किया जाना चाहिये।

सन् १९३० में हुई एक घटना का उल्लेख करने के लिये माननीय सदस्य मुझे क्षमा करेंगे। उस समय भारत के एक मुख्य न्यायाधीश इंगलैण्ड से भारत आने थे। मैं सम्मानीय सर जान ब्यूमांट का उल्लेख कर रहा हूं जो कि बार में सर्वोच्च न्यायालय और प्रिवी कौंसिल के न्यायाधीश

[श्री जोकिम आलवा]

भी रहे। इस सभा के सदस्यों को, हमारे सबसे महान व्यक्ति स्व० श्री भूलाभाई देसाई का, जिन्होंने बंबई उच्च न्यायालय में शोलापुर के तीन अभियुक्तों की ओर से पैरवी की थी, स्मरण होगा। अपील सर जान ब्यूमांट की अदालत में सुनी गई थी और भूलाभाई देसाई ने पैरवी बहुत ही अच्छी की थी किंतु उनकी कार्यक्षमता और देशभक्ति उक्त तीनों अभियुक्तों को फांसी के फंदे से न बचा सकी। बम्बई के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने फांसी के हुक्म की पुष्टि की किन्तु यहां यह उल्लेखनीय है कि बाद में कई साल तक वह अपने इस आदेश पर पछताते रहे। उनका ख्याल था कि पुलिस के अफसर जो कुछ कहते हैं वह एकदम सत्य होता है। उनको यह जानने में काफी समय लगा कि फौजदारी मामलों में पुलिस अफसरों के बयानों में सत्य का लेश भी नहीं होता है।

मैं इस घटना का पूर्व इतिहास इसलिये बता रहा हूं कि हमें वक्तव्यों के बारे में बहुत सावधानी से कार्य करना चाहिये। यह मैं इसलिये कह रहा हूं कि क्योंकि हमें अपने समाचार-पत्रों के सम्बन्धित व्यक्तियों से कुछ सूचनायें प्राप्त करनीं होंगी, यह सूचनायें पूर्ण सत्यनिष्टा से दी जायेंगी और हम उन्हें संबन्धित व्यक्तियों की जिम्मेवारी पर स्वीकार कर लेंगे।

मेरा ख्याल है कि समाचारपत्रों के परिचालन के बारे में जो उपबन्ध है वह आवश्यकता से अधिक कठोर है तथा जिन पत्रों का परिचालन पांच हजार अथवा तीन हजार से भी कम हो, उनके लिये इस उपबन्ध में किसी न किसी प्रकार की शिथिलता होनी चाहिये। उक्त बातों की जानकारी देने के लिये ऐसे पत्रों को बाध्य नहीं किया जाना चाहिये और उपबन्ध अधिक उदार होना चाहिये।

मैं अपने मित्र, श्री टी० एन० सिंह से इस बात में सहमत हूं कि समाचारपत्र की परिभाषा में समाचार अभिकरणों को सम्मिलित किया जाना चाहिये। समाचार-पत्रों पर लागू किये जाने वाले विधानों से समाचार अभिकरणों को क्यों प्रथक् रखा जाये यह मेरी समझ में नहीं आता है।

भारत ने बड़े, छोटे तथा दस्तकारी आदि उद्योगों को स्थापित किया है किन्तु एक उद्योग——पुस्तक उद्योग——ऐसा है जिसकी दशा अत्याधिक शोचनीय है। जब तक हमारे पास अच्छे प्रकाशक नहीं होंगे तब तक हम अच्छी किताबें प्रकाशित नहीं कर सकेंगे। ब्रिटेन, अमरीका, रूस और चीन में प्रकाशक द्वारा लेखक को पुस्तक विक्रय से प्राप्त धन का कुछ प्रतिशत हिस्सा दिया जाता है। ऐसा हमारे यहां नहीं होता है। सरकार को पुस्तक प्रकाशकों को आर्थिक सहायता देनी चाहिये जिस से कि उपयोगी पुस्तकों का प्रकाशन हो सके।

जैसा कि मैं पहले कह चुका हूं, दो और तीन तरह के ज़माखर्च खाते रखने की प्रथा से उद्योगपति काफी लाभ उठाते हैं। वह एक समवाय की पूंजी को दूसरे समवाय में विनियोजित कर देते हैं और इस प्रकार धन का अनुचित प्रयोग करते हैं। इस प्रथा पर कड़ी रोक लगाई जानी चाहिये। पुस्तक प्रकाशन उद्योग एक कोमल पौधे के सदृश है, जिसका पोषण अच्छी तरह से किया जाना चाहिये जिससे कि ज्ञान वृक्ष का प्रकाश जनजीवन को आलोकित कर सके। मैं यहां एक उद्योग का उल्लेख करूंगा। मेरे निर्वाचन क्षेत्र, उत्तर कनारा, में, जो कि एक अत्यन्त पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स स्थापित की जाने कों है। इसकी विवरण-पत्रिका के प्रकाशित होने से पूर्व ही भारत सरकार ने इसे एक करोड़ रुपया देना स्वीकार किया था। उक्त मिल के प्रवर्त्तकों का कथन है कि सरकार के पास ऐसी कोई योजना नहीं है जिससे वह काग़ज उद्योग को कम से कम

बीस लाख रुपया दे । इसलिये हमें अपनी विचारधारा को बदलना चाहिये । यदि समाचार पत्र जनमत को अभिव्यक्त करते हैं तो समाचार पत्र, पत्रिकायें और पुस्तकें किसी भी अन्य उद्योग जैसा महत्वपूर्ण कार्य करती हैं । यदि विवरण पत्रिका के प्रकाशन से पूर्व ही भारत सरकार उक्त कारखाने को एक करोड़ रुपया देने को तैयार है तो मेरी समझ में यह नहीं आता कि भारत सरकार उसे अपने हाथों में एक सरकारी उपक्रम के रूप में क्यों नहीं चलाती है ।

डा० केसकर : इस विधेयक का सम्बन्ध समाचार पत्रों के पंजीयन से है ।

श्री जोकिम आलवा : मैं चाहता हूं कि पुस्तक प्रकाशन और समाचार पत्र उद्योगों को भी वही सुविधायें दी जायें तथा इन के साथ भी वैसा ही व्यवहार दिया जाये । मैं आशा करता हूं कि सम्मानीय मंत्री इस विषय पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार करके ऐसी व्यवस्था करेंगे जिससे कि उक्त दोनों उद्योगों की उन्नति हो ।

वास्तविक जानकारी दिये जाने के बारे में, मेरा ख्याल है कि हमें अधिक कठोर होना चाहिये । समाचार पत्रों से कम से कम जानकारी प्राप्त की जावे ताकि उनको असत्य जानकारी देने का प्रलोभन न हो सके । किन्तु यदि एक बार भी वे असत्य जानकारी दें तो उनके साथ रियायत नहीं की जानी चाहिये । जैसा कि मेरे मित्र श्री टी० एन० सिंह ने कहा, जब तक कि हम असत्य जानकारी दिये जाने पर रोक नहीं लगाते हैं तब तक हम प्रगति नहीं कर सकते हैं ।

विदेशी प्रकाशनों के बारे में यद्यपि कुछ कहा नहीं गया तथापि सम्मानीय मंत्री ने एक पिछले अवसर पर इस बात का उल्लेख करते हुये कहा था कि किसी भी विदेशी प्रकाशन को किताबों अथवा समाचार पत्रों के विशाल प्रकाशन के लिये अनुमति नहीं दी जायेगी । किन्तु मेरी समझ में नहीं आता है कि "**रीडर्स डाइजेस्ट**" को अनुमति कैसे दे दी गई थी ।

मैं आशा करता हूं कि यदि इस समय प्रकाशित हो रहे समाचार पत्र असावधानी से कोई गलती कर देते हैं तो सरकार उन्हें क्षमा कर के अपनी उदार मनोवृत्ति का परिचय देगी ।

पंजीयक को भेजी जानवाली प्रतियां औसत संख्या का, जिससे वह पत्रों के परिचालन के बारे में सभी जानकारी प्राप्त कर सके, मैं अब उल्लेख करता हूं । परिचालन लेखा-परीक्षण कार्यालय (आडिट ब्यूरो आफ सर्कुलेशन) भी वही कार्य कर रहा है । किन्तु उस पर ब्रिटिश और अमरीकन विज्ञापनदाताओं का दबाव और प्रभाव पड़ता है और वे उसके द्वारा अपनी मनचाही बात करा लेते हैं । प्रेस आयोग के प्रतिवेदन पर जब सदन में चर्चा हुई थी उस समय हमें इन बातों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करने का पर्याप्त मौका नहीं मिला था । जैसा कि मैंने पहले कहा परिचालन लेखा-परीक्षण कार्यालय पर विदेशी विज्ञापनदाताओं का प्रभाव है और वही समाचारपत्रों की नीति को निर्धारित और प्रभावित करते हैं और कई प्रमुख दैनिक पत्रों को झूठे आंकड़े देने के लिये बाध्य करते हैं । मैं केवल यही कहना चाहता हूं कि इस संस्था पर विदेशी हितों का प्रभाव है और वह अच्छे समाचार पत्रों को अवांछनीय तरीकों का आश्रय लेने के लिये बाध्य करते हैं । इसलिये मैं माननीय मंत्री से निवेदन करता हूं कि जिन समाचार पत्रों का परिचालन एक निश्चित सीमा तक या उससे अधिक हो उन्हें आंकड़ें देने चाहियें और यदि वे ऐसा न करें तो तदनुसार कार्यवाही की जाये ।

श्री डी० सी० शर्मा (होशियारपुर) निस्सन्देह आज एकाधिकार प्राप्त प्रेस का प्रभुत्व है, और हम उस के कदाचारों और बुराइयों का उन्मूलन करना चाहते हैं, परन्तु फिर भी हमें उन समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के हितों की रक्षा करनी होगी, जो एकाधिकार प्राप्त प्रेस की परिभाषा में नहीं आते हैं ।

भारत में अब भी बहुत से समाचार पत्र और पत्रिकायें ऐसी हैं जो अच्छे ढंग से चलती हैं और मैं समझता हूं कि देश में स्वतंत्र, दृढ़ और ठोस प्रजातंत्र बनाये रखने की दृष्टि से प्रान्तों या जिलों में ऐसे समाचार पत्रों की संख्या को कम करने के लिये कोई कार्यवाही नहीं की जानी चाहिये । माननीय मंत्री ने इस विधेयक के द्वारा कई कई समाचार पत्रों के मालिकों द्वारा किये जाने वाले कदाचारों को रोकने के लिये अवश्य कुछ किया है, किन्तु मैं यह भी कहूंगा कि उन्होंने धन या व्यापार के दृष्टिकोण से नहीं केवल जनता को शिक्षित करने के उद्देश्य से चलाये गये समाचार पत्रों को चलाने वालों पर भी दुखदाई नियंत्रण लगा दिये हैं ।

इसलिये मैं समझता हूं कि केवल सांख्यिकी संबंधी दृष्टिकोण से ही काम नहीं चलेगा अन्य बातों की ओर ध्यान देना पड़ेगा ।

पत्र शब्द की परिभाषा बड़ी व्यापक बनाई गई है । मैं समझता हूं इसमें शिक्षा के उद्देश्य से प्रकाशित किये जाने वाले पत्र और चक्रमुद्रित (साइक्लोस्टाइल्ड) पत्र सम्मलित नहीं किए जाने चाहियें । दूसरे, हमारा देश न अधिक धनवान है और न ही समृद्ध देशों के समान समृद्धशाली है, जहां अच्छे नमूने के बहुत से प्रेस हों, इसलिये जनता को सूचना देने के लिये यहां छोटी छोटी और सरल मशीनों की आवश्यकता है । ऐसी स्थिति में चक्रमुद्रण और शिलामुद्रण द्वारा छपाई को "मुद्रण" में सम्मिलित करना देश के हितों के लिये वांछनीय नहीं है । चक्रमुद्रण या शिलामुद्रण द्वारा छापे गये पत्रों द्वारा अनेक शिक्षा और धर्मसम्बन्धी संस्थाओं का प्रचार होता है, इसलिये इनको "मुद्रण" की परिभाषा में सम्मिलित नहीं किया जाना चाहिये और इनको इस विधेयक के क्षेत्राधिकार में नहीं लाया जाना चाहिये ।

इस विधेयक में यह जो खण्ड रखा गया है कि जब कोई प्रेस अपना स्थान बदले तो उसे नवीन प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत करना होगा और इसमें चूक होने की अवस्था में वह एक विशेष दंड का भागी होगा । मैं इसे छोटे समाचार पत्रों और प्रेसों के लिये सर्वथा हानिकारक समझता हूं । फिर, चूक होने की अवस्था में विशेष प्रकार के दंड की बजाये, केवल जुर्माना ही काफ़ी होना चाहिये । यह सूचना पत्रादि के द्वारा दी जानी चाहिये ताकि समाचार पत्र के मालिक को अनिवार्यतः दंडाधीश के पास जाने की आवश्यकता न पड़े। हमारे जैसे प्रजातंत्र में तो समाचार पत्रों और पुस्तकों की बड़ी आवश्यकता है, इसलिये इस खण्ड में आमूल परिवर्तन आवश्यक है ।

खण्ड ६ (५) के उपबन्धों को जब मैं पढ़ता हूं कि यदि समाचार पत्र का प्रकाशन आरम्भ नहीं होता है तो तत्संबन्धी प्रतिज्ञान शून्य हो जायेगा, तो मुझे बड़ा आश्चर्य होता है । समाचार पत्र को आरम्भ करना एक बड़ा कठिन काम है, इसके लिये बहुत पूंजी जुटानी पड़ती है और अनेक प्रबन्ध करने पड़ते हैं, तब कहीं कोई पत्र धीरे धीरे और रुक रुक कर चलती है । भूत काल में लाहौर से प्रकाशित होने वाले समाचार-पत्र "नेशन" के बारे में मुझे इस बात का अनुभव हुआ था । इस प्रकार का उपबन्ध छोटे समाचार पत्रों के लिये, जिनका उद्देश्य केवल धन कमाना नहीं, बल्कि स्वस्थ और प्रजातंत्रात्मक शिक्षा का प्रसार करना

है, बहुत घातक और हानिप्रद है । अतः हमें सब को एक ही लाठी से हांकने का प्रयत्न नहीं करना चाहिये । प्रेस के विषय में हमें अच्छे और बुरे व्यक्तियों के बीच अन्तर करना होगा और हमें चाहिये कि इन उपबन्धों को नम्र कर दें ।

खण्ड १३ और १४ में एक प्रकार की अनुसूचि के द्वारा दंड निश्चित किये गये हैं । मेरा निवेदन है कि बड़े समाचार पत्रों को चलाने वालों और छोटे समाचार पत्रों को चलाने वालों के लिये भिन्न भिन्न प्रकार के दंड की व्यवस्था होनी चाहिये ।

प्रैस पंजीयक के कर्तव्यों में समाचार-पत्र का नाम शीर्षक तथा भाषा का विवरण रखने का समावेश तो किया गया है, किन्तु प्रैस में काम करने वाले कर्मचारियों और उनकी श्रणियों आदि सम्बन्धी आंकड़े जानने का कोई कर्तव्य निर्धारित नहीं किया गया है । इस विषय में जब कोई उपबन्ध किया जायेगा या आश्वासन दिया जायेगा, तब मुझे संतोष प्राप्त होगा ।

धारा १६ ख (ज) में कहा गया है कि पंजीयक छापी गई, और मुफ्त बांटी गई प्रतियों की औसत संख्या अपने पास रखेगा । किन्तु उसे रद्दी काग़जों के रूप में बेची गई प्रतियों के भी आंकड़े रखने चाहियें, क्योंकि बहुत से समाचार पत्र रद्दी कागज के रूप में बेची गई प्रतियों की संख्या को भी परिचालन संख्या में मिलाकर बता देते हैं । इस गड़बड़ी के कारण समाचार-पत्र वाले अधिक प्रकाशन दिखा कर विज्ञापनों के लिये अधिक मूल्य लेने का प्रयत्न करने लगे हैं ।

प्रशासनिक काम करने वाली संस्था को नामकीय संस्था का नाम देना, और विशेषकर इस युग में, जब कि इस शब्द से अणुशक्ति का बोध होता है, उचित नहीं है । फिर मंत्री महोदय को यह भी बताना चाहिये था कि आगामी पांच वर्षों में इस संस्था पर आवर्त्तक और अनावर्त्तक कितना व्यय होने वाला है, क्योंकि देखा जाता है, बाद में विभागों का बहुत विस्तार हो जाता है और खर्चा अत्याधिक बढ़ जाता है । हम समझते हैं कि प्रैस पंजीयक को बहुत उपयोगी कार्य करने का भार सौंपा गया है इसलिये बेहतर है कि इस के लिय अनुदान की मांग की जाये ।

डा० केसकर : समय समय पर सदस्यों को सूचित कर दिया जायगा ।

श्री डी० सी० शर्मा : हम यह भी जानना चाहते हैं कि इस विभाग पर अधिकतम व्यय क्या होगा और इसे कम करने के लिये क्या प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

पुस्तकों के पंजीयन का काम सांख्यकी की दृष्टि से अच्छा है । किन्तु इसे केवल सांख्यकी दृष्टिकोण से ही नहीं देखा जाना चाहिये, बल्कि मानवीय और प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी विचार किया जाना चाहिये । प्रशासन ऐसा होना चाहिये जो समाचार पत्रों के हितोंको बढ़ाये और उनकी रक्षा करे माननीय पहलू की रक्षा इस प्रकार की जानी चाहिय जिससे कि इन समाचार पत्रों को प्रकाशित करने वाले के अधिकारों और विशेषाधिकारों का यथा-संभव रक्षण हो सके ।

श्री श्रीनारायण दास (दरभंगा-मध्य) : सदन के सामने माननीय मंत्री जी ने प्रेस रिजिस्ट्रेशन ऐक्ट (प्रेस पंजीयन अधिनियम) में संशोधन लाने के लिये जो विधेयक उपस्थित किया है, यह यद्यपि एक छोटा सा विधेयक है, लेकिन बड़ा ही महत्व रखता है । जैसा कि माननीय मंत्री जी ने कहा है कि कुछ दिन पहले जब विधान का निर्माण हो रहा था उस समय इस प्रेस सम्बन्धी कानून की जांच करने के लिये एक कमेटी बिठाई गई थी और उसने कुछ अपनी सिफ़ारिशें की थीं कि इस कानून में क्या क्या संशोधन किये जायें । मेरा जहां तक खयाल है एक विधेयक भी इस सम्बन्ध में सदन के सामने उपस्थित

[श्री श्रीनारायण दास]

किया गया था । लेकिन जैसा कि माननीय मंत्री जी ने कहा इस बीच में प्रेस कमीशन (आयोग) की नियुक्ति हो गई और मंत्री जी ने यह मुनासिब समझा कि कमेटी द्वारा सुझाये गये संशोधनों पर विचार करने से पहले प्रेस कमीशन (आयोग) की सिफारिशों को देख लिया जाये । अब प्रेस कमीशन (आयोग) ने भी इस सम्बन्ध में प्रेस सम्बन्धी सिफारिशें करने के साथ साथ इस कानून में भी संशोधन करने के लिये अपने सुझाव दिये हैं ।

प्रजातंत्र में अखबार का क्या महत्व है इसके विषय में कुछ विशेष कहने की आवश्यकता नहीं है । सारा लोकतन्त्र लोकमत पर चलता है और लोकमत जितना उन्नत होता है, जितना शिक्षित होता है प्रजातंत्र में उतनी ही मज़बूती आती है । हिन्दुस्तान में प्रजातन्त्र है और इस प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिये, जहां हमने हिन्दुस्तान के लगभग १८–१९ करोड़ मतदाताओं को मत देने का अधिकार दिया है वहां पर जहां अभी भी सैकड़े में १८ ही आदमी पढ़े लिखे हैं जब पढ़े लिखे लोगों में ऐसे लोगों की गिनती कर लेते हैं जो किसी तरह से अपने हस्ताक्षर कर लेते हैं या किसी तरह से कुछ अक्षर पढ़ लिख सकते हैं । हमें जनता को शिक्षित बनाने के और भी दूसरे अनेक कार्य करने होंगे । इस देश में हम ने प्रजातंत्र की स्थापना की है और हर बालिग को वोट देने का अधिकार दिया है, जो मैं मुनासिब समझता हूं कि हमें देना चाहिये था, लेकिन इसके साथ ही यह आवश्यक है कि इस देश में ऐसी पत्र पत्रिकायें हों जो प्रजातंत्र-सम्बन्धी विचार हिन्दुस्तान के गांव गांव में और हिन्दुस्तान के घर घर में पहुंचायें ताकि जो बड़े बड़े आदर्श हमने अपने सामने रख हैं और साथ ही हम चाहते हैं कि हमारा प्रजातंत्र सफल हो और हमारे प्रजातंत्र में सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय और राजनीतिक न्याय सभी को पूरे तौर से उपलब्ध हो, तो इसके लिये यह आवश्यक है कि लोकमत को तेज़ी के साथ और जल्दी से जल्दी शिक्षित बनाया जाये । लेकिन दुःख के साथ कहना पड़ता है कि हमारे देश में अभी अखबारों की तादाद बहुत ही कम है और ऐसे भी अखबार हैं जिन का उद्देश्य, हो सकता है कि प्रेस की स्वतंत्रता के नाम पर वह अपने हक़ के लिये लड़ते हैं, लेकिन जहां तक मैं समझ पाया हूं, ऐसा रहता है और नीति ऐसी होती है जो प्रजातंत्र के लिये पोषक भी नहीं रहती है । खैर इस विषय में मैं नहीं जाना चाहता हूं ।

मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश में यद्यपि सरकार समझती है कि यह उसका काम नहीं है कि पत्रिकायें चलाये और मैं समझता हूं कि सरकार द्वारा पत्र-पत्रिकायें चलाने से फायदे के साथ साथ कुछ नुकसान भी होता है लेकिन फिर भी हिन्दुस्तान जैसे देश में प्रजातन्त्र को सफल बनाने के लिये सरकार को ऐसे प्रयत्न करने पड़ेंगे, इस तरह की कोई योजना बनानी पड़ेगी, जिस से स्वतंत्र अखबारों का निर्माण हो और ऐसे ऐसे अखबार चलें, जिन में सरकार का हस्तक्षेप न हो लेकिन वह सरकार की मदद से चलें, जैसे उद्योगों में सरकार का हाथ होता है, सरकार उन्हें चलाती है और नाना प्रकार से संरक्षण देती है, सहायता देती है, कर्ज़ देती है और इस तरह से बहुत से उद्योग-धंधे चलते हैं । वे उद्योग-धन्धे भलाई करने के साथ साथ, जो कि वह अवश्य करते हैं चूंकि वे व्यक्ति विशेष के हाथ में होते हैं उनका नफा भी ज्यादातर कुछ व्यक्ति विशेष के हाथ में जाता है, समूह विशेष के हाथ में जाता है ।

२ म० प०

मैं समझता हूं कि प्रजातन्त्र को सफल बनाने के लिये गांव गांव में ऐसे समाचार पत्रों का जाना जरूरी है जिनसे जनता को विधान सम्बन्धी और शासन सम्बन्धी

बातों की जानकारी प्राप्त हो और उनको यह मालूम हो कि सरकारी कर्मचारी और जो उनके प्रतिनिधि हैं वे व्यवस्थापिका सभाओं में किस तरह काम करते हैं। गांवों की जनता को इन सब बातों की जानकारी प्राप्त हो इसके लिये यह जरूरी है कि सस्ते दाम पर अच्छे अच्छे समाचार पत्र गांवों में जायें। ऐसे अखबार को सच्चे अर्थ में स्वतन्त्र होना चाहिये और उन पर किसी व्यक्ति विशेष का प्रभाव नहीं होना चाहिये। लेकिन आजकल हमारे देश में हो यह रहा है कि अखबार को व्यवसाय समझ कर चलाया जाता है, अगर नफा होता है तो अखबार को चलाते हैं और अगर नफा नहीं होता है तो नहीं चलाते हैं, और अखबार चलाने के लिये हर तरह का जायज़ और नाजायज़ काम किया जाता है। यदि उनको सरकार से सहायता लेनी है तो सरकार को गलत सूचनायें दे कर सहायता लेते हैं और विज्ञापन लेते हैं। मैं समझता हूं कि हमारे देश में अधिकतर अखबार चलाने वालों की यह प्रवृत्ति है, और इसको खत्म करना चाहिये। मेरा कहना यह है कि सरकार को इस दिशा में जल्दी से जल्दी कदम उठाना चाहिये। सरकार को अपने बजट में कुछ इस तरह की रकम रखनी चाहिये जिसको कि वह ऐसी संस्थाओं को, सहकारी संस्थाओं को या सामाजिक संगठनों को सहायता के रूप में दिया करे जो कि स्वतंत्रतापूर्वक, बिना सरकार के दबाव या प्रेरणा के, देहातों में जनता तक स्वतंत्र विचार पहुंचायें। इस दिशा में सरकार की गति बहुत धीमी है। मैं समझता हूं कि इस विषय में जरूरत इस बात की है कि प्रेस कमीशन (आयोग) ने जो सिफारिश अखबारों के सम्बन्ध में सरकार के सामने रखी हैं उनको जल्द से जल्द कार्यान्वित किया जाये। अगर सरकार यह चाहती है, और मैं समझता हूं कि चाहना चाहिये, और चाहती है, कि स देश में प्रजातंत्र मजबूत हो, तो जिस प्रकार वह राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में काम कर रही है उसी प्रकार उसको अखबार के क्षेत्र में भी कार्य करना चाहिये। सरकार को चाहिये कि जिस तरह से हो सके ऐसी संस्थाओं को अखबार चलाने के लिये सहायता दे जो कि स्वतंत्रतापूर्वक अखबारों का संचालन करती हों, जिनके विचार स्वतंत्र हों और कल्याणकारी हों। उनको बिना किसी शर्त के सहायता दी जाये और उन पर किसी व्यक्ति विशेष या समूह विशेष का दबाव न हो। सरकार को चाहिये कि वह इस प्रकार के अखबारों को प्रोत्साहन दे।

अभी माननीय मंत्री जी ने कहा है कि जो विधेयक इस सदन के सामने आया है उसके सम्बन्ध में अखबार सम्बन्धी बहुत सी संस्थाओं ने अपने विचार प्रकट किये हैं। कुछ संस्थाओं ने इस विधेयक का समर्थन किया है, कुछेक ने इसका यह कह कर विरोध किया है कि यह प्रेस की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करता है, और वे संस्थायें यह समझती हैं कि जिस तरह का नियंत्रण यह विधेयक करेगा उससे अखबारों के विकास और तरक्की में बाधा पैदा होगी। मैं समझता हूं कि आजकल के जमाने में कोई भी काम बिना नियंत्रण के चलना मुश्किल है। हमारे सामने कल्याणकारी समाज बनाने का ध्येय है। लेकिन हमारी जो मैशिनरी है वह उपयुक्त नहीं है। आपके जो काम करने वाले हैं वे आपके आदर्शों से उतने अनुप्राणिक नहीं हैं। हम चाहते हैं कि हमारा समाज कल्याणकारी हो और साथ ही साथ हम यह भी चाहते हैं कि हमारी सरकार सही मानों में कल्याणकारी समाज का अंग हो। सरकारी यंत्र का एक एक पुर्जा इस बात का ध्यान रखे कि वह जिस पद पर है वह समाज की सेवा करने के लिये है, किसी अधिकार का उपयोग करने के लिये नहीं है। लेकिन हमें दुःख के साथ हर समय यह अनुभव करना पड़ता है कि ऊपर से नीचे तक यह हालत है

[श्री श्रीनारायण दास]

कि जो भी सरकारी विभाग में नियुक्त हो जाता है वह अपने कर्तव्य का पालन करने में यह ध्यान नहीं रखता। और न यह समझता है कि वह हिन्दुस्तान के पांच लाख गांवों में रहने वाली जनता का सेवक है। यह सही है कि हम अच्छे अच्छे कानून बनाते हैं लेकिन जिस तरह से वे कानून अमल में लाये जाते हैं वह तरीका उपयुक्त नहीं होता। इसी से वह सब लोगों को अखरता है। आप कानून तो अच्छा बनाते हैं, लेकिन जिस तरह से वह कानून चलाया जाता है उससे काम की आगे तरक्की नहीं होती, बल्कि काम में बाधा पहुंचती है। इसीलिये मैं कहना चाहूंगा कि यह जो कानून बनाया जा रहा है इसके भी बरतने में इस बात का ध्यान रखा जाये कि उसका दुरुपयोग न हो। मैं इस कानून के बहुत से अंश का समर्थन करता हूं। लेकिन साथ साथ में मंत्री महोदय को आगाह कर देना चाहता हूं कि इस विधेयक के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को बहुत बड़े अधिकार दिये जा रहे हैं। प्रेस रजिस्ट्रार का संगठन होगा। उसको यह अधिकार होगा, या उसके द्वारा किसी दूसरे व्यक्ति को यह अधिकार होगा कि वह किसी अखबार की संस्था में, या मकान में जा कर किसी तरह का कागज़ अपने अधिकार में ले सकता है। अगर इस अधिकार का व्यवहार समुचित ढंग से किया जाये तो इसमें कुछ हर्ज नहीं होना चाहिये। लेकिन हमारा अनुभव यह है कि इस तरह से अफसर पत्रों के संचालकों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते।

डा० केसकर : उनको शायद यह अधिकार नहीं है। आप फिर से बिल के इस क्लाज को पढ़ें। कुछ खास सीमाओं में ही उनको यह अधिकार है। अगर वे उनके बाहर जायेंगे तो संचालक लोग इतने बेवकूफ नहीं हैं कि उनको ऐसा करने देंगे। वे वकील की सहायता से उनको फौरन बाहर कर देंगे।

श्री श्रीनारायण दास : इसके लिये मैं माननीय मंत्री महोदय का धन्यवाद करता हूँ, लेकिन मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि अगर किसी के खिलाफ कोई कार्यवाई शुरू कर दी जाती है तो चाहे वह अदालत में जा कर बरी हो जाय लेकिन उसको ऐसा करने में बहुत दिक्कत उठानी पड़ती है। यह बात मंत्री महोदय को भी मालूम होगी।

मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं लेकिन मैं साथ ही साथ यह कहना चाहूंगा कि प्रेस कमीशन ने कहा है कि अखबार के सम्बन्ध में, न्यूज़ एजेंसी के सम्बन्ध में और विज्ञापन के सम्बन्ध में जो एजेंसी हैं उन सब के लिये एक रजिस्ट्रार (पंजीयक) बनाया जाये। मैं ने इस विषय पर पूरी तरह से सोचा है लेकिन मैं ने देखा है कि प्रेस कमीशन (आयोग) की यह सिफारिश है कि जो प्रेस रजिस्ट्रार (पंजीयक) बनाया जाये वह जो रजिस्ट्रार मेनटेन करे तो अखबार के सम्बन्ध में भी करे, न्यूज एजेंसी के सम्बन्ध में भी करे और विज्ञापन सम्बन्धी जो ऐजेंसी है उसके सम्बन्ध में भी जानकारी रखे। लेकिन इस विधेयक में मंत्री महोदय ने इसका जिक्र नहीं किया है। मालूम नहीं उनके मन में क्या है। मुझे आशा है कि वह अपने भाषण में इसकी सफाई कर देंगे। मैं समझता हूं कि भिन्न भिन्न संस्थायें बनाने के बजाय यह ज्यादा अच्छा होता कि एक ही संस्था बनायी जाती और उसी को अखबारों और उनसे सम्बन्धित दूसरी चीजों के सम्बन्ध में जानकारी और स्टटिस्टिक्स रखने का काम सौंपा जाता।

दूसरी बात इसके सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहूंगा.....

उपाध्यक्ष महोदय : तीसरी बात कहिये।

श्री श्रीनारायण दास : इस बिल में कहा गया है कि कोई अखबार चाहे वह दैनिक हों या साप्ताहिक हों अगर एक निश्चित

संख्या में अखबार नहीं निकालेगा तो उसका डिक्लेरेशन रद्द हो जायेगा । अगर कोई दैनिक अखबार है और वह अगर महीने में १५ अखबार प्रकाशित नहीं करेगा तो उसका डिक्लेरेशन (प्रतिज्ञान-पत्र) रद्द हो जायेगा । इस विषय में जो कुछ शर्मा जी ने कहा है मैं उसका समर्थन करता हूं । कोई व्यक्ति विशेष अपनी पूंजी लगाकर अखबार चलाता है, कुछ लोग कम्पनी बनाकर अखबार चलाते हैं, कुछ लोग दस पांच आदमी मिलकर एक रजिस्टर्ड सोसाइटी बनाकर अखबार चलाते हैं । इन सब संस्थाओं के लिये आप ही नियम लागू करना चाहते हैं । मैं समझता हूं कि यह मुनासिब नहीं होगा । जो लोग लोक कल्याण के लिये अखबार चलाते हैं उनके भी दो प्रकार हैं । एक तो इसलिये चलाते हैं कि लोकमत को शिक्षित करें और दूसरे इसलिये चलाते हैं कि लोकमत को प्रभावित करके अपने पक्ष में करें । एक तीसरा वर्ग और है जो इसलिये अखबार चलाता है कि उससे पैसा आता है । अगर आप सब संस्थाओं के लिये एक ही नियम रखेंगे तो इसका परिणाम यह होगा कि छोटी संस्थायें जो कि दैनिक अखबार निकालती हैं अगर वे महीने में १५ अखबार नहीं निकाल सकेंगी तो उनका डिक्लेरेशन रद्द हो जायेगा । यह मुनासिब नहीं है । ऐसा नियम लगाना तब ठीक होता जब कि समाज में सबके आर्थिक साधन समान होते । जो सम्पन्न लोग अखबार निकालते हैं, या जो कम्पनी बनाकर अखबार निकालते हैं वे तो महीने में ३० अखबार भी निकाल सकते हैं और विशेषअंक भी निकाल सकते हैं, मार्निंग न्यूज और इवनिंग न्यूज भी निकालते हैं । लेकिन जो छोटी छोटी संस्थायें जनता को शिक्षित करने के लिये अखबार निकालती हैं उनको इस प्रकार के नियम से दिक्कत पैदा हो जायेगी । मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय इन दिक्कतों को समझकर, यदि इस विधेयक में नहीं तो कम से कम नियम बनाते समय इसके लिये कोई मार्ग निकाल सक तो बहुत अच्छा होगा ।

डा० केसकर : आप अपने अखबार को दैनिक के बजाय साप्ताहिक क्यों न डिक्लेअर करें ।

श्री श्रीनारायण दास : मैं आपसे कहना चाहता हूं कि छोटी संस्थाओं का इस प्रकार काम नहीं चल सकता । मंत्री महोदय को यह अनुभव करना चाहिये कि अभी हिन्दुस्तान में लोगों के आर्थिक साधन समान नहीं हैं और आर्थिक साधनों के बिना अखबार नहीं चल सकते । जो संविधान हमने बनाया है उसमें हमने यह ध्येय अपने सामने रखा है कि हर आदमी को हर विषय में समान अवसर देंगे । लेकिन अभीतक हम कवल राजनैतिक क्षेत्र में जनता को समान अधिकार और अवसर दे पाये हैं । अभी सब को सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में समान अधिकार देने में हमें सफलता नहीं मिली है ।

इसलिये जब हम को प्रोत्साहन देना है तो जो प्रोत्साहन देने के स्थान पर है, जिसे प्रोत्साहन पाने का अधिकार है उसे अधिक प्रोत्साहन देना चाहिये और जो प्रोत्साहन नहीं चाहता उसे प्रोत्साहन देने की क्या ज़रूरत है । अखबार व्यक्ति विशेष निकाल सकता है, कम्पनी निकाल सकती है, समाज सोसाइटी निकाल सकती है और अखबार अगर कोई सोसाइटी बिना नफ़े के ख़याल से चलाती है तो उसके सम्बन्ध में एक अलग नीति लागू नहीं होनी चाहिये और अगर ऐसा नहीं होता है तो मैं समझता हूं कि यह उसके साथ एक प्रकार से अन्याय होगा ।

एक बात मैं और कहना चाहूंगा । प्रेस कमीशन (आयोग) ने कहा था कि···

उपाध्यक्ष महोदय : इस विधेयक का क्षेत्र सीमित है । प्रेस आयोग के प्रतिवेदन पर सामान्य चर्चा अभी ठीक नहीं है ।

[उपाध्यक्ष महोदय]

समाचार पत्र शुरू करना और उन्हें चलाना इस विधेयक के क्षेत्र में नहीं आता।

श्री श्रीनारायण दास : मैं एक भी शब्द नहीं कह रहा हूं, जो विधेयक से सम्बन्धित न हो ।

उपाध्यक्ष महोदय : मुझे कोई आपत्ति नहीं, पर सभा के सामने और भी कार्य हैं ।

एक माननीय सदस्य : कोई समय-सीमा है ?

उपाध्यक्ष महोदय : इस विधेयक के लिये तीन घंटे का समय है ।

श्री श्रीनारायण दास : अब जिस बात के लिये प्रेस रजिस्ट्रार की नियुक्ति हो रही है, जिस तरह के आंकड़े संग्रह करने का अधिकार दिया जाता है, मैं समझता हूं कि इस देश की मौजूदा हालत में यह सब आंकड़े सरकार के पास रहने चाहिएं और अगर यह सब आंकड़े नहीं रहते हैं तो सरकार को आगे कोई कार्य-क्रम बनाने में बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है और जैसा कि प्रैस कमीशन (आयोग) ने कहा कि इसकी जांच की जाय कि देश में कितने अखबार चलते हैं और किस स्टेट (राज्य) में कितने अखबार चलते हैं और किस अखबार की क्या हालत है, इस सब की जानकारी हासिल करने में बड़ी कठिनाई हुई । मैं समझता हूं कि यह जो प्रेस कमीशन (आयोग) रजिस्ट्रार के पद को क़ायम करने के लिये क़ानून बनाया जा रहा है, यह बहुत अच्छा है और इस को जल्दी हमको पास करना चाहिये । इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

श्री नन्द लाल शर्मा (सीकर) :

नमो ऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय
दैव्यै च तस्यै जनकात्मजायै ।
नमो ऽस्तु रुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो
नमोस्तु चन्द्रार्कमरु द्गणेभ्य ।।

समाचार पत्र पद्धति यद्यपि आधुनिक भारत में आधुनिक पाश्चात्य देशों से भले ही आई हो, मेरा यह विश्वास है कि प्रचार पद्धति भारतवर्ष से ही चली है । अपने विचारों की और अपने व्यक्तिगत विचारों का नहीं, जगत् के कल्याण के लिये विचारों का प्रचार करना, यह भारत की ही संसार को देन है और बड़े बड़े पाश्चात्य दार्शनिकों ने इस बात को स्वीकार किया है कि भारत से कुछ न कुछ बुद्धिमानों ने आकर हम को प्रकाश दिया ।

आज हमारे सामने यह विधेयक प्रेस और रजिस्ट्रेशन आफ बुक्स के नाम से उपस्थित है, यद्यपि मैं खेद से देखता हूं कि हमारे मंत्री महोदय किसी कार्य में संलग्न हैं और अपने स्थान पर इस समय मौजूद नहीं हैं और सम्भवतः हमारी बात को नोट करना नहीं चाहते । परन्तु एक बात हम ज़रूर समझते हैं और उसमें भले हो मंत्री महोदय का दोष न हो और जिसको कि ओर अभी श्री एच० एन० मुकर्जी ने संकेत किया था कि पहले तो हाउस को कम्पनीज़ बिल के लिये तैयारी करनी पड़ी थी जब कि बिलकुल अचानक हाउस को इस बिल की ओर मुड़ आना पड़ा और अगर इस बिल के लिये समय और अवसर मिलता तो हाउस उसकी ओर अधिक योग्यता से ध्यान दे सकता था ।

एक बात मंत्री महोदय ने कही कि यह एक रुटीन बिल है और इसमें कोई बहुत मौलिक परिवर्तन होने वाला नहीं है ।

[**पंडित ठाकुर दास भार्गव** पीठासीन हुए]

परन्तु आपके ही उद्देश्य और लक्ष्य का जो विवरण है उसको देखने से हमें पता चलता है कि पहला भाग तो रुटीन है, परन्तु दूसरा और तीसरा और चौथा भाग जिसमें कि पेपर को बन्द करने का अंश है जिससे किसी पेपर के अन्दर कोई पोस्टर भी लिया

जा सकता है, यह अंश है और जिसमें प्रेस रजिस्ट्रार की नियुक्ति का प्रश्न है, यह रुटीन नहीं माना जा सकता और निश्चय ही यह मानना पड़ेगा कि एक मौलिक परिवर्तन समाचार जगत में करने के लिये यह विधेयक उपस्थित हुआ है। मुझे यहां पर एक दृष्टि-कोण देख कर खेद हुआ। अंग्रेज सरकार के समय में यदि हमारे समाचार पत्र जगत के ऊपर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध समय समय पर लगाया जा रहा था, तो अंग्रेज सरकार को हर समय यह शंका और आशंका बनी रहती थी कि यह भारतीय यदि इनको वाक्य स्वातंत्रय मिल गया, वाणी की स्वतंत्रता मिल गयी, तो हो सकता है कि वह हमारे इस साम्राज्य को उखाड़ फेंकने में प्रयत्नशील हों और यदि जनता के पास उनके विचार पहुंच गये तो हमारे लिये यहां रहना कठिन हो जायगा ।

बाबू रामनारायण सिंह : इस सरकार को भी यही भय है।

श्री नंद लाल शर्मा : मैंने जब श्री टी० एन० सिंह का भाषण सुना तो मुझे बहुत अचम्भा हुआ। हमारे मंत्री महोदय ने जितनी सादगी से जितनी शान्ति से अपनी कर्तव्य पालन बुद्धि से केवल एक विधेयक को हमारे सामने रख दिया है, हम समझते हैं कि उन बेचारों पर चाहे उनकी इच्छा हो या न हो, एक कर्तव्य आया है और इसलिये उसका पालन कर रहे हैं, परन्तु उसके समर्थक तो उनसे भी आगे बढ़ गये हैं और उनके बारे में तो यह कहावत चरितार्थ होती है कि "बड़े मियां तो बड़े मियां, छोटे मियां सुभान-अल्ला"। ऐसे समर्थक अनेक बार कह देते हैं कि भले ही उन पर बम चला दो, या गोली से उड़ा दो और यहं जितने सारे बेईमान लोग खड़े हैं उनको किसी प्रकार की कोई सुविधा देनी ही नहीं चाहिये। मैं समझता हूं कि हमारे भाई श्री जोकीम आल्वा और अन्य बंधुओं ने और श्री श्रीनारायण दास ने जो अभी प्रेस को सहायता देने के सम्बन्ध में कहा है, उधर सरकार शायद ध्यान देना भी नहीं चाहती और उस मांग की ओर सरकार ने अपने कानों को बहरा कर दिया है और साथ ही हम यह भी बखूबी जानते हैं कि अगर सरकार को सहायता देनी भी होगी तो वह अपने पक्ष वालों को देगी, सहायता उसको मिलेगी जो उनके पक्ष का होगा।

बाबू रामनारायण सिंह : ठीक, ठीक ।

श्री नंद लाल शर्मा : अगर सरकार वास्तव में सच्चे जनतंत्र की स्थापना करना चाहती है, तो उसको चाहिये कि अपने विरोधी पक्षों को भी उसी प्रकार सहायता दे जिस तरह कि वह अपने पक्ष वालों को देती है, तभी सच्चे मानों में इस देश मे जनतंत्रवाद की स्थापना होना सम्भव है, अन्यथा नहीं। मैं तो कहता हूं कि किसी भी पक्ष को सहायता मत दो। मैं एक बात और कहता हूं कि क्या आप शपथपूर्वक कह सकते हैं कि हम विरोधी पक्ष के अखबारों और सरकारी पक्ष के अखबारों के साथ एक सा व्यवहार करते हैं? अगर आपके जो सरकारी समाचार-पत्र चल रहे हैं, वे अपने पक्ष की और विरोधी पक्ष की दोनों के विचारों को उसी प्रकार से बिना किसी पक्षपात के अपने वहां छाप देंगे तो हम समझेंगे कि हां आप वास्तव में यहां पर जनतंत्रवाद स्थापित कर रहे हैं। दोनों पक्षों को स्वतंत्रता दी जाय कि वह अपनी अपनी बात को जनता के सामने रक्खें। आपको अपने पक्ष को स्थापित करने का अधिकार है, आप को माता ने दूध पिलाया है आप अखबार में अपना मत रक्खें और अपनी बुद्धि-शक्ति दिखायें और यदि आपके विपक्षी के पास भी कुछ बल होगा तो वह भी अपना बल दिखा देगा। आपने इस देश में समाज-वादी ढांचे पर आधारित समाज की रचना की चेष्टा की है। अभी रूस के साथ आपका गठबंधन हुआ है और इस अवसर पर व्यक्ति के स्वातंत्र्य को दबा करके केवल नाम मात्र

[श्री नंद लाल शर्मा]

का समाजवादी समाज खड़ा करना कोई माने नहीं रखता ।

श्री भागवत झा आजाद (पूर्निया व संथाल परगना) : आप किस से संगठन करना चाहते हैं ?

श्री नंद लाल शर्मा : हम ऐसा संगठन स्थापित करना चाहते हैं जिसमें व्यक्ति का व्यक्तित्व बना रहे और समाज हित के लिये भी अक्षुण्ण हो और पूरक हो और समाज के लिये हानिकारक न हो ·····

श्री अलगू राय शास्त्री (जिला आज़मगढ़ पूर्व व ज़िला बलिया पश्चिम) : वह हवाई सवाल है ·····

श्री नंद लाल शर्मा : हवाई नहीं वह वास्तविक तथ्य भारतवर्ष में रह चुका है, आपके भाग्य से यह सवाल आज हवाई हो गया है ।

हां एक बात ज़रूर है कि इस समाचार जगत में और पुस्तकों के जगत में काम करने वालों को इतनी रायलटी इस प्रकार देने का यह दृष्टिकोण हमारे भारतवर्ष में विद्या के प्रचार के लिये कभी नहीं हुआ । मुझे याद है स्मरण है और आप लोगों को भी मालूम होगा जिन्होंने कि भारतीय साहित्य को पढ़ा होगा और देखा होगा कि महाकवि भारवि का यह एक श्लोक "सहसा विदधीत न क्रियाम्" ।। एक लाख रुपय में गिरवी होने के लिये पहुंचा । ऐसी परिस्थिति में जब कि अपने मस्तिष्क को केवल जगत के कल्याण के लिये उपयोग किया ।

"निजनिर्मितकारिकावली मति
संक्षिप्तचिरन्तनोवितमि : ।
विशदीकरवाणि कौतुकान्ननीराजी
वदयावंशवद : ।।"

पंडित विश्वनाथ ने एक शिष्य के ऊपर दया कर के पुस्तक लिख डाली और उसी पुस्तक पर स्वयम् कमेन्ट्री लिख डाली । न कहीं वह पुस्तक बिकने जा रही थी, न कोई रायल्टी मिलने वाली थी, न प्रेस की ही सुविधा थी । ऐसी चीज जिस का पवित्र भावना से प्रचार किया गया हो, आज उस पर ह्यमन इन्टलेक्ट का प्रास्टिट्यूशन (मानवीय बुद्धि के साथ व्यभिचार) किया जाय और उन से कहा जाये कि तुम को अपनी खोपड़ी की उपज इस प्रकार बेचनी होगी, यह दृष्टिकोण हम को परिवर्तित करना होगा । मैं आप से निवेदन करता हूं कि अगर आप ने भारत को स्वतंत्रता दिलवाई है, और भारतवर्ष आप का धन्यवाद करता है तो आप भारतीयता को भी स्वतंत्रता दिलवाइये । यह बात मैं भारत के नाम से कहता हूं । बाहर से आने वाले जो विदेशी यात्री यहां पर हैं वह भारत के वास्तविक रूप को देख नहीं पाते हैं । जरा उन को वह स्थान भी दिखाते जहां आप के भूखे और नंगे लोग रहते हैं । आप उन को केवल वह स्थान दिखलाते हैं जहां गुलछर्रे उड़ते हैं और पार्टियां होती हैं । आप उन को नहीं बताते कि भारतीय कैसे जीवित रहते हैं । इसलिय मैं हाउस के समस्त बन्धुओं से निवेदन करता हूं कि हम इस भारत में भारतीयता को स्वातंत्र्य दिलाने का प्रयत्न करें । इस समय भारतीय मस्तिष्क जो है वह स्वयम् पराधीन हो रहा है । भारतीयता को अपनी सांस लेने का भी अधिकार प्रतीत नहीं होता । हमारे डैफिनिशन सेक्शन में क्या है ?

"पत्र" का अभिप्राय एक पुस्तक को छोड़ कर और एक समाचार पत्र समेत किसी दस्तावेज से है । यह क्या परिस्थिति है ? अगर इस समय किसी के घर में विवाह हो और वह कहीं निमंत्रण छपवा बैठता है, या किसी प्रकार का कोई समारोह हो, आध्यात्मिक समारोह हो, किसी के स्वार्थ के बढ़ावे

का प्रश्न नहीं है, तो उसके निमंत्रण पत्र को भी फाऊल करना होगा, पहुंचाना होगा। अगर ऐसा नहीं किया जायेगा तो ऐसा न करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकेगी। यह केवल भारत के समाचार जगत की स्वत्रंता हीं बल्कि तमाम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के ऊपर रुकावट है, और वह भी उस समय जब हम स्वतंत्र हो चुके हैं। क्या सच-मुच हमेशा के लिये भारत में १४४ लगाई जा रही है? इस के अतिरिक्त और क्या कहा जा सकता है? जैसे जैसे भारत आगे चला जा रहा है, उस का रोग बढ़ता चला जाता है।

कहते हैं कि यदि किसी कारणवश न्यूज-पेपर को अपना स्थान परिवर्तित करना पड़े तो उस को नया डिक्लेरेशन फाइल करना पड़ेगा। उचित तो यह है कि यदि उस ने स्थान परिवर्तन किया तो उस की सूचना जो आवश्यक आथारिटी हो, उस को पहुंचा दे। लेकिन उस का पिछला डिक्लेरेशन कैंसेल्ड समझा जाये और उस को नया डिक्ले-रेशन फाइल करना पड़ें, यह एक विचित्र बात है जो समझ में नहीं आती है।

इसी प्रकार से अभी आप ने कहा था प्रेस रजिस्ट्रार के सम्बन्ध में। प्रेस रजि-स्ट्रार की ड्यूटीज और पावर्स में मैं नें देखा है कि उस को अधिकार है अपनी पूरी पावर्स डलिगेट करने का। उस में कहा गया है :

कि वह किन्हीं भी दस्तावजों आदि को देख सकेगा और उसके मकानादि में प्रविष्ट हो सकेगा तथा प्रश्न आदि पूछ सकेगा।

मैं निवेदन करता हूं कि वह कोई पेपर वहां से उठा कर ला सकता है, किसी प्रकार का प्रश्न कर सकता है और किसी के घर में घुस सकता है, ऐसी परिस्थिति में न केवल प्रेस रजिस्ट्रार को बल्कि "उसके द्वारा भेजे गये किसी व्यक्ति" को यह अधिकार देना कि वह घर में प्रवेश कर सके कहां तक उचित है? क्या आप समझते हैं कि ऐसी परि-स्थिति में कोई न्यूजपेपर आगे उन्नति कर सकेगा, आगे चल सकेगा, विशेष कर जब आप का दृष्टिकोण अपने से विरोधी पक्ष के समाचार पत्रों को दबाने का है? सत्यता का इसी प्रकार गला घोटा जा सकता है जब आप उस के मार्ग में रुकावटें रक्खें। मुझे स्मरण है, हमारे एक से अधिक दैनिक पत्र अभी भी चल रहेहैं, और पहले भी चलते थे, जब मैं स्वयम् एक जगह विज्ञापन के लिये गया तो उन्होंने कहा कि हमें बतलाइये कि आप का कितना सर्कुलेशन है। मैंने अपने साथ के पत्रों का सर्कुलेशन वहां देखा। मुझे देख कर अचम्भा हुआ कि चौगुने और आठगुने से भी अधिक लिखा हुआ था। मैं ने स्पष्ट कहा कि मुझे आप का विज्ञापन नहीं चाहिय, मैं झूठ कहने के लिये तैयार नहीं हूं। आडिटर्स की आडिट रिपोर्टस भी मैंने देखी। मैंने आडिट करवाने से इनकार कर दिया। मैंने कहा कि मैं इस प्रकार आडिट नहीं करवाना चाहता जिस में मुझको झूठ बोलना पड़े और जिस में आडिटर झूठ बोलने के लिये तैयार हो। आडिट रिपोर्ट (लेखा परीक्षा प्रतिवेदन) लेने के लिये आपको उसे कुछ रुपये देने होंगे। ऐसी परिस्थिति हो गई। आप कितने ही हजार और लाख न्यूजपेपर चलायें, लेकिन स्मरण रखिये कि जो वस्तु प्रारम्भ में ही असत्यतापूर्ण है, जिस के अन्दर प्रारम्भ में ही पाप छिपा हुआ है, वह न व्यक्ति का कल्याण करेगी और न समाज का ही कल्याण करेगी। अगर आप "सत्यमेव जयते", "सत्यमेव जयते" की घोषणा मात्र ही कीजिये और "सत्यमेव जयते" के वेश में "असत्यं सत्यमेव जयते" का पालन करें तो आप झूठ को ही सत्य के नाम से चला सकते हैं और असत्य को ही सत्य के नाम से जीवित रख सकते हैं। फिर भी मैं आप से कहता हूं कि आप के व्यक्तिगत व दलगत स्वार्थ दो चार दिन ही रह सकेंगे

[श्री नंद लाल शर्मा]

किन्तु भारतीय जनता आप के उपकार को सदा के लिये स्मरण रक्खेगी ।

मैं ने कई बार पहले भी कहा है और आज भी कहता हूं और पूरी सद्भावना से कहता हूं कि हम भारतीय इतने शान्ति-प्रिय हैं कि रावण ने कितना ही अपना अत्याचार बढ़ाया, हम ने उस के विरुद्ध शान्ति से प्रार्थनायें कीं, सब कुछ किया । परन्तु जब उसे मारा तो साढ़े नौ लाख वर्ष बीत गये, प्रति वर्ष मारते हैं, लेकिन उस का पीछा नहीं छोड़ते । हम किसी के भी पीछे पड़ जायें तो उस का पीछा नहीं छोड़ते, यह बिल्कुल ठीक है । हम व्यभिचार का प्रचार करने वाले को व्यभिचार के लिये बंड दे कर सदा के लिये विश्व के सामने रक्खेंगे कि इस पापी को दंड दिया गया । किसी पाप करने वाले को बचा लेना इस विचार से कि उस का कल्याण हो, इस में बचान वाला भी दोष का भागी और जिस ने भी पाप किया उस के साथ भी अन्याय हुआ क्योंकि वह पाप के लिये और भी आगे बढ़ेगा ।

मैं समझता हूं कि इस विधेयक के द्वारा आप जिस अभीष्ट को प्राप्त करना चाहते हैं उस अभीष्ट की सिद्धि तो हो ही नहीं सकती, केवल व्यक्तिगत स्वातंत्र और जो देश के कल्याण में साधक होने वाली बस्तु है उसी का ह्रास होगा । समाचार जगत और दृष्टिकोण के बनाने वालों, दृष्टिकोण का प्रसार करने वालों के मार्ग में जो रुकावटें आ जाने वाली है, उस का फल यह होगा कि भविष्य में जितनी भी विद्वता, जितनी आध्यात्मिकता और जितनी धार्मिक भावना का प्रसार हो सकता था वह सब रुक जायेगा । एक ओर तो आप चिल्लाते जा रहे हैं कि जनता की घूसखोरी नहीं समाप्त हुई, चोरबाजारी नहीं समाप्त हो पाई, दूसरी ओर आप चिल्लाते हैं कि धार्मिक शिक्षा बन्द करो, ईश्वर का कोई सम्बन्ध यहीं है राजनैतिक सत्ता से । अगर आप इन प्रचारों को बन्द नहीं करेंगे तो हजार प्रयत्न करने पर भी बेईमानी नहीं जायेगी । आखिर वह जायेगी कैसे जब ईश्वर का डर ही नहीं, जब हमको अपने सत्कर्म और दुष्कर्म का फल भोगना ही नहीं है । ऐसी दशा में एक इन्स्पेक्टर पुलिस जिस को एक लाख रुपया एक समय में मिल सकता है, और जो लुट गया है वह एक कौड़ी भी न दे सके, यदि उस इंस्पेक्टर को ईश्वर का कोई डर नहीं है, धर्म का प्रचार ज्यादा नहीं है, तब उस से यह आशा नहीं की जा सकती वह रुपया न ले । ऐसी परिस्थिति में यह आशा आप नहीं कर सकते कि पाप संसार से मिट जायेगा ।

इस लिये अपने ऊपर कृपा कर के, देश पर कृपा कर के और भारतीय जनता पर कृपा करके आप अपने दृष्टिकोण को बदल दें जब आप का दृष्टिकोण बदलेगा, उस समय आप का जो भी कानून बनेगा वह आप के कल्याण का होगा और अगर आप इसी दृष्टिकोण को बढ़ायेंगे तो उससे कोई लाभ नहीं होगा ।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती (बसिरहाट) : आज हम जिस विधेयक पर विचार कर रहे हैं वह अत्यन्त महत्वपूर्ण है और हम चाहत हैं कि इसमें दो बातों की व्यवस्था की जाये । एक तो यह कि ऐसे सार्वजनिक प्रैस का विकास किया जाय जो लोकतंत्र को प्रोत्साहन दे सके और दूसरी यह कि वह उन मजदूरों के साथ न्याय कर सके जो उससे संबंधित हैं । इस बात के और दूसरे पहलू भी हैं । मेरे मित्र श्री टी० एन० सिंह ने हमारे समाचार-पत्र-संगठनों में एकाधिकारियों की बढ़ती हुई श्रंखला के सम्बन्ध में जो चिन्ता प्रकट की है उससे मैं पूरी तरह सहमत हूं । प्रैस-आयोग के प्रतिवेदन पर विचार करते समय हम बड़े भली प्रकार देख चुके हैं कि जनमत कुछ बड़े पूंजीपतियों और संस्थानों द्वारा किस प्रकार

अहितकर रूप से ढाला जा रहा है। जहां तक इस एकाधिपत्य को समाप्त करने का प्रश्न है, हम श्री टी०एन० सिंह से पूरी तरह सहमत हैं। परन्तु मुझे यह कहते हुए खेद होता है कि सन १९५२ के विधेयक की अपेक्षा अधिक उत्तम होते हुए भी, विधेयक में पंजीयन के लिये अपेक्षित कुछ आवश्यक बातें छोड़ दी गई हैं। विशेष रूप से हानि और लाभ के लेखापरीक्षा हिसाब और सन्तुलन-पत्रों के संभरित किये जाने का भी प्रश्न है। हम यह जानते हैं कि यह हिसाब हमेशा सही ही नहीं होता है परन्तु यह अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इससे, उन पर कुछ तो अंकुश रह सकता है और हमारा विचार है कि इस प्रकार का अंकुश रखे बिना इस एकाधिपत्य को तोड़ना और उससे ठीक ढंग से काम कराना पूर्ण रूप से संभव नहीं हो सकेगा।

साथ ही उन कर्मचारियों का भी प्रश्न है जिनके संबंध में प्रैस-आयोग ने सिफारिश की है। इस संबंध में सरकार यह कह सकती है कि इनके अधिकारों, वेतन आदि की रक्षा के लिए दूसरा विधेयक लाया जा रहा है, लेकिन इसे इतने दिनों तक लटकाये रखने की अपेक्षा यदि इस पर सदन में विचार होता तो अधिक अच्छा होता। जो भी हो, इन कर्मचारियों के संबंध में विस्तृत विवरण प्राप्त करना आवश्यक है। हम चाहते हैं कि इनका प्रश्न मुद्रणालय तक पुस्तक पंजीयन (संशोधन) विधेयक में सम्मिलित होना चाहिये। हम सरकार से इस प्रश्न का संतोष-प्रद उत्तर चाहते हैं कि प्रेस आयोग की संबंधित महत्वपूर्ण सिफारिशों को क्यों छोड़ दिया गया है।

मैं माननीय सदस्य के इस सुझाव का, कि समाचार-अभिकरणों को भी इस विधेयक के अधिकार-क्षेत्र में लाया जाना चाहिए, समर्थन करती हूं। अगर हम स्वस्थ प्रैस और लोकतंत्रात्मक प्रैस का विकास चाहते हैं तो हमें समाचार-अभिकरणों की कड़ी निगरानी करनी पड़ेगी और समाचार-पत्रों द्वारा पूर्ण सूचना एवं आंकड़े देने संबंधी सभी उपबन्ध इन पर भी लागू करने होंगे।

भारत में प्रैस की वास्तविक स्थिति को देखने का भी प्रश्न है। यहां एक ओर तो बड़े एकाधिकारी हैं और दूसरी ओर विरोधी दलों के नये सांस्कृतिक और राजनीतिक विचारों के लिए संघर्ष करने वाले छोटे छोटे समूह हैं, उनका साहित्य, उनका प्रचार और उनके समाचार-पत्र हैं। एक प्रकार से ये 'नास्तिमानों' के पत्र हैं। उन्हें देश के समस्त पूंजीपतियों से संघर्ष करना पड़ता है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम इन पत्रों की चाहे वे राजनीतिक हों या सांस्कृतिक, सहायता की जाये और इन्हें प्रोत्साहन दिया जाये और उनके मार्ग में अधिक बाधायें न आने दी जायें। सरकार यह कह सकती है कि यह उपबन्ध उन पर नहीं लागू किया जायेगा। परन्तु यह सरकारी शासन यंत्र के ही द्वारा लागू किये जाते हैं और हमें बारबार कठिनाइयों का सामना करन पड़ता है, यहां तक कि हम प्रतिज्ञान-पत्र तका स्वीकृत नहीं करा पाते हैं। प्रतिज्ञान-पत्र समाचार-पत्र के प्रकाशन की तिथि के ६ सप्ताह पूर्व प्रस्तुत करना पड़ता है, अन्यथा वह व्यर्थ हो जाता है। पत्रों के लिए पूंजी एकत्र करना भी अत्यन्त कठिन होता है और अनेक बार ऐसा भी होता है कि प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत करने के ६ सप्ताह बाद पत्र का प्रकाशन संभव ही नहीं होता है। इसका कोई कारण मेरी समझ में नहीं आता कि जिस व्यक्ति का प्रतिज्ञान-पत्र स्वीकृत हो चुका हो और जो इसके ६ सप्ताह के भीतर पत्र प्रकाशित न कर सके तो उसका प्रतिज्ञान-पत्र रद्द कर दिया जाय। हम में से जो बंगाल से आये हैं वे जानते हैं कि जब एक पत्र का प्रकाशन बन्द हो जाता है तो क्या होता है। एक रात को **फारवर्ड** का प्रकाशन बन्द हुआ तो अगली सुबह **लिबर्टी,** निकल आया और दूसरे दिन **न्यूफारवर्ड** प्रकाशित हो गया। हम जानते हैं कि प्रतिज्ञान-पत्र होने के बाद एक के बाद

[श्रीमती रेणु चक्रवर्ती]

एक जैसे पत्र चलते रहते थे । मेरी समझ म नहीं आता कि प्रतिज्ञान-पत्रों के व्ययगत हो जाने के उपबन्ध से समाचार-पत्र-संगठनों में एकाधिकार किस प्रकार समाप्त हो जायेगा और मजदूरों के हितों की रक्षा हो सकेगी ।

अब मैं दूसरे प्रश्न पर—चक्रलेखन क प्रश्न पर आती हूं । अमरीका में चक्रलेखन जो नये यंत्र बनाये गये हैं, उनके संबंध में तो मुझे पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन यह बात मैं निश्चयपूर्वक कह सकती हूं कि प्रत्येक छोटा-बड़ा राजनीतिक, व्यावसायिक अथवा सामाजिक संगठन जिस चक्रलेखन यंत्र का प्रयोग करता है वह दूसरे ही ढंग से काम में लाया जाता है—क्योंकि वह सस्ता होता है और उन पर हम सहज ही में प्रतिलिपियां निकाल सकते हैं तथा वह आसानी से मिल भी जाता है । अगर आप कई कई हजार प्रतियों की बिक्री वालो बड़े समाचार पत्रों और इन छोटे-छोटे चक्रलेखन यंत्रों पर एक ही मापदण्ड लागू करेंगे तो, मेरे विचार से, आप विभिन्न संगठनों के विकास में ही नहीं वरन उनके प्रचार-कार्य और यहाँ तक कि उनके दैनिक कार्य क्रम में भी बाधक सिद्ध होंगे । इस लिए मैं इस बात पर आग्रह करुँगी कि इन चक्रलेखन-यंत्रों के यंत्रीपन की बात इसमें सम्मिलित न की जाय क्योंकि में समझती हूं कि वास्तव में जनमत को ढालने वाले बड़े एकाधिकारी और व्यावसायिक संस्थान अपने प्रचार कार्य में इन यंत्रों का प्रयोग नहीं करेंगे ।

चक्रलेखन के प्रश्न को समाप्त करने से पूर्व मैं यह कहना चाहती हूं कि 'समाचार-पत्र शब्द की परिभाषा इतनी व्यापक बना दी गयी है कि इसमें पुस्तक के अतिरिक्त अन्य सभी प्रकार के पत्रादि आ जाते हैं । इस संबंध में मैं फिर यही कहूंगी कि यह बात अनेक संगठनों और संस्थाओं के साधारण कार्य कलाप में बाधक सिद्ध होंगी ।

यह प्रश्न भी है कि १९वीं धारा के अंतर्गत जो विवरण मांगा गया है उसे देने में क्या कुछ बड़े प्रैसों ने कुछ आपत्ति की है ? यहां मैं श्री सिंह की इस बात से सहमत हूं कि यह सूचना देना उनके लिए आवश्यक है क्यों कि मैं यह अनुभव कर रही हूं कि जब कि समवाद-विधेयक के अनुसार बड़ी-बड़ी व्यावसायिक संस्थाओं को कहीं अधिक सूचनायें देने के लिए कहा जा सकता है तो इन्हें भी यह सूचना देने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए । मेरा विश्वास है कि खुले रूप में तथ्यों का विवरण प्रस्तुत कर के जनमत तैयार करना आवश्यक है और केवल इसी प्रकार हम एक स्वस्थ प्रैस की स्थापना कर सकते हैं ।

मुझे यह अनुभव हो रहा है कि इस विधेयक में कुछ आवश्यक बातें हैं और मैं मंत्री महोदय से फिर जोर दे कर कहना चाहती हूं कि वह बड़े-बड़े एकाधिकारी और व्यावसायिक समाचार-पत्रों और छोटे-छोटे राजनीतिक, सामाजिक अथवा सांस्कृतिक संगठनों के समाचार-पत्रों में भेद करें । इन छोटे पत्रों को अनेक वित्तीय- कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और यदि इस विधेयक की प्रत्येक धारा उनके ऊपर लागू की गयी तो वे बड़ी कठिनाई में पड़ जायेंगे ।

श्री यू० एम० त्रिवेदी (चितौड़) : मुझे प्रेस तथा पुस्तक पंजीयन (संशोधन) विधेयक से संतोष नहीं हुआ है । मैं यह बात इसलिये कह रहा हूं क्योंकि हमारे पास एक ऐसा एकीकृत अधिनियम होना चाहिये जिसके द्वारा प्रश्न से सम्बन्धित सभी विषयों का विधियमन हो सके ।

समाचार-पत्रों का पंजीयन केवल इसी उद्देश्य से किया जाता है कि समाचार-पत्र का प्रकाशक, पोस्ट मास्टर जनरल की अनुमति ले कर समस्त भारत में अपने समाचार-पत्र की प्रति एक पैसे के टिकट के द्वारा भेज सके । मैं चाहता हूं कि पोस्ट मास्टर जनरल की अनुमति की व्यवस्था हटा करके ऐसा

क्यों नहीं कर दिया जाता कि प्रत्येक पंजीबद्ध समाचार-पत्र को बिना अनुमति के ही एक पैसे के टिकट द्वारा भेजने का अधिकार मिल जाय ।

डा० लंका सन्दरम् : परन्तु अब यह नियम है कि जब तक ५० ग्राहक न होंगे, यह अधिकार प्राप्त नहीं होगा ।

श्री यू० एम० त्रिवेदी : मैं भी इस नियम को जानता हूं । परन्तु कठिनाई यह है कि पोस्ट मास्टर जनरल ५० अथवा २०० ग्राहक होने पर भी अनुमति नहीं देते । इस प्रकार के कई मुकदमे भी उच्च न्यायालयों में प्रस्तुत हैं । अप्रैल, १९३७ में भारत से अलग होने पर बर्मा ने यही व्यवस्था की थी कि पंजीबद्ध समाचार-पत्र एक पैसे के डाक टिकट द्वारा ही भेजे जा सकें । इसलिये हमें भी इसी प्रकार का उपबन्ध रखना चाहिये ।

मैं उन समाचार पत्रों, जो कि केवल दूसरों का अपमान करने के लिए प्रकाशित होते हैं, के लिय बनाये गये उपबन्ध से पूर्णतया सहमत हूं ।

मैं इस उपबन्ध से असहमत हूं कि यह प्रतिज्ञान वहीं के एक दंडाधिकारी के समक्ष किया जायेगा । मेरे विचार से यह प्रतिज्ञान किसी भी शपथ आयुक्त के सम्मुख होनी चाहिये । क्योंकि दंडाधिकारी कार्यपालिका पदाधिकारी होते हैं इसलिये वह प्रतिज्ञान से पूर्व समस्त प्रकार की जांच करेंगे जैसे कि आप उस स्थान पर रहते हैं अथवा नहीं तथा पुलिस का प्रतिवेदन मंगावेंगे जिससे कई अड़चनें होंगी । इसलिये मेरा सुझाव है कि प्रतिज्ञान किसी भी शपथ आयुक्त के समक्ष होना चाहिये ।

खण्ड ६ क नियम (२क) में यह उपबंध किया गया है कि प्रतिज्ञान-पत्र में अमुक-अमुक विवरण का होना जरूरी है । मैं समझ नहीं सका कि समाचार पत्र के नाम, भाषा आदि के अतिरिक्त अन्य क्या बातें हो सकती हैं । मेरे विचार से इस नियम के द्वारा हम प्रैस की उस थोड़ी स्वतंत्रता को भी छीन लेना चाहते हैं जो कि उसको मिली हुई हैं ।

इसके अतिरिक्त यह व्यवस्था भी की गई है कि यदि समाचार-पत्र के सावधिक अंकों की निर्धारित संख्या में से आधे अंक भी प्रकाशित न हों तो पुराना प्रतिज्ञान-पत्र समाप्त हो जायगा । जब यह उपबन्ध है तो फिर यह एक अड़चन क्यों उपस्थित की गई है कि स्थान तथा कार्यालय परिवर्तिन करते समय दुबारा प्रनिज्ञान-पत्र प्रस्तुत करना होगा । मेरे विचार से यह अनावश्यक है क्योंकि किराये के मकान को मकान मालिक खाली करा सकता है । यदि मेरा यह सुझाव स्वीकार कर लिया जाये कि दंडाधिकारी के समक्ष प्रतिज्ञान नहीं होना चाहिये तथा शपथ आयुक्त को इसका अधिकार होना चाहिये, तो स्थान बदलने की दिशा में नया प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत करने की कोई आवश्यकता ही नहीं रहेगी ।

खण्ड ७ में प्रेस अधिनियम की धारा ६ का संशोधन किया गया है जिसके अनुसार एक दंडाधिकारी समाचार-पत्र निकालने की अनुमति तब तक नहीं देगा जब तक उसको यह संतोष नहीं हो जायेगा कि उस नाम का कोई समाचार पत्र तो प्रकाशित नहीं हो रहा है । मेरा विचार है कि हमें इस प्रकार का अधिकार न देकर प्रत्युत समाचार-पत्र प्रकाशित करने वाले व्यक्ति पर ही इसका उत्तरदायित्व डाल देना चाहिये कि वह ऐसा प्रतिज्ञान पत्र हस्ताक्षरित करें कि राज्य में इस नाम का कोई अन्य समाचार पत्र नहीं है । दंडाधिकारी जांच के बहाने उसके प्रकाशन को लम्बित कर सकता है । चुनाव के दिनों में विभिन्न राजनैतिक दलों को इससे अपने प्रचार में कठिनाई हो सकती है ।

धारा १९० के द्वारा भी प्रेस की स्वतंत्रता छीनी गईहै । मेरे विचार से दंडाधिकारी के समक्ष प्रतिज्ञान ही पर्याप्त है । इसलिये मेरा विचार है कि हमें इन उपबन्धों के द्वारा प्रेस

[श्री य० एम० त्रिवेदी]

की स्वतंत्रता को नहीं छीनना चाहिये । अन्यथा मैं इस विधेयक से सहमत हूं ।

डा० केसकर : इसके पूर्व कि मैं माननीय सदस्यों द्वारा उठाई गई बातों पर विचार प्रकट करूं, मैं देखता हूं कि सर्वाधिक सदस्य विधेयक में वर्णित साधारण सिद्धान्तों से सहमत है । मैं फिर कहता हूं कि विधेयक का उद्देश्य प्रक्रिया का स्पष्टीकरण करना है और यह केवल पहले पूर्ण किये गये कर्त्तव्यों को बढ़ाना और सुनिश्चित करना है । विभिन्न राज्यों में उनकी पूर्ति विभिन्न तथा असंबद्ध ढंग से होती थी, और प्रेस आयोग ने सुझाव दिया है कि कर्त्तव्यपूर्ति और अधिक नियमित ढंग से, विधिपूर्वक तथा एक केन्द्रीय आधार पर होनी चाहिये । विधेयक में मुख्यतः यही प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है ।

इसके पूर्व कि मैं खंडों की की गई आलोचना का उत्तर दूं, मैं आरम्भ में ही एक भ्रम का, जिसकी पुनरावृत्ति अनेक माननीय सदस्यों ने की है, स्पष्टीकरण करना चाहता हूं । इसका संबंध चक्रलिखित (साइक्लोस्टाइल किये हुए) तथा शिला मुद्रित पत्रों से है कि विधेयक खंड ४ में, मुख्य अधिनियम की धारा १ में, "पुस्तक" की परिभाषा से "अथवा शिलामुद्रित" शब्दों को निकाला जाये । अनेक सदस्यों ने इसे गलत समझा है ।

सर्वप्रथम, यह बात स्पष्ट रूप से समझनी चाहिये कि प्रेस तथा पुस्तक पंजीयन अधिनियम, संशोधित रूप में भी, खेल प्रकाशित पुस्तकों पर लागू होगा —अर्थात् उन पुस्तकों पर जो कि सार्वजनिक विक्रय तथा सार्वजनिक परिचालन के लिए प्रकाशित की जाती हैं । यह ऐसी किसी भी वस्तु पर लागू नहीं होता जो निजी परिचालन के लिए प्रकाशित होती हैं चाहे वह पर्ची हो या पुस्तिका या दल का परिपत्र; यह उन पर लागू नहीं होता । अतः यदि आप निजी परिचालन के लिए बड़ा ग्रंथ भी प्रकाशित करते हैं तो भी यह उस पर लागू नहीं होता ।

डा० लंका सुन्दरम् : उस पर कोई मूल्य नहीं होना चाहिए ।

डा० केसकर : जी हां । इसका सार्वजनिक रूप से विक्रय नहीं होना चाहिये । यदि यह निजी रूप से परिचालित की जाती है तो यह लागू नहीं होगा । यह केवल उस पर्ची अथवा पुस्तिका पर मुद्रक तथा प्रकाशक का नाम मुद्रित किये जाने के प्रयोजन के लिये लागू होगा । जहां तक पर्ची अथवा पुस्तिका के प्रकाशन का संबंध है, दायित्व केवल यह मुद्रित करने का है कि यह किसने मुद्रित की है और कौन प्रकाशन कर रहा है । और कोई दायित्व नहीं है; आंकड़े संकलित करने या उस पुस्तक के बारे में और विवरण देने का कोई प्रश्न नहीं है । वह ऐसी पर्चियों, आदि के मुद्रकों पर नहीं अपितु समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं पर पड़ता है ।

श्रीमती रेणु चक्रवर्त्ती : प्रत्येक साइक्लोस्टायल मशीन के लिए भी प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

डा० केसकर : इसके लिए प्रतिज्ञान-पत्र की आवश्यकता नहीं है । यदि आप क्रमशून्य ढंग से 'साइक्लोस्टायल' करते हैं तो प्रतिज्ञान की आवश्यकता नहीं है । परन्तु यदि आप इस मशीन का या 'लिथो' मशीन को नियमित रूप से मुद्रणालय के रूप में प्रयोग करते हैं, तो स्वभावतः आपको प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा । परन्तु माननीय सदस्यों को इस बात का कोई भय नहीं होना चाहिए कि दल की पर्चियां ,जो मुद्रित होती हैं या 'साइक्लोस्टायल' होती हैं या शिला-मुद्रित होती हैं, इसके अधीन होंगी । यदि आप प्रेस तथा पुस्तक पंजीयन अधिनियम को, संशोधन सहित, ध्यानपूर्वक पढ़ें तो भय की कोई आवश्यकता नहीं है । यह प्रेस आयोग की स्पष्ट सिफारिश पर, जिसने अपने प्रतिवेदन के १०३३वें पैरा में इस प्रश्न पर विचार विमर्श किया है, जोड़ा गया है । उन्होंने कहा है :—

"यदि कोई शंका हो तो उसका निवारण 'समाचार पत्र' की परिभाषा

के उपरान्त निम्न परिभाषा जोड़ कर किया जा सकेगा, अर्थात्

"पत्र में, पुस्तक के अतिरिक्त, प्रत्येक मुद्रित लेख सम्मिलित है, तथा मुद्रण में साइक्लोस्टायल करना और शिला-मुद्रण सम्मिलित है ।"

इसे जोड़ने में स्वयं हमें कोई अधिक रुचि नहीं है । इसे जोड़ने पर सहमत होने के पूर्व हमने इस पर समस्त दृष्टियों से विचार विमर्श और विचार किया था । मैं माननीय सदस्यों को यह बता दूं कि हम नियमों में कुछ बातों का, जैसे निमन्त्रण तथा कुछ अन्य बातों का, अपवाद करना चाहते हैं ताकि वे इन खंडों अथवा उप-खंडों के क्षेत्र में न आयें । अतः, मुझे आशा है कि माननीय सदस्यों और मुख्यकर विरोधी दलों को इस बात का कोई भय न होगा कि दल के प्रचार के लिए किया गया कोई कार्य—यदि कोई पर्चियां मुद्रित तथा प्रकाशित होती हैं—विपरीत रूप प्रभावित होगा । यदि उनका प्रकाशन करके विक्रय किया जाता है, तो अन्त में यह लिखना चाहिए : किसने इसे मुद्रित तथा प्रकाशित किया है । मैं नहीं समझता कि इसमें उन्हें कोई आपत्ति है । कुछ भी हो वे अनामक रचनाओं का क्रय नहीं करते है । मैं समझता हूं कि वे इसे मानने को सर्वथा तैयार हैं । वे ही इसका मुद्रण और प्रकाशन करते हैं और मैं नहीं समझता कि प्रस्तावित खंड अथवा संशोधन में कोई बात गलत अथवा अनुचित है । प्रेस आयोग ने स्वयं इस मामले के समस्त पहलुओं पर विचार किया है और इस प्रश्न के बारे में एक स्पष्ट सिफारिश की है ।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती : क्या नियम सभा में प्रस्तुत किये जायेंगे ?

डा० केसकर : मैं ने एक संशोधन की सूचना दी है कि नियम इस सभा के समक्ष रखे जायेंगे . . . .

श्री राघवैया (ओंगोल) : . . . . और उन पर विचार विमर्श भी होगा तथा संशोधन भी ।

डा० केसकर : अधिनियम क विभिन्न उपबन्धों के बारे में अनेक प्रश्न किये गये हैं तथा अनेक माननीय सदस्यों ने यह विचार प्रकट किया है कि यद्यपि विधेयक अमहत्त्वपूर्ण माना जाता है, फिर भी यह बहुत महत्त्वपूर्ण है । जब मैं कहता हूं कि यह अमहत्त्वपूर्ण है, तो मैं कहता हूं कि यह प्रक्रियात्मक बात है । हो सकता है कि परिणाम इस दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण हों कि प्रेस तथा पत्रिका संबंधी सारे आंकड़ों व तथ्यों का समन्वय निश्चय ही एक महत्त्वपूर्ण बात होगी क्योंकि ये आंकड़े और यह सांख्यकी प्रामाणिक रूप में पहिली बार उपलब्ध होगी। परन्तु, अन्यथा मैं नहीं समझता कि यह कोई आमूल अथवा क्रान्तिकारी बात करेगा । कोई नई बात नहीं है । कुछ कार्य पहिले से ही किया जा रहा है यद्यपि अक्रमिक रूप में हो रहा है । उस व्यवस्था में हमने जो दोष पाये हैं उनका इस विधेयक से निराकरण हो गया है । बस यही बात है; इससे अधिक और कुछ नहीं है ।

डा० लंका सुन्दरम् ने एक दो महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठाये थे, उन्हीं प्रश्नों को कुछ अन्य सदस्यों ने भी दुहराया है । हमें पहिले समाचार एजेन्सियों का प्रश्न लेना चाहिये । इस अधिनियम को समाचार एजेन्सियों पर लागू करना संभव नहीं है । इसका यह तात्पर्य नहीं है कि सरकार समाचार एजेन्सियों के तथ्य तथा आंकड़ों का संग्रह नहीं करना चाहती है । किन्तु यह विशेष अधिनियम इन पर लागू नहीं हो सकता है । उन्हें इस परिभाषा के अन्तर्गत लाना संभव नहीं है । यह कार्य हम औद्योगिक सम्बन्ध विधेयक में करना चाहते हैं । उसमें सरकार को यह प्राधिकार ह कि वह सारे उद्योगों को केन्द्रीय सरकार के अधिकार के अन्दर ले आये तब हम इसे समाचार एजेन्सियों में भी उसी प्रकार लागू कर देंगे

[डा० केसकर]

जिस प्रकार कि अब हम इसे पत्र-पत्रिकाओं तथा पुस्तकों पर लागू कर रहे हैं। लेकिन इस समय वैधानिक रूप से मेरे लिये इसे ले लेना संभव न होगा। हम इसे शीघ्रातिशीघ्र करना चाहते हैं। इसलिये उन्हें यह विश्वास रखना चाहिये कि समाचार एजेंसियों को जानबूझ कर अलग नहीं रखा गया है।

डा० लंका सुन्दरम् : क्या वे समाचार सिन्डिकेटों को भी समाचार एजेंसियों के साथ सम्मिलित करेंगे ?

डा० केसकर : मेरे विचार से वे भी समाचार एजेन्सियों की परिभाषा के अन्तर्गत आते हैं।

डा० लंका सुन्दरम् : माननीय मंत्री जी वह विधान कब तक लायेंगे ?

डा० केसकर : सभा के सम्मुख यह बहुत शीघ्र ही लाया जायेगा।

उन्होंने जो दूसरा प्रश्न उठाया था वह आंकड़ों से संबंध रखने वाली कई महत्त्वपूर्ण बातों के सम्बन्ध में था जो कि इसमें सम्मिलित नहीं की गई हैं। उन्होंने परीक्षित लेखे, कर्मचारियों की संख्या, बिक्री का विवरण, विज्ञापन की आय इत्यादि के आँकड़ों की ओर निर्देश किया है। उन्होंने कई अन्य बातों का भी उल्लेख किया है। यदि वह विधेयक को ध्यानपूर्वक देखें तो उन्हें पता चलेगा कि इन सभी विवरणों को इसमें सम्मिलित करना सम्भव नहीं है किन्तु प्रतिज्ञान से सम्बन्धित सभी आवश्यक सामग्री प्राप्त करने का अधिकार ले लिया गया है। उदाहरणार्थ, उन्हें अधिकार देने वाले नियम में यह लिखा मिलेगा :—

> "वह विवरण विदित होंगे जो कि किसी समाचारपत्र के प्रकाशक को, इस पंजीयक को भेजे जाने वाले वार्षिक विवरण में देने होंगे।"

जो बातें आज कही गयी हैं वे बहुत लाभदायक हैं तथा मैं उन पर अवश्य विचार करूंगा। मुझे उनका अध्ययन करने का समय नहीं मिला। उन्हें इस बात का विश्वास रखना चाहिये कि जो कि विवरण तथा तथ्य आवश्यक होंगे वे नियमों में रख दिये जायेंगे तथा उन्हें समाचार पत्रों से प्राप्त किया जा सकेगा।

उन्हें यह भी ज्ञात होगा कि पंजीयन के समय 'कोई भी विवरण जो विदित किया जाये' प्राप्त किया जा सकता है। यदि तथ्यों के सम्बन्ध में कुछ बातें लाभदायक समझी जायेंगी तो हम उन्हें यहां रख सकते हैं। उन्होंने परीक्षित लेखे के प्रस्तुत किये जाने का जिक्र किया है। किन्तु मैं इसके प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में संदिग्ध हूं। मान लीजिये उससे उसके लेखे को प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में कहा जाता है उसका तात्पर्य परीक्षित लेखे से है। जहां तक वित्तीय विवरण का सम्बन्ध है माननीय मित्र को ज्ञात होगा कि इस समय केन्द्रीय सरकार को इसे मांगने तथा किसी भी उद्योग के किसी अन्य विवरण को मांगने का अधिकार नहीं है। इसके लिये हमें अधिकार लेना पड़ता है तभी हम ऐसा कर सकते हैं। हम अवश्य ऐसा करेंगे मैं उनसे इस बात में सहमत हूं कि प्रेस परिषद को ऐसे तथ्य चाहिये अन्यथा प्रभावशाली रूप से कार्य करना सम्भव न हो सकेगा। यह स्पष्ट है कि इस का महत्त्व असंदिग्ध है। सभी माननीय सदस्य इस बात से सहमत होंगे कि समचार पत्रों के उचित रीति से कार्य करने के लिये उनके यथार्थ तथ्य तथा आंकड़े प्राप्त करना आवश्यक है।

जैसा कि मैं कह चुका हूं, समाचार-पत्र जनमत की अभिव्यक्ति के साधन हैं तथा वे प्रत्येक विषय तथा वस्तु का पता लगाने का दावा करते हैं तथा साथ ही उन्हें भी इस बात के लिये तत्पर रहना चाहिये कि उनके कार्य की भी खोज की जा सके भले ही उनके मत की खोज न की जाये। उन्हें इसे एक उचित प्रस्थापना समझना चाहिये।

बहुत से सदस्यों ने एक व्यापक विधेयक के सभा में न लाये जाने पर सवाल उठाया है। मेरा निवेदन है कि प्रेस आयोग की सभी सिफारिशों से सम्बन्धित एक व्यापक विधेयक इतना विशाल तथा जटिल होगा कि वह उतना ही समय ले सकता है जितना कि समवाय विधेयक ने लिया था। क्योंकि विषय विभिन्न प्रकार के हैं अतः मेरे विचार मे ऐसा करना व्यावहारिक नहीं होगा और न ही इससे कार्य में शीघ्रता होगी। मेरी सम्मति में विषयों को पृथक-पृथक लेने पर तथा विभिन्न वर्गों को लेने पर शीघ्रता से कार्य होगा। जहां तक कुछ महत्वपूर्ण बातों का सम्बन्ध है, मैं सभा को बतला दूं कि श्रमजीवी पत्रकारों की सेवा-शर्तों वाला विधेयक राज्य सभा में पुरःस्थापित किया जा चुका है, जहां कि वह एक सप्ताह के अन्दर ही विचारार्थ ले लिया जायेगा। जहां तक पृष्ठों के अनुसार मूल्य का सम्बन्ध है सभा के सम्मुख विधान शीघ्र ही आ रहा है। प्रेस परिषद् की भी यही स्थिति है। इसलिये ऐसा नहीं कहा जा सकता कि व्यापक विधेयक के न होने पर इन मामलों से निपटन में ढील हो रही है अथवा हम शीघ्रता करने का प्रयत्न नहीं कर रहे हैं।

जहां तक पत्र पत्रिकाओं का सम्बन्ध है माननीय सदस्य यह जानते हैं कुछ भाषाओं के सभी समाचार पत्र शिलामुद्रण के द्वारा प्रकाशित होते हैं। उदाहरणार्थ, उर्दू पत्र सारे शिलामुद्रण के द्वारा प्रकाशित होते हैं। इस लिये समाचारपत्र तथा पत्रिकाओं के प्रकाशन में यह महत्वपूर्ण बात है जिसकी अवहेलना नहीं की जा सकती है।

श्री यू० एम० त्रिवेदी ने यह शिकायत की है कि समाचार-पत्रों को डाक-सम्बन्धी रियायतें नहीं दी जा रही हैं और इस मामल को किसी न किसी बहाने स विलम्बित किया जा रहा है। सम्भवतः माननीय सदस्यों को ज्ञात है कि जहां तक डाक सम्बन्धी रियायतों का सम्बन्ध है, किसी भी 'समाचार-पत्र के लिये केवल वैधानिक रूप से पंजीबद्ध होना तथा ऐसा घोषित करना ही पर्याप्त नहीं होता, उसे तो कई अन्य शर्तों को भी पूर्ण करना होत है, जिनमें से एक यह है कि वह पत्र प्रमुख रूप से समाचारों को ही प्रकाशित करता है न कि कहानियों, उपन्यासों अथवा पहली प्रतियोगिताओं को। उदाहरणार्थ, किसी भी समाचार पत्र को डाक सम्बन्धी रियायत देने से पूर्व यह देखना आवश्यक है कि उसमें कम से कम ४५ प्रतिशत समाचार हैं। इसके अतिरिक्त और भी कई शर्तें पूरी करनी होती हैं। इसीलिये कई बार निर्णय करने में देर लग जाती है। आपको ज्ञात है कि प्रेस आयोग ने यह सिफारिश दी थी कि समाचारों की यह प्रतिशतता और भी बढ़ा दी जाये।

श्री ए० एम० थामस (एरणाकुलम्) : क्या एक यह शर्त भी है कि उस पत्र की प्रतियां कम से कम एक विशेष संख्या तक डाक द्वारा अवश्य भेजी जायें ?

डा० केसकर : जी हां, एक यह शर्त भी है। अतः डाक प्राधिकारियों की किसी विशेष पत्रिका को रियायत न देने के लिये अनुचित आलोचना करने से पूर्व इस बात को सदा ध्यान में रखा जाये।

एक यह शिकायत भी की गई है कि दण्ड बहुत अधिक निर्धारित किया गया है। श्री डी० सी० शर्मा ने इस भारी दण्ड का बढ़ा चढ़ा कर वर्णन किया है और यह भविष्यवाणी की है कि इस से प्रेस को क्षति पहुंचेगी। मैं उनकी आशंकाओं से सहमत नहीं हूं। अधिकतम दण्ड के उपबन्ध होने का यह अर्थ नहीं कि उतना दण्ड अवश्य ही दिया जाये। हो सकता है कि केवल एक रुपया जुर्माना किया जाये। यह तो अपराध के रूप पर निर्भर करता है और मुझे विश्वास है कि दण्ड देने वाले प्राधिकारी इस बात को अपने ध्यान में रखेंगे। जब तक हम कोई दण्ड लागू न करेंगे, तब तक हम प्रामाणिक तथ्य तथा आंकड़े प्राप्त करन की आशा नहीं कर सकते। यदि कोई दण्ड

[डा० केसकर]

न लगाया गया तो तथ्यों को पूर्ण रूपेण उपेक्षित किया जाता रहेगा, और हम इस दिशा में राई भर भी प्रगति न कर सकेंगे। दण्ड लगाये बिना हम वांछित उद्देश्य न प्राप्त कर सकेंगे। निस्सन्देह यह सत्य है कि कुछ एक पत्र, और विशेषतः व्यापारिक और औद्योगिक क्षेत्र के पत्र ऐसे हैं जो नहीं चाहते कि ऐसे तथ्य तथा आंकड़े दिये जायें जिन्हें वे जनता के सामने रखना अपने लिये हितकर नहीं समझते। इसीलिये हम चाहते हैं कि ये तथ्य और आंकड़े जनता के सामने रखे जायें और जनता उनके स्रोतों अथवा उद्देश्यों को जाने जो उन्हें किसी पत्र या पत्रिका को किसी विशेष प्रकार से प्रकाशित करने के लिये प्रेरित करते हैं। वे अपनी राय जनता के सम्मुख स्वतन्त्रतापूर्वक अभिव्यक्त करें, मुझे इस बारे में कोई आपत्ति नहीं है। मुझे विश्वास है कि सदस्यगण मेरे इस कथन से सहमत होंगे कि यह एक महान् कल्याणकारी उपबन्ध है और इसके बिना तो विधेयक अक्रियाकारी सिद्ध होगा।

श्री टी० एन० सिंह ने यह सुझाव दिया था कि समाचार पत्रों को इस बात के लिये बाध्य किया जाये, कि वे जनता को बतायें कि उनकी कुल बिक्री कितनी है। मैं समझता हूं कि वे अपनी संख्या प्रकाशित करते हैं; वह संख्या सत्य है अथवा झूठ—इसका निर्णय करना कठिन है। हो सकता है, कि कुछ पत्रों के बारे में यह संख्या सत्य हो, और कुछ के बारे में गलत हो।

डा० लका सुन्दरम् : क्या आप किसी भी पत्र की संख्या की जांच कर सकते हैं ? क्या आप किसी भी उपबन्ध के अधीन ऐसा कर सकते हैं ?

डा० केसकर : नहीं, इस समय तो नहीं। विधेयक के पारित होने के उपरान्त हम ऐसा कर सकेंगे। यदि ऐसा समझा गया कि कोई संख्या गलत है तो उस समय उसकी जांच करने का अधिकार निश्चय ही हमारे पास होगा। पंजीयक (रजिस्ट्रार) के पास उसकी जांच करने का पूर्ण अधिकार होगा। किसी भी विधि में यह बात विस्तार-पूर्वक लिखना बड़ा कठिन है कि कोई उपबन्ध किस प्रकार से कार्यान्वित किया जायेगा। ऐसे मामलों में तो हमें निरन्तर संशोधन करने ही पड़ेंगे।

समाचार-पत्र उद्योग के वित्तीय विवरणों तथा आंकड़ों पर केवल उसी समय सुचारु रूप से नियंत्रण रखा जा सकेगा, जब कि केन्द्रीय सरकार उद्योगों पर नियंत्रण रखने का अधिकार प्राप्त कर लेगी, और जैसा मैं ने कहा है यह बात विचाराधीन है और शीघ्र ही सभा के सम्मुख रखी जायेगी। मुझे आशा है कि यह हो जाने के बाद इस दिशा में अधिक नियंत्रण रखा जा सकेगा। माननीय सदस्य इस बात का विश्वास रखें कि यह अवश्य होगा।

जहां तक रखे गये संशोधनों का सम्बन्ध है, मैं नहीं समझता कि वे इतने महत्वपूर्ण हैं। जहां तक अन्य संशोधनों का सम्बन्ध है, मैं उन पर उस समय बोलूंगा जब कि वे प्रस्तुत किये जायेंगे।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती : प्रतिज्ञान-पत्र के सम्बन्ध में मैं ने जो प्रश्न किया था माननीय मंत्री ने उस पर कुछ नहीं कहा है। अब जो संशोधन प्रस्थापित किए जा रहे हैं उन से प्रतिज्ञान-पत्र में और भी कठोरता आ जाएगी। हमें यह बात समझ में नहीं आती कि उन्हें पुरःस्थापित क्यों किया जा रहा है ?

डा० केसकर : मेरी समझ में यह नहीं आया कि प्रतिज्ञान-पत्र में कठोरता कहां आती है। क्या माननीय सदस्य का संकेत इस उपबन्ध की ओर है कि निवास-स्थान अथवा नगर में ज्यों ही कोई परिवर्तन हो त्यों ही एक नया प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए ?

श्रीमती रेंणु चक्रवर्ती : जी नहीं । उपबन्ध यह है कि यदि समाचार-पत्र आदि छः सप्ताह के भीतर और कुछ मामलों में तीन महीने के भीतर प्रकाशित न हों तो तुरंत ही अपने आप वह प्रतिज्ञान-पत्र व्ययगत हो जाएगा । यह आवश्यक क्यों है ?

डा० केसकर : यह उपबन्ध बहुत ही अधिक युक्तियुक्त है । संभवतः माननीय सदस्या के ध्यान में एक या दो विशेष मामले हैं। हमारा आम तजुर्बा यह है कि बहुत से पत्र बल्कि व्यक्ति प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत कर देते हैं और वह पत्र कभी भी प्रकाशित नहीं करते या तीन महीनों में एक बार पत्र निकालते हैं । कई बार वह एक ही अंक छापते हैं और फिर महीनों तक और अंक नहीं निकालते । ऐसे कई एक हास्यास्पद मामले हुए हैं और ऐसी एक या दो बातों की श्री यू० एम० त्रिवेदी ने चर्चा की थी । मेरे विचार में यह ऐसा उपबन्ध है जिसका बहुत ही स्वागत किया जाना चाहिए मेरा विचार है कि इसमें कठोरता नाम को भी नहीं है । यदि कोई पत्र प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत करने के बाद तीन महीने के भीतर पत्र प्रकाशित नहीं करता तो मैं नहीं समझता कि उसके प्रतिज्ञान-पत्र देने में कोई औचित्य है । माननीय सदस्य ने कहा था कि ऐसे कुछ व्यक्ति जो आवश्यक वित्तीय साधन न जुटा सकें उन के लिए यह प्रतिबन्ध बहुत ही कठोर होगा तो ऐसे व्यक्ति जो एक नया पत्र निकालना चाहते हों, जब उन्हें यह विश्वास हो जाए कि उनके पास वित्त है वह तब प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं । जब आपको यही विश्वास नहीं कि आप पत्र निकाल सकते हैं तब प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता ही क्या है ? मेरी समझ में नहीं आता कि यह प्रतिज्ञान-पत्र कठोर किस प्रकार है । मैं माननीय सदस्य से यह समझना चाहूंगा कि उसके विचार में इसमें कठोरता कहां है ?

श्री के० के० बसु : वर्तमान विधि-प्रणाली में जो प्रशासनीय कठिनाई अनुभव की गई है और जिसके कारण यह प्रतिबन्ध आवश्यक है, वह क्या है ? इसे स्पष्ट करना चाहिए ।

डा० केसकर : इसके दो पहलू हैं । पहला तो उस व्यक्ति के बारे में है जो प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत करता है और पत्र प्रकाशित नहीं करता । इस स्थिति में वह एक गलत और झूठा प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत करता है। दूसरा पहलू यह है कि ऐसे बहुत से पत्र हैं जो यह दावा करते हैं कि वह दैनिक अथवा साप्ताहिक होंगे । वह जनता से चन्दा ले चुके हैं । लेकिन उन्होंने अपना पत्र नहीं निकाला है । ऐसे पत्र जो सप्ताह में केवल एक बार प्रकाशित किए गए हैं उनके दैनिक पत्र होने का दावा किया गया है । इस दृष्टिकोण से मेरे विचार में जब आप प्रतिज्ञान पत्र प्रस्तुत करते हैं और कुछ दिनों तक पत्र निकालते हैं और बाद में उसे प्रकाशित नहीं करते तो यह जनता को धोखा देना हैं । मेरे विचार में यह प्रतिबन्ध इतना स्पष्ट और इतना औचित्य है कि मैं नहीं समझता कि यह किसी प्रकार भी एक कठोर प्रतिबन्ध है । मान लीजिये यदि कोई माननीय सदस्य, वह पुरुष हो या महिला, एक पत्र निकालना चाहे तो वह प्रतिज्ञान-पत्र दे सकता है । प्रतिज्ञान-पत्र देने से आसान बात और कोई दूसरी नहीं है । मुझे मालूम नहीं कि वह किस प्रकार एक प्रतिज्ञान-पत्र देने, एक और प्रतिज्ञान-पत्र देने, से रोके जा सकते हैं ।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती : यदि प्रतिज्ञान-पत्र दिए जाने के बाद पत्र प्रकाशित नहीं होता तो मुझे इसमें कोई कठिनाई नजर नहीं आती । एक और प्रतिज्ञान-पत्र की क्या आवश्यकता है ? यदि पत्र छपता है तो ठीक है । लेकिन यदि कोई व्यक्ति पत्र नहीं निकाल सकता तब भी ठीक है, वह नहीं छपता है ।

डा० केसकर : यह एक सीधा सादा प्रतिज्ञान-पत्र है । यह निरर्थक प्रकार का नहीं है। आप प्रतिज्ञान-पत्र को यह कह कर अनिश्चित समय तक लम्बित नहीं रख सकते कि मैं पत्र

[डा० कसकर]

निकालने जा रहा हूं और फिर भी उसे न निकालें । मेरे विचार में प्रतिज्ञान-पत्र को अनिश्चित समय के लिए लम्बित रखना एक व्यावहारिक प्रस्थापना नहीं है । परन्तु इस से किसी व्यक्ति पर जितनी बार भी वह चाहे एक प्रतिज्ञान-पत्र देकर पत्र निकालने के लिए कोई रुकावट नहीं होती ह । यह कार्य-वाही इतनी सरल है और इसमें कोई कठिनाई नहीं है । वास्तव में उन में से सैंकड़ों लम्बित हैं और पत्र निकाले नहीं गए हैं । इसलिए इससे माननीया सदस्या के लिए किस प्रकार कठिनाई उत्पन्न होती है, यह मुझे मालूम नहीं । मैं यह जानना चाहूंगा कि एक नए प्रतिज्ञान-पत्र से किस प्रकार कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं ?

सभापति महोदय : कई प्रश्न पूछे गए हैं और उनका उत्तर दे दिया गया है और उन पर वाद-विवाद हुआ है यद्यपि यह प्रश्न काल नहीं ह । अभी बहुत से संशोधन विचारार्थ शेष हैं । संशोधन रखे जा रहे हैं और अभी तीसरा वाचन भी होगा । इसलिए मैं प्रस्ताव को मतदान के लिए रखूंगा ।

प्रश्न यह है :

"कि मुद्रणालय तथा पुस्तक पंजीयन अधिनियम, १८६७ और आगे संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

नागरिकता विधेयक

गृह-कार्य उपमंत्री (श्री दातार) : मैं भारतीय नागरिकता के अर्जन तथा समाप्ति का उपबन्ध करने वाले विधेयक सम्बन्धी संयुक्त समिति के प्रतिवेदन को उपस्थापित करता हूं ।

मुद्रणालय तथा पुस्तक पंजीयन संशोधन विधेयक—जारी

खंड २ से १५

सभापति महोदय : खंड २ से १५ के लिए मुझे कोई संशोधन नहीं मिला है । मैं खंड २ से १५ को सदन के सम्मुख मतदान के लिये रखता हूं ।

श्री साधन गुप्त (कलकत्ता-दक्षिण-पूर्व) : हमें इन खंडों पर कुछ कहना है । क्या आपका आदेश यह है कि इन पर इकट्ठे ही विचार किया जाएगा या हम अलग-अलग खंडों पर भी विचार कर सकते हैं ?

सभापति महोदय : यदि माननीय सदस्य को किसी विशेष खंड के सम्बन्ध में कोई विशेष बात कहनी हो तो मैं उन्हें इसकी अनुमति दे दूंगा ।

श्री साधन गुप्त : मैं खंड ३ और ६ पर कुछ कहना चाहता हूं ।

सभापति महोदय : हां ।

श्री साधन गुप्त : जहां तक खंड ३ का सम्बन्ध है, मुझे परिभाषाओं के बारे में—विशेष रूप से अन्तिम दो परिभाषाओं के बारे में—कुछ आशंकाएं हैं । 'पत्र' (पेपर) की परिभाषा की कोई आवश्यकता नहीं है । मैं इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण चाहता हूं कि 'पत्र' (पेपर) की परिभाषा यहां क्यों रखी गई है ।

दूसरी बात मुद्रण के बारे में है । उस परिभाषा से तो और भी अधिक आशंकाएं उठती हैं । यह कहा जाता है कि आजकल बहुत बड़ी संख्या में 'साइक्लोस्टायल' करने वाली मशीनों का उपयोग किया जा रहा है । मेरा कहना यह है कि 'साइक्लोस्टायल करने वाली मशीनों का उपयोग गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा किया जाता है । उदाहरणार्थ, बहुत से कार्मिक संघ बुलेटिन निकालते हैं—उनमें से कुछ सावधिक बुलेटिन निकालते हैं—और इन बुलेटिनों में समाचार आदि रहते हैं । कहने का अभिप्राय यह है कि यदि

'साइक्लोस्टायल' करने वाली मशीनों का दुरुपयोग किया जाये तब तो हम ऐसा कोई उपबन्ध कर सकते हैं। परन्तु जब तक ऐसी कोई कार्यवाही न हो तब तक हमें गैर-सरकारी संस्थाओं के कार्य में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये।

खंड ६ के बारे में मेरा ख्याल यह है कि पुराने प्रतिज्ञान-पत्रों के रद्द होने और नये प्रतिज्ञान-पत्रों के दायर किये जाने से सम्बन्धित उपबन्ध समाचार-पत्रों के स्वस्थ विकास में बाधक सिद्ध होगा। हमारे जैसे देश में यह उपबन्ध रखना कि वित्त की व्यवस्था अधिक से अधिक ६ सप्ताह के अन्दर करनी होगी, ठीक नहीं होगा और इससे एक असम्भव स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

इसी आधार पर यह उपबन्ध भी उचित नहीं होगा कि तीन मास की कालावधि में प्रमुख संख्या में अंक निकालने ही पड़ेंगे। हो सकता है कि वित्तीय संकट के कारण किसी पत्र के यथेष्ट संख्या में अंक न निकल सकें। इसलिये समाचार पत्रों के स्वस्थ विकास के हित में इस प्रकार का कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाया जाना चाहिये।

माननीय मंत्री ने कहा कि दूसरा प्रतिज्ञान-पत्र दायर करने में कठिनाई ही क्या है। मैं नहीं जानता कि देश के इस भाग में हालत क्या है, परन्तु जहां तक मेरी तरफ के इलाके का सम्बन्ध है मैं जानता हूं कि वहां प्रतिज्ञान-पत्र देना कोई इतना सरल कार्य नहीं है। एक वकील होने के नाते मुझे ज्ञात है कि बहुत से मामलों में जब समाचार पत्रों ने प्रतिज्ञान-पत्र देना चाहा तो मजिस्ट्रेट ने पुलिस द्वारा जांच की जाने का आदेश दिया। महीनों बाद प्रतिज्ञान-पत्र दिया गया। तो जब इस कार्य में ही महीनों लग गये और ६ सप्ताह की कालावधि के भीतर ही वित्त की व्यवस्था न हुई तो उसे दूसरा पत्र निकालने के लिये फिर महीनों तक इंतजार करना होगा। आप कह सकते हैं कि इस दशा में उच्च न्यायालय से परमादेश लिया जा सकता है। परन्तु इसमें भी महीनों लग सकते हैं। ऐसी स्थिति उत्पन्न ही क्यों की जाये जिससे कठिनाई हो ?

सभापति महोदय : मेरा विचार है कि इन संशोधनों के लिये लगभग १ घंटा रखा जाये। ये सब संशोधन सामान्यतया खंड १६ से १८ तक के सम्बन्ध में हैं। खंड २ से १५ तक के सम्बन्ध में केई संशोधन नहीं है, यद्यपि उन पर अब चर्चा हो रही है। मैं किसी माननीय सदस्य को भाषण देने से रोक नहीं रहा हूं, परन्तु उन्हें यह ध्यान रखना चाहिये कि इन खंडों पर वे सामान्य चर्चा के रूप में बोल रहे हैं। इसलिये मैं माननीय सदस्यों से प्रार्थना करूंगा कि वे यह प्रयत्न करें कि कुछ समय उन संशोधनों पर चर्चा करने के लिये रखा जाये जो बाद में खंड १६ से १८ तक के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये जायें। खड २ से १५ तक के विषय में उन्हें जो कुछ कहना है वे शीघ्रता से कह डालें।

श्री राघवैया : आप के सुझाव के अनुसार मैं केवल खड ४ पर ही बोलूंगा। परिभाषाओं के अनुसार "विहित" शब्द का अर्थ है केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए नियमों द्वारा विहित। सरकार ने इस का संशोधन प्रस्तुत किया है कि सब नियम बनाए जाने के उपरान्त संसद् की दोनों सभाओं के समक्ष रखे जाएगे। नियमों का बनाना एक महत्वपूर्ण काम है। अतः सभा को उन नियमों की ओर पर्याप्त ध्यान देना चाहिए जो सरकार विधानों के लागू करने के लिए बनाती है। नियमों के बनाने में सरकार जैसा चाहे कर सकती है।

सभापति महोदय : क्या मैं माननीय सदस्य की बात में बाधा डाल सकता हूं ? खण्ड १५ तक कोई संशोधन नहीं है। मंत्री और श्री कामथ ने खण्ड १६ में संशोधन प्रस्तुत किये हैं। इस बात पर उस समय विचार किया जाएगा जब इन संशोधनों पर चर्चा होगी। यदि माननीय सदस्य खण्ड २ से १५ तक कुछ कहना चाहें, तो कहें।

श्री राघवैया : मैं खण्ड ४ के इसी संशोधन पर बोलूंगा ।

सभापति महोदय : अर्थात् खण्ड १८ पर ।

राघवैया : नहीं, मैं इसी प्रश्न पर कुछ सामान्य बातें कहूंगा ।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य किस विषय पर बोलना चाहते हैं ? खण्ड १८ में नियम बनाने की शक्ति प्रदान की गई है और इन नियमों को दोनों सदनों के सामने रखने के सुझाव भी हैं । श्री कामत का सुझाव है कि सदन उन पर विचार करे और रूपभेद करे आदि । माननीय सदस्य उस समय पर ही बोलें, जब हम खण्ड १८ पर विचार करेंगे ।

श्री राघवैया : मैं खण्ड ४ की परिभाषाओं पर बोलूंगा । "पत्र", "मुद्रण" और "विहित" आदि की परिभाषाएं सरकार ने अपनी सुविधा के अनुसार दी हैं ।

मुद्रण की परिभाषा साइक्लोस्टायल करना और शिला मुद्रण दी गई हैं । इस पर पर्याप्त कहा जा चुका है । साइक्लोस्टायल हुए लेखों पर प्रतिबन्ध लगाने के विषय पर सब सहमत हैं । अपने उत्तर में मंत्री जी ने भी यही कहा है कि कुछ दलों द्वारा निकाले गये साइक्लोस्टायल किए हुए पत्रों पर वह प्रतिबन्ध लागू नहीं है, जो समाचारपत्रों तथा अन्य प्रकाशनों पर लागू है । मंत्री जी का उत्तर यद्यपि सराहनीय है परन्तु उन्होंने कहा है कि ऐसे लेखों का समावेश किया जाएगा और जब नियम बनाए जाएंगे तो इस बात को ध्यान में रखा जाएगा । मैं मंत्री जी से सहमत नहीं हूं, क्योंकि इन नियमों पर किसी भी सदन द्वारा विचार नहीं किया जाएगा और विचार करते समय इन पर कोई संशोधन नहीं होंगे । इसलिए मैं मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि ऐसे पत्रों का विधान में ही उल्लेख होना चाहिय ।

मैं चाहता हूं कि "पत्र" की परिभाषा भी अपने आप स्पष्ट होनी चाहिए । जो परिभाषा दी गई है वह अस्पष्ट है और सरकार नियम बनाते समय जो चाहे ला सकती है । अतः मुझे पूर्ण विश्वास है कि माननीय मंत्री उस भावना को ध्यान में रखेंगे जिसमें मैं ने इन परिभाषाओं पर आलोचना की है और उन को संशोधित करने की चेष्टा करेंगे ।

डा० केसकर : मैं माननीय सदस्यों का ध्यान प्रैस आयोग के प्रतिवेदन के ३९४, ३९५ और ३९६ पृष्ठों की ओर दिलाता हूं । इन पृष्ठों में आयोग ने न केवल इन परिभाषाओं का सुझाव देने के ही कारण दिए हैं, बल्कि इस बात के भी कारण दिए हैं कि ऐसा करना उन्हें क्यों आवश्यक प्रतीत हुआ । उन्होंने प्रेस आयोग के प्रतिवेदन के पृष्ठ ३९६ पर उदाहरण भी दिये हैं और इस बात का उल्लेख किया है कि उन पत्रों के संबंध में प्रतिज्ञान-पत्र निरर्थक हो जाने चाहिएं जिनके बारे में सम्बन्धित व्यक्ति प्रतिज्ञान-पत्र तो प्रस्तुत कर देते हैं, परन्तु उन्हें प्रकाशित नहीं करते, उन समाचार पत्रों के सम्बन्ध में सही आंकड़े देना कठिन हो जाता है, और राज्य सरकारों के सही आंकड़े देने में असफल रहने का एक कारण यह भी है कि बहुत से समाचार पत्र अपना प्रतिज्ञान-पत्र तो प्रस्तुत कर देते हैं, लेकिन कोई भी प्रति प्रकाशित नहीं करते । राज्य सरकारों के लिए उन सब पत्रों का ठीक ठीक पता रखना बड़ा कठिन सिद्ध हुआ है जो प्रकाशित होते हैं या जिन्होंने प्रतिज्ञान-पत्र प्रस्तुत कर दिया है और कोई प्रति प्रकाशित नहीं की या जिन्होंने प्रतिज्ञानपत्र प्रस्तुत कर दिया है, एक प्रति निकाली है और फिर कोई अंक नहीं प्रकाशित किया ।

मैं माननीय सदस्यों का ध्यान एक बात की ओर और दिलाना चाहता हूं । जैसा कि आयोग ने कहा है कि प्रैस और पुस्तकों का पंजीयन अधिनियम, १८६७ के अनुसार 'पत्र' वही परिभाषा है जिस पर यह आपत्ति की गई

है; और इस पर आज भी अभियोग चलाया जा सकता है । परन्तु ऐसा हुआ नहीं है। जो सुझाव आज हम रख रहे हैं, उस पर आपत्ति प्रकट करने और सही और अपेक्षतया ठीक परिभाषा देने की चेष्टा करने के बजाए माननीय सदस्य हमारे ऊपर यह लांछन लगा रहे हैं कि हम अपनी सुविधा के अनुसार परिभाषा देने जा रहे हैं । यह परिभाषा प्रैस आयोग ने पूरे पूरे कारणों के आधार पर दी है । यथार्थतः मैं ने कहा था कि अस्पष्टता को दूर करने के लिए हमारा सुझाव आमन्त्रण पत्रों, कार्डों आदि कुछ श्रेणियों को मुक्त करने के लिये नियम बनाने का है । यह अभी तक नहीं किया गया है यद्यपि वह व्यापक परिभाषा प्रैस और पुस्तकों के पंजीयन अधिनियम में विद्यमान है ।

अतः मुझे उस बात का समर्थन करने की आवश्यकता नहीं जो मैंने करने का विचार किया है ।

श्री ए० एम० थामस् : आक्षेप इसलिए किया गया था कि 'पत्र' शब्द विधेयक में नहीं है ।

डा० केसकर : यह वहां पर है । यह शब्द माननीय सदस्य को प्रैस और पुस्तकों का पंजीयन अधिनियम में मिलेगा । परन्तु अब सुझाव दिया गया है कि इस का अर्थ कोई 'दस्तावेज' है । यह केवल 'पत्र' ही नहीं है । यहां पर इसकी अधिक अच्छी परिभाषा दी गई है । अतः, ऐसा नहीं है कि 'पत्र' शब्द मूल अधिनियम में नहीं है । 'पत्र' शब्द वहां है, परन्तु यहां इस की अधिक अच्छी परिभाषा दी गई है और यह परिभाषा प्रैस आयोग ने दी है । परन्तु हम प्रस आयोग से भी अधिक ठीक बात रखना चाहते हैं ताकि इस परिभाषा में कुछ न्यायोचित बातें न आ सकेंगी ।

मैं फिर जोर देना चाहता हूं कि यह परिभाषा केवल उन पत्रों पर लागू होती है जो जनता में परिचालन के लिए प्रकाशित किए जाते हैं । यह उन पत्रों पर लागू नहीं होती जो दलों और निजी व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत परिचालन के लिए बांटे जाते हैं । मेरे विचार में उन व्यक्तियों से, जो पत्रों को बेचना और जनता में बांटना चाहते हैं, पत्रों पर, केवल मुद्रक और प्रकाशक का नाम देने के लिए कहना न्यायोचित ही है । मेरी समझ में नहीं आता कि यह उन पर प्रतिबन्ध कैसे हो जाता है । मेरे विचार में यह बिलकुल प्रतिबन्ध नही है । यथार्थ म कुछ देशों में यदि कभी आप कोई पर्चियां (हैंड बिल) छाप तो उस के नीचे मुद्रक और प्रकाशक का नाम देना पड़ता है । अतः, मेरे विचार में इस में कोई गलती नहीं है यथार्थ में यह उचित है, और किसी को यह आक्षेप नहीं उठाना चाहिये कि यह उन पर प्रतिबन्ध है ।

दूसरी बात जो मेरे माननीय मित्र ने उठायी है, वह केवल दूसरे माननीय सदस्यों की बात ही को दोहराया है । यदि किसी ढंग से माननीय सदस्य की शंकाओं का समाधान हो जाए तो मैं इस पर विचार करुंगा । परन्तु जहां तक हमारा सम्बन्ध है, हम ने इस विषय पर ध्यानपूर्वक विचार किया है और हमने न केवल उन चीजों को ही अपेक्षतया अच्छा बनाया है जो इस समय विद्यमान हैं, बल्कि प्रेस आयोग के सुझाव पर भी सुधार किया है। उदाहरणतः, प्रस आयोग ने १९५३ के आंकड़ा संग्रह अधिनियम में से उद्धरण दिया है । यदि माननीय सदस्य इस अधिनियम को देखें तो उन्हें पता चलेगा कि वह अधिनियम हमारे इन सुझावों की अपेक्षा अधिक कठोर है । हमने बहुत अधिक उदार होने की चेष्टा की है । यथार्थ में, मैं माननीय सदस्यों को अपनी कठिनाईयां बताने के लिये कहता हूं ताकि हम उनका समाधान कर सकें । निश्चय हम उन कठिनाइयों पर विचार करेंगे और उनको दूर करने की चेष्टा करेंगे और उन नियमों द्वारा जो हम बनाएंगे ,इस परिभाषा को और अधिक लचीला और व्यवहार योग्य बनाएंगे ।

सभापति महोदय : यदि कोई माननीय सदस्य किसी विशेष खण्ड को भिन्न रूप स न रखना चाहते हों, तो मैं इन सब खण्डों को एक साथ मतदान के लिए रखूंगा

प्रश्न यह है :

"कि खण्ड २ से १५ तक विधयक का अंग बनें ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

खंड २ स १५ विधयक में जोड़ दिय गये

खण्ड १६—(नये भाग ५क का रखा जाना आदि)

डा० लंका सुन्दरम् : संशोधनों की सूची संख्या २ मुझे, मंत्री जी और आपको दी गई है । मैं सदन की अनमति चाहता हूं कि वह मुझे पढ़कर सुनाने की अनुज्ञा दें ।

सभापति महोदय : मेरे विचार में वह पहले ही परिचालित कर दी गयी है ।

डा० लंका सुन्दरम : सब माननीय सदस्यों को नहीं । मैं उन संशोधनों पर भाषण नहीं दूंगा, परन्तु मैं केवल अभिलेख के उद्देश्य से पढ़ना चाहता हूं ।

डा० लंका सुन्दरम द्वारा खंड १६ पर अपने संशोधन संख्या ७, ८, ९, १०, ११ और १२ प्रस्तुत किये गये ।

डा० लंका सुन्दरम : मझे केवल दो छोटी छोटी बात ही कहनी हैं । क्योंकि अभी इन संशोधनों को परिचालित नहीं किया गया था क्योंकि मंत्री महोदय ने कृपा कर . . .

सभापति महोदय : मेरे ख्याल से संशोधन संख्या ११ और १२ तो प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे

डा० लंका सुन्दरम् : यह प्रश्न तो मंत्री महोदय के संशोधन संख्या १ और २ के प्रस्तुत होने के बाद उत्पन्न होता है ।

सभापति महोदय : तब सभी संशोधन प्रस्तुत किये जाये और खण्ड १६ से संबंधित सभी संशोधनों पर विचार किया जाये ।

डा० लंका सुन्दरम् : मेरे नाम में दो संशोधन खण्ड १८ के लिए हैं, मैं उन्हें बाद में प्रस्तुत करूंगा । मैं उन संशोधनों के संबंध म कुछ बातें कहना चाहता हूं जिन्हें मैं प्रस्तुत कर चुका हूं ।

श्री जयपाल सिंह : (रांची-पश्चिमी-रक्षित-अनुसूचित आदिम जातियां) : मुझे बाधा देते हुए खेद है, परन्तु जब इन संशोधनों के प्रस्तुत कर्त्ता यह कह चुके हैं कि अब तक इन संशोधनों को परिचालित नहीं किया गया है, तो मेरी समझ में नहीं आता कि वह हमसे क्या अपेक्षा कर सकते हैं ।

डा० लंका सुन्दरम् : इस सदन की परम्परा रही है कि संशोधनों के लिए पूर्व सूचना आवश्यक नहीं मानी जाती रही ह । पहले के विधेयक पर विचार स्थगित कर दिये जाने के कारण ही आज इस विधेयक पर विचार किया जा रहा है, इसी म माननीय सदस्यों को इस संशोधन की प्रतिलिपियां नहीं मिल सकी हैं ।

श्री ए० एम० थामस : मंत्री महोदय यह आश्वासन दे चुके हैं कि वह एक समुचित विधान में इन सुझावों को सम्मिलित कर लेंगे ।

सभापति महोदय : यह तो दूसरी बात है । जहां तक पूर्व-सूचना के प्रश्न को हटा देने का प्रश्न है, मंत्री महोदय ने अब तक उस पर कोई आपत्ति नहीं की है, और इसीलिए मैंने उन सभी संशोधनों पर से पूर्व-सूचना का प्रतिबन्ध हटा दिया है जिनकी सूचना आज ही दी गयी है । इस कारण माननीय सदस्य अपना संशोधन प्रस्तुत कर सकते हैं ।

डा० लंका सुन्दरम् : इसके सम्बन्ध में मैं एक ही बात कहना चाहता हूं कि मंत्री महोदय ने इन संशोधनों का पूर्वानुमान कर लिया था और बहस का उत्तर देते समय ही इन पर सामान्य रूप से कुछ विचार प्रगट किये थे । मैं इसी बात से सन्तुष्ट हूं कि शीघ्र

ही सदन के सामने एक या दो विधान लाये जायेंगे और इन संशोधनों में दी गयी बातों को लागू कर दिया जायेगा ।

डा० केसकर : बिल्कुल ठीक ।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती : क्या मैं यह प्रस्ताव कर सकती हूं कि प्रत्येक खंड पर अलग-अलग मतदान किया जाये ।

सभापति महोदय : उन पर अलग-अलग ही विचार किया जा रहा है । इस समय खण्ड १६ विचाराधीन है ।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती : उन्होंने संशोधन तो खण्ड १६ के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये हैं पर अब भाषण खण्ड १९ के सम्बन्ध में दे रहे हैं ।

सभापति महोदय : वह खण्ड १६ के सम्बन्ध में ही बोल रहे हैं । संशोधन संख्या ७ से १२ प्रस्तुत हुए ।

श्री श्रीनारायण दास द्वारा खण्ड १६ पर अपने संशोधन संख्या १५, १६, १७, १८ और १९ प्रस्तुत किये गये ।

सभापति महोदय : ये सब संशोधन सभा के सामने हैं ।

डा० केसकर : मैंने अपने भाषण में इसका कारण बता दिया था कि इन संशोधनों को अभी स्वीकार करना क्यों सम्भव नहीं हैं । जहां तक समाचार अभिकरणों का सम्बन्ध है, हम नहीं समझते कि उन्हें इस विधेयक के क्षेत्राधिकार में लाना सम्भव होगा । जैसा कि मैंने पहले कहा था, हम शीघ्र ही एक विधान प्रस्तुत करेंगे जो केन्द्रीय सरकार को अधिकार प्रदान करेगा, और यदि यह अधिकार प्राप्त कर लिया गया तो निश्चय ही हम उस दिशा में अग्रसर होंगे जिसकी ओर माननीय सदस्य ने संकेत किया है । बात हमारे ध्यान में है और इसकी अवहेलना नहीं की जायगी । इसी कारण से मैं श्री एस० एन० दास के संशोधन से भी सहमत नहीं हो सका हूं ।

सभापति महोदय : मंत्री महोदय नाम में भी कुछ संशोधन हैं ।

डा० केसकर : मेरे नाम में जो संशोधन संख्या १ और २ हैं उन्हें मने सभा पटल पर रख दिया है अपने भाषण म मैंने यह स्पष्ट कर दिया था कि वे क्यों आवश्यक हैं और इस समय मैं उसमें कुछ और जोड़ना आवश्यक नहीं समझता ।

श्री राघवाचारी (पेनुकोंडा) : जिन माननीय सदस्य ने संशोधन प्रस्तुत किये थ वह संशोधन सरकार द्वारा स्वीकृत न किय जाने पर भी संतुष्ट हैं । परन्तु जहां तक इस सभा का प्रश्न है, हम उन पर मत देने के लिए स्वतन्त्र हैं । इसलिए हमें अनमति दी जाय कि.....

सभापति महोदय : कभी कभी ऐसा होता है कि सदस्य अपना संशोधन वापस लेना चाहते हैं, परन्तु सभा उन्हें इस बात की अनुमति नहीं देती । अगर माननीय सदस्य अपना संशोधन वापस लेना चाहें तो मैं इसके लिए सभा की अनुमति प्राप्त करने के उद्देश्य से संशोधन को सदन के सामने प्रस्तुत करूंगा ।

श्री राघवाचारी : मेरा निवेदन केवल यही था कि विलम्ब तो हो गया है, परन्तु इन संशोधनों को सदस्यों में परिचालित किया जाये ।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य को यह आपत्ति पहले ही करनी चाहिए थी, अब काफ़ी देर हो चुकी हैं ।

डा० लंका सुन्दरम् : मैं अपने संशोधन वापस लेने के लिए सदन की अनुमति चाहता हूं ।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य अपने संशोधन वापस लेना चाहते हैं । इस सम्बन्ध में मैं सदन की राय जानना चाहता हूं ।

अनेक माननीय सदस्य : नहीं, नहीं !

सभापति महोदय : क्योंकि अनेक माननीय सदस्य

[सभापति महोदय]

इसके विरुद्ध है इसलिए मैं अब इस पर सदन का मत लूंगा। मैं माननीय सदस्यों से अनुरोध करूंगा कि वे अपने अपने स्थान पर खड़े हो जायें।

श्री के० के० बसु : यदि घंटी बजा दी जाय तो हम अपने स्थान पर खड़े हो जायेंगे।

सभापति महोदय : अच्छी बात है, घंटी बजा दी जाये।

[**उपाध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुए]

सरदार हकम सिंह : मैं सभापति के विनिर्णय देने के अधिकार पर कोई सन्देह नहीं करता परन्तु आपका विनिर्णय चाहता हूं साधारणतया यहां यह प्रथा रही है कि केवल उन्हीं संशोधनों पर से पूर्व सूचना का प्रतिबन्ध हटाया जाता है जिन्हें सरकार स्वीकार करने वाली होती है। सब बार भी प्रतिबन्ध हटाया गया और प्रायः सबकी धारणा थी कि सरकार इन संशोधनों को स्वीकार करने के पक्ष में है। संशोधन प्रस्तुत किये गये थे परन्तु सदस्यों में परिचालित नहीं किये गये थे।

उपाध्यक्ष महोदय : इस समय लम्बा भाषण आवश्यक नहीं है।

पंडित ठाकुर दास भार्गव : मेरे माननीय मित्र ने आपको यह नहीं बताया कि यह संशोधन वापस लेने की अनुमति न मिलने पर प्रस्ताव सदन के सामने मतदान के लिये प्रस्तुत भी किया गया था। अब मत विभाजन की घंटी भी बज चुकी है और यह बातें कहने के लिए अब बहुत देर हो चुकी है।

डा० केसकर : संशोधन प्रस्तुत करने की अनुमति दी जा चुकी है, चाहे उन पर मतदान हो या न हो, परन्तु मेरा केवल यही निवेदन है कि इस समय प्रस्तुत संशोधन केन्द्रीय सरकार और संसद् के अधिकार-क्षेत्र से बाहर हैं। इसीलिए हम उन्हें स्वीकार करने में असमर्थ हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : कुछ भी हो, यह सब बातें अब अर्थहीन हैं। अब प्रत्येक सदस्य यह कहने के लिए स्वतंत्र है कि संशोधनों को वापस लेने की अनुमति दी जाय अथवा नहीं। माननीय सदस्य यह कह चुके हैं और इसीलिए मत विभाजन की घंटी बजा दी गयी है। अब तक जो कुछ हो चुका है, उसकी दृष्टि से अब सदन ही निर्णय दे सकता है। मैं प्रश्न अर्थात उन संशोधनों को जिनको डा० लंका सुन्दरम वापस लेना चाहते हैं पुनः प्रस्तुत करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन संख्या ७, ८, ९, १०, ११ और १२ मतदान के लिये रखे गये।

सभा में मत विभाजन हुआ।

[**अध्यक्ष महोदय** पीठासीन हुए]

श्री कामत : इससे पूर्व कि आप इस मत विभाजन का परिणाम घोषित करें, क्यों मैं आपका ध्यान नियम संख्या ३८५(४)(६) की ओर आकृष्ट कर सकता हूँ?

अध्यक्ष महोदय : आप क्या कहना चाहते हैं ?

श्री कामत : जहां तक विरोधी पक्ष के सदस्यों को ज्ञात है, मंत्री महोदय ने हां वाले कक्ष में विरोधीपक्ष के साथ मतदान किया है। यदि कोई सदस्य भूल से गलत कक्ष में जाकर मतदान कर आता है तो इस नियम के अनुसार परिणाम की घोषणा किये जाने से पहले आपको सूचना देकर वह अपनी भूल सुधार सकता है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या इस ओर उन्होंने आपका ध्यान आकृष्ट किया है ?

अध्यक्ष महोदय : केवल मंत्री महोदय ने ही नहीं, एक अन्य माननीय सदस्य ने भी यही भूल की है ? उन्हें यह भ्रम था कि मतदान संशोधनों पर नहीं वरन उन्हें वापस लेने की अनुमति दी जाने के प्रश्न पर हो रहा था। उन्होंने इस ओर मेरा ध्यान आकृष्ट किया और

मैंने उन्हें भूल सुधारने की अनुमति भी दे दी है।

श्री जयपाल सिंह : मेरे विचार से, जब भी मत-विभाजन हो, आप यह कहने की कृपा करें कि 'मतदान का परिणाम यह है; परन्तु यदि कोई सदस्य मंत्री महोदय भी, अपना मत बदलना चाहे तो उसे ऐसा करने की अनुमति है।"

अध्यक्ष महोदय : मैं नहीं समझता कि सदस्यों को अपनी भूल सुधारने अथवा मत परिवर्तन करने का अधिकार देने का भार अध्यक्ष अपने ऊपर ले सकता है जो कुछ उनके मन में था वह उन्होंने लिख दिया और वही अन्तिम बात है। केवल भूल से अथवा भ्रमवश किये गये कार्य को ही सुधारा जा सकता है।

मत-विभाजन का परिणाम है: पक्ष में ६४: विपक्ष में २४२।

संशोधन अस्वीकृत हुए।

अध्यक्ष महोदय : अब मैं श्री एस० एन० दास के संशोधन को सदन के सामने प्रस्तुत करता हूं।

श्री श्रीनारायण दास : मैं अपने संशोधन पर आग्रह नहीं करता।

अध्यक्ष महोदय : जब कोई संशोधन सदन के सामने प्रस्तुत हो चुका हो तब एक यही तरीका रह जाता है कि उसे वापस ले लिया जाये।

श्री श्रीनारायण दास : अपने संशोधनों को वापस लेने के लिये मैं सभा की अनुमति चाहता हूं।

संशोधन सभा की अनुमति से वापिस लिये गये।

डा० केसकर : मैं खंड १६ के सम्बन्ध में अपने संशोधन संख्या १ और २ को प्रस्तुत करता हूं क्योंकि इस समय खण्ड १६ पर ही विचार किया जा रहा है।

अध्यक्ष महोदय : मैं जरा स्थिति को स्पष्ट रूप में समझ लूं। मंत्री महोदय केवल संशोधन संख्या १ और २ प्रस्तुत करना चाहते हैं। मैं ठीक कह रहा हूं न ?

डा० केसकर : मैं खण्ड १६ के सम्बन्ध सूचि संख्या १ के संशोधन संख्या १ और २ को प्रस्तुत कर रहा हूं।

डा० लंका सुन्दरम : हम केवल खण्ड १६ पर विचार कर रहे हैं। केवल यही संशोधन उससे संगत है।

डा० केसकर : मैं प्रस्ताव करता हूं।

(१) पृष्ठ ७, पंक्ति ६,

"any person" (कोई व्यक्ति) के स्थान पर "any Gazetted officer" (कोई गजटेड पदाधिकारी) रखा जाये।

(२) पृष्ठ ८, पंक्ति ३३ के बाद निम्नलिखित रखा जाये :

"19L. **Penalty for contravention of section 19D or section 19E etc.**— If the publisher of any newspaper—

(a) refuses or neglects to comply with the provisions of section 19D or section 19E; or

(b) furnishes or causes to be furnished to the Press Registrar any annual statement, returns, statistics or other information which he has reasons to believe to be false; or

(c) publishes in the newspaper in pursuance of clause (b) of section 19D any particulars relating to the newspaper which he has reasons to believe to be false, he shall be punishable with fine which may extend to five hundred rupees.

19M. **Penalty for improper disclosure of information.**—If any person engaged in connection

[डा० केसकर]

with the collection of information under this Act wilfully discloses any information or the contents of any return given or furnished under this Act otherwise than in the execution of his duties under this Act or for the purposes of the prosecution of an offence under this Act or under the Indian Penal Code, he shall be punishable with imprisonment for a term which may extend to six months, or with fine which may extend to one thousand rupees, or with both."

["**१९ ठ. धारा १९घ या धारा १९ङ के उल्लंघन के लिये दंड आदि**––यदि किसी समाचार पत्र का प्रकाशक––

(क) धारा १९घ या धारा १९ङ के उपबन्धों का पालन करना अस्वीकृत करता है या उसमें असावधानी करता है; या

(ख) प्रेस पंजीयक के पास कोई ऐसा वार्षिक विवरण, ब्यौरे, आंकड़े या अन्य सूचना भेजता है, जिसके असत्य होने का विश्वास करने के लिये उसके पास कारण है; या

(ग) धारा १९घ के खंड (ख) के अनुसरण में समाचार-पत्र में कोई ऐसी बात प्रकाशित करता है, जिसके असत्य होने का विश्वास करने के लिये उसके पास कारण है;

तो वह अर्थदंड से दंडनीय होगा, जो पांच सौ रुपये तक हो सकेगा।

१९ङ सूचना के अनुचित प्रकटीकरण के लिये दंड– यदि इस अधिनियम के अंतर्गत सूचना का संग्रह करने में संलग्न कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अंतर्गत दी गयी या भेजी गयी कोई सूचना या किसी ब्यौरे की विषय वस्तु, इस अधिनियम के अन्तर्गत अपने कर्त्तव्यों का पालन करने या इस अधिनियम के अंतर्गत या भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत एक अपराध के अभियोजन के प्रयोजन को छोड़ कर, इच्छापूर्वक प्रकट कर देता है, तो वह कारावास से, जिसकी समयावधि छः मास तक हो सकेगी, या अर्थदंड से, जो एक हजार रुपये तक हो सकेगा, या दोनों से, दंडनीय होगा।"]

श्री राघवाचारी : मैं केवल एक ही प्रश्न उठाना चाहता हूं। जिस समय अनेक सदस्यों ने डा० लंका सुन्दरम के संशोधनों के वापस लिये जाने का विरोध किया था, उस समय सदन के सामने यह प्रश्न रखा जाना चाहिये था कि क्या इनको वापस लेने की अनुमति दी जाय। मैं इसी सम्बन्ध में आपका विनिर्णय चाहता था।

अध्यक्ष महोदय : वह उस प्रश्न का उल्लेख कर रहे हैं जो अब समाप्त भी हो चका है। इस लिए अब उस पर विनिर्णय देने की आवश्यकता नहीं है।

श्री एम० ए० अय्यंगार (तिरुपति) : जहां तक डा० लंका सुन्दरम के पहले संशोधन का सम्बन्ध है, उस समय आवाजें स्पष्ट थीं इसीलिए उस समय पीठासीन पंडित ठाकुर दास भार्गव ने उस पर मत लिया था। किन्तु श्री एस० एन० दास के संशोधनों के समय केवल 'हां' की ही आवाज़ सुनी गयी थी। इसीलिये हमने उसे 'हां' ही माना।

अध्यक्ष महोदय : मेरे विचार से 'नहीं' की तो कोई आवाज हमने सुनी ही नहीं थी। इसीलिए मने कहा था कि सदन द्वारा अनुमति दी गयी। इसका भी कोई विरोध नहीं किया गया था।

मैं संशोधन संख्या १ और २ को मतदान के लिए प्रस्तुत करूंगा।

प्रश्न यह है :

पृष्ठ ७, पंक्ति ६,

"any person" (कोई व्यक्ति)

स्थान पर "any gazetted officer"

(कोई गजटेड पदाधिकारी) रखा जाये।

(प्रस्ताव स्वीकृत हुआ)

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

पृष्ठ ७,

पंक्ति ३३ के बाद रखा जाये :

"19L. **Penalty for contravention of section 19D or section 19E etc.**—If the publisher of any newspaper—

(a) refuses or neglects to comply with the provisions of section 19D or section 19E; or

(b) furnishes or causes to be furnished to the Press Registrar any annual statement, returns, statistics or other information which he has reason to believe to be false; or

(c) publishes in the newspaper in pursuance of clause (b) of section 19D any particulars relating to the newspaper which he has reason to believe to be false, he shall be punishable with fine which may extend to five hundered rupees.

19M. **Penalty for improper disclosure of information.**—If any person engaged in connection with the collection of information under this Act wilfully discloses any information or the contents of any return given or furnished under this Act otherwise than in the execution of his duties under this Act or for the purposes of the prosecution of an offence under this Act or under the Indian Penal Code, he shall be punishable with imprisonment for a term which may extend to six months, or with fine which may extend to one thousand rupees, or with both."

[**१९ठ. धारा १९घ या धारा १९ङ के उल्लंघन के लिये दंड आदि**—यदि किसी समाचार पत्र का प्रकाशक—

(क) धारा १९घ या धारा १९ङ के उपबन्धों का पालन करना अस्वीकृत करता है या उसमें असावधानी करता है ; या

(ख) प्रेस पंजीयक के पास कोई ऐसा वार्षिक विवरण, ब्यौरे, आंकड़े या अन्य सूचना भेजता है, जिसके असत्य होने का विश्वास करने के लिये उसके पास कारण है; या

(ग) धारा १९घ के खंड (ख) के अनुसरण में समाचार-पत्र में कोई ऐसी बात काशित करता है, जिसके असत्य होने का विश्वास करने के लिय उसके पास कारण हैं;

तो वह अर्थदंड से दंडनीय होगा, जो पांच सौ रुपये तक हो सकेगा ।

१९ङ. सूचना के अनुचित प्रकटीकरण के लिये दंड—यदि इस अधिनियम के अन्तर्गत सूचना का संग्रह करने में संलग्न कोई व्यक्ति इस अधिनियम के अन्तर्गत दी गई या भेजी गयी कोई सूचना या किसी ब्यौरे की विषय-वस्तु इस अधिनियम के अन्तर्गत अपने कर्तव्यों का पालन करने या इस अधिनियम के अंतर्गत या भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत एक अपराध के अभियोजन के प्रयोजन को छोड़कर, इच्छापूर्वक प्रकट कर देता है, तो वह कारावास भें जिसकी समयावधि छः मास तक हो सकेगी, या अर्थदंड से, जो एक हजार रुपये तक हो सकेगा,या दोनों से, दंडनीय होगा ।"]

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है–

"कि खंड १६,संशोधित रूप में,विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

खंड १६ संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया ।

खंड १७, विधेयक में जोड़ दिया गया ।

खंड १८--(नई धारा २०क, का रखा जाना आदि)

डा० केसकर : मैं प्रस्ताव करता हूं ।

पृष्ठ ८,

(१) पंक्ति १, "२०क" के बाद "(१)" रखा जाये ।

(२) पंक्ति १६ के बाद निम्नलिखित रखा जाये :

(ee) prescribing the form and manner in which an annual statement under clause (a) of section 19D, or any returns, statistics or other information under section 19E, may be furnished to the Press Registrar,"

[(ङङ) वह प्रपत्र और रीति विहित करना, जिसमें धारा १९घ के खंड (क) के अन्तर्गत एक वार्षिक विवरण, या धारा १९ङ के अंतर्गत कोई अन्य सूचना प्रेस पंजीयक को भेजी जा सकती है।]

और

(३) पंक्ति २४ के बाद जोड दिया जाये:

"(2) All rules made under this section shall, as soon as practicable after they are made, be laid before both Houses of Parliament."

(२) इस धारा के अंतर्गत बनाय गये सभी नियम, उनके बनाये जाने के बाद यथासंभव शीघ्र संसद की दोनों सभाओं के समक्ष रखे जायेंगे ।

श्री कामत : मेरा संशोधन संख्या ५, उस संशोधन के दूसरे भाग को संशोधित करता है ।

अध्यक्ष महोदय माननीय सदस्य अपना संशोधन प्रस्तुत कर सकते हैं ।

श्री कामत द्वारा खंड १८ पर अपना संशोधन संख्या ५ प्रस्तुत किया गया ।

श्री कामत : माननीय मंत्री का संशोधन यद्यपि सुधार करता है, परन्तु पर्याप्त सुधार नहीं करता । हम सरकार को नियम बनाने की विस्तृत शक्ति नहीं दे सकत । वे सभा के सामने रखे जाने चाहिये । नागरिकता विधेयक में भी संयुक्त समिति ने एक ऐसा संशोधन रखा था और गृह मंत्री जी ने उसे मान लिया था । आशा है, सभा और सरकार मेरा संशोधन मान लेंगी और सारी बात संसद को सौंपने में संकोच न करेंगी ।

अध्यक्ष महोदय : संशोधन प्रस्तुत हुए ।

श्री एन० सी० चटर्जी (हुगली) : अधीनस्थ विधान समिति का सभापति होने के कारण इस समिति के पांचवें प्रतिवेदन की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना मैं अपना कर्त्तव्य समझता हूं । हमने अपने प्रतिवेदन में सदन से कहा है कि प्रक्रिया में एकरूपता लाये जाने की आवश्यकता है, विधियों में जिन विभिन्न व्यवस्थाओं के कारण जो कुछ संदिग्ध बातें आ गई हैं उनके कारण यह आवश्यकता और भी बढ़ गयी है । जब तक कि विधि में इसके लिए विशेष व्यवस्था न रखी जाय अथवा विशेष नियम न बनाया जाय तो समिति का सम्पूर्ण उद्देश्य ही व्यर्थ हो जायगा ।

नियम बनाने के लिये माननीय मंत्री को पर्याप्त समय और सरकार को पर्याप्त अधिकार मिल जाते हैं । यदि वे समझते हैं कि यह इतना आवश्यक है ३० दिन तक नियम सदन के सामने प्रस्तुत नहीं किये जा सकते हैं, तो वे उनके प्रकाशन के बाद इस स्पष्टीकरण के साथ उन को सदन के सामने रख सकते हैं कि किन विशेष परिस्थितियों में ऐसा करना पड़ा, ताकि इस सम्बन्ध में सदन अपनी राय दे सके ।

अध्यक्ष महोदय : मैं इस पर स्पष्टीकरण चाहूंगा । माननीय सदस्य अधिसूचना का उल्लेख कर रहे हैं जब कि संशोधन का सम्बन्ध नियमों से है ।

श्री एन० सी० चटर्जी: इन धाराओं के अन्तर्गत जारी की जाने वाली प्रत्येक अधि-

सूचना की प्रतिलिपिया विचार के लिये संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत की जायें । मैं समझता हूं कि सभी नियमों के सम्बन्ध में अधिसूचना जारी की जायगी—और यही सामान्य तरीका है ।

अध्यक्ष महोदय : यह बात मुझे अब भी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हुई है । मेरे विचार से स विधेयक में कुछ धाराओं के अन्त त कुछ अधिसूचनायें जारी करने की व्यवस्था रखी गयी है । इनको इन धाराओं के अन्तर्गत बनाये जाने वाले नियमों से भिन्न माना जायगा । यदि ऐसा है, तो यह बात अधिसूचनाओं पर ही लागू होगी, नियमों पर नहीं । इसीलिए मेरा सुझाव है कि नियमों का उल्लेख अलग से करना पड़ेगा ।

डा० केसकर : सरकार ने अधीनस्थ विधान समिति के उस सुझाव को अभी तक स्वीकार नहीं किया है जिसकी ओर श्री चटर्जी ने संकेत किया है । वह अब भी विचाराधीन है और मैं नहीं जानता कि वह कब और कैसे स्वीकार किया जायेगा । इस समय यह मेरे पर्यालोकन में नहीं है और जब तक यह स्वीकृत नहीं हो जाता तब तक उनके सुझाव को स्वीकार करना मेरे लिए सम्भव नहीं है ।

श्री एन० सी० चटर्जी : मुझे खेद है कि मेरी बात गलत समझी गयी है । मैंने यह कभी नहीं कहा कि सरकार ने उसे स्वीकार कर लिया है । मैंने यह कहा था कि यह पाटस्कर समिति का एक सुझाव है । वह एक स सम्मत सिफारिश थी और इस सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी थी । यह सि ारिश इसलिए की गयी थी ताकि संसदीय सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्नता काल्पनिक न रहे वरन् और भी प्रतावशाली बन सके ।

डा० केसकर : मैं स्वीकार न कर सकन क वास्तविक कारण बता रहा था। मैं यह नहीं कहता कि श्री चटर्जी का सुझाव उचित या अच्छा नहीं था । जब तक कि सरकार उस सिफारिश को स्वीकार नहीं करती है तब तक मैं उसे स ीकार नहीं कर सकता हूं । समवाय विधि का निर्देश किया गया है जिसमें इसको स्वीकार किया गया था, क्योंकि वह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विधेयक था और हो सकता है कि ऐसे संशोधनों या नियमों को प्रख्यापित किया जाये जिनका कि पूंजी, विनियोग आदि पर व्यापक प्रभाव पड़े और इसी कारण इसे स्वीकार किया गया है । जहां तक स प्रकार के ोटे विधानों का सम्बन्ध है, जब तक सरकार सामान्य सिफारिश को स ीकार न कर ले तब तक मैं उसे स्वीकार करने में असमर्थ हूं ।

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती : हम इस विधेयक को महत्वपूर्ण इसलिए समझते हैं कि हमने यह आशंका प्रकट की है कि इन नियमों का विरोधी समाचार–पत्रों और प्रचार संगठन पर बुरा प्रभाव पड़ता है । अत: मेरा यह विचार है कि इन नियमों को सभा में प्रस्तुत किया जाये और उन्हें स ीकार किया जाय । दूसरी बात यह कि यह एक उत्तम प्र ि या है । बहुत से अ नियमों के सम्बन्ध में सरकार ने नियम बनाने का वचन दिया है । कई अधिनि म के सम्बन्ध में नियम अभी तक नहीं बने हैं । इस कारण नियम बनाये जाने पर ज़ोर देना आवश्यक है जिससे कि सभा में उन पर अविलम्ब ।वचार किया जा सके ।

डा० केसकर : मैं श्री चटर्जी द्वारा की गई सि ारिश विशेष का तिवाद नहीं कर रहा था । मैं ो यह कह रहा था कि इस महत्वपूर्ण सिफारिश पर सरकार को विचार करना है । सरकार को उसकी जानकारी दे ी गई है किन्तु अभी वह स्वीकृत नहीं हुई है । अत: गुणावगुण के आधार पर हमें निर्णय करना है । मैं समझता हूं कि यह ब ा छोटा सा विधान है जिसके लिय जो भी छोटा-बड़ा नियम बनाया जायेगा उसे संसद् के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा और विधि बनने से पूर्व उस पर चर्चा होगी । अत: मैं इसे स्वीकार नहीं कर पा रहा हूं । बाद में

[डा० केसकर]

यदि सरकार सामान्य सिफारिश को स्वीकार करती है, तो इसमें भी परिवर्तन किया जा सकता है ।

श्री टी० एन० सिंह : इस मामले में मैं यह दरख्वास्त करूंगा कि जब कि हमारी पार्लियामेंटरी कमेटी (संसदीय समिति) ने कोई सिफारिश की हो तो वाजिब यह है कि उसको बहुत दूर तक बहस में न लाया जाये । साथ-साथ गवर्नमेंट (सरकार) खुद कह रही है और मिनिस्टर साहब (मंत्री जी) कह रहे हैं कि इस पर विचार किया जायेगा और उस को बाद में लाकर उस पर सब्सटेंशियल अमेंडमेंट मूव (सारवान संशोधन प्रस्तुत) किया जायेगा । ऐसी हालत में उस पर अभी हां या ना करवा लेना ठीक नहीं होगा ।

मेरा कुछ पार्लियामेंटरी कमेटियों (संसदीय समितियों) से ताल्लुक रहा है और मेरे सामने बहुत सी ऐसी बातें आयी हैं । मैं यह मानता हूं कि जो उसल रखा गया है उससे सभी को इत्तिफाक होगा, सभी उसको मानते हैं । मैं भी यह ठीक समझता हूं कि जितने सबसिडियरी रूल्स बनें, जितना सबार्डिनेट लजिस्लेशन (अधीनस्थ विधान) हो उस पर हाउस में विचार हो और वोट लिया जाय । लेकिन इसको अभी इस्स्यू (समस्या) बना कर हाउस (सभा) के सामने लाया जायगा और इस पर राय ली जायगी तो इससे कमेटी की सिफारिश को ही नष्ट कर दिया जायगा । इसलिए मैं दरख्वास्त करूंगा कि जो प्रस्ताव रखा गया है अगर उसको वापस ले लिया जाय तो ज्यादा अच्छा होगा ।

डा० केसकर : मैं मानता हूं कि गवर्नमेंट (सरकार) इस बारे में कोई राय देना चाहे सोच कर, राय लेना चाहे तो फिर इस मामले में जो कुछ तबदीली करनी चाहिए, की जाय । मैं इसके लिए तैयार हूं लेकिन फिलहाल मैं इसको एकदम स्वीकार करने के लिये तैयार नहीं हूं ।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि श्री कामत का जो आखिरी अमेंडमेंट (संशोधन) है और जिसके माने यह होंगे कि जम्मू और काश्मीर पर भी यह कानून अपने आप लागू हो जाये, ऐसा आजकल के कांस्टीटयूशन (संविधान) के मुताबिक हम कर नहीं सकते हैं और इसलिए ऐसा करना अवैधानिक है । बस इतना ही मुझे इसके बारे में कहना है ।

श्री एन० सी० चटर्जी: मैं नियम बनाने वाली शक्तियों के आधीन वित्त मंत्री द्वारा रखे गये खण्ड ३२४ का उल्लेख करता हूँ कि जारी की जाने वाली प्रत्येक अधिसूचना की एक प्रतिलिपि संसद की दोनों सभाओं में रखी जायेगी और उनके निर्णय के अनुसार उस पर कार्यवाही की जायगी । यह प्रस्तापना स्वीकार की जा चुकी है और विधेयक में संशोधन किया जा चुका है । अतः यह कोई नई बात नहीं है ।

डा० केसकर: समवाय विधेयक के संबंध में क्या हो रहा है, इसकी मुझे उतनी जानकारी नहीं है जितनी कि श्री चटर्जी को है । समवाय विधेयक के संबंध में यह प्रस्तापना स्वीकार नहीं की गई है क्योंकि सरकार द्वारा बनाये गये नियमों के सम्बन्ध में एक सामान्य सिद्धान्त स्वीकार किया गया है । समवाय विधेयक के लिये यह प्रस्तापना विशेष रूप से स्वीकार की गई है । जहां तक सामान्य सिद्धान्त का सम्बन्ध है, वह विचाराधीन है । यदि श्री चटर्जी का कहना यह है कि यह कार्यवाही समिति की सिफारिशों के कारण की गई है तो उनका ऐसा कहना गलत है ।

अध्यक्ष महोदय : अब इस विषय में अधिक चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है । माननीय मंत्री का कहना यह है कि चूंकि सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया है, इस कारण इस प्रकार के छोटे विधेयक में इसको नहीं रखा जा सकता है ।

समवाय विधेयक के महत्वपूर्ण होने के कारण ही सरकार ने उस उपबन्ध विशेष को स्वीकार किया था । संसदीय समिति द्वारा

सिफारिश किये जाने की ही बात नहीं है वरन् प्रत्यायोजित विधान में इस बात पर जोर दिया जा सकता है कि सरकार को जो अधिकार दिया गया है उस पर वह क्या कार्यवाही कर रही है, इस पर चर्चा की जाये चूंकि सरकार अभी इस पर विचार कर रही है, इस कारण मैं नहीं कह सकता कि इसका क्या बनेगा। मैं भी इस पर विचार करूंगा और सरकार कोई निर्णय करने के लिये सामान्य सिद्धान्त पर विचार करने में शीघ्रता करेगी।

श्री कामत : मुझे माननीय मंत्री से यह आश्वासन मिलना चाहिये कि ज्योंही इसका अन्तिम निर्णय होगा वह इस सिद्धान्त को इस विधेयक पर भी लागू करेंगे।

डा० केसकर : मैं इसके लिये तैयार हूं।

अध्यक्ष महोदय : जैसा कि माननीय मंत्री कह चुके हैं कि जब तक सरकार इसके सभी पहलुओं की जांच नहीं कर लेती तब तक माननीय मंत्री के लिये इसे स्वीकार करना सम्भव नहीं है। माननीय मंत्री का यही विचार है। अतः श्री कामत अब अपने संशोधन पर आग्रह न करें।

श्री कामत : मैं तो माननीय मंत्री से आश्वासन चाहूंगा।

डा० केसकर : यदि सामान्य सिद्धान्त स्वीकार हो जाता है तो उसमें उसी के अनुसार परिवर्तन कर दिये जायेंगे।

श्री कामत : क्या सरकार नियम बनाये जाने से पूर्व अपना मत निर्धारित कर लेगी ?

डा० केसकर : हां।

संशोधन सदन की अनुमति से वापिस लिया गया।

उपाध्यक्ष महोदय : अब मैं मंत्री महोदय के संशोधन को सभा के समक्ष मतदान के लिये रखता हूं।

प्रश्न यह है :

पृष्ठ ८,

(१) पंक्ति १, "२० A" ["२० क"] के पश्चात् ("I") ["१"] रखा जाये

(२) पंक्ति १६ के पश्चात् यह रखा जाये :

"(cc) prescribing the form and manner in which an annual statement under clause (a) of section 19D or any returns, statistics or other information under section 19E may be furnished to the Press Registrar;"

"(डड) वह प्रपत्र और रीति विहित, करना, जिसमें धारा १९घ के खण्ड (क) के अन्तर्गत वार्षिक विवरण, या धारा १९ ङ के अन्तर्गत कोई अन्य सूचना प्रेस पंजीयक को भेजी जाये]"

और

(३) पंक्ति २४ के पश्चात् यह जोड़ दिया जाये;

"(2) All rules made under this section shall, as soon as practicable after they are made, be laid before both Houses of Parliament."

["(२) इस धारा के अन्तर्गत बनाये गये सभी नियम, उनके बनाये जाने के पश्चात् यथा सम्भव शीघ्र, संसद् की दोनों सभाओं के समक्ष रखे जायें।"]

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड १८, संशोधित रूप में, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खण्ड १८, संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया।

खण्ड १९—(नई धारा २२ का रखा जाना)

उपाध्यक्ष महोदय : अब हम खण्ड १९ को लेते हैं।

श्री कामत : क्या मैं अब आपकी अनुमति से संशोधन संख्या ६ प्रस्तुत कर सकता हूं जो पृष्ठ ८ में शब्द "अतिरिक्त" के स्थान पर "समेत" शब्द रखने के सम्बन्ध में है । यह खण्ड इस प्रकार हो जायेगा :

"यह अधिनियम सम्पूर्ण भारत पर जम्मू तथा काश्मीर समेत लागू होता है ।"

मैं संविधान के अनुच्छेद ३७० की ओर सभा का ध्यान आकर्षित करता हूं जो इस प्रकार है :

"(१) इस संविधान में किसी बात के होते हुए भी—

(क) अनुच्छेद २३८ के उपबन्ध जम्मू और काश्मीर राज्य के सम्बन्ध में लागू न होंगे ;

(ख) उक्त राज्य के सम्बन्ध में विधि बनाने की संसद् की शक्ति—

(१) संघ-सूची और समवर्ती सूची में के जिन विषयों को राज्य की सरकार से परामर्श करके राष्ट्रपति उन विषयों का तत्स्थायी विषय घोषित कर दे जो भारत डोमीनियन में उस राज्य के प्रवेश को शासित करने वाली प्रवेश-लिखित में उल्लिखित ऐसे विषय हैं जिन के बारे में डोमीनियन विधान-मंडल विधि बना सकता है उन विषयों तक; तथा

(२) उक्त सूचियों में के जिन अन्य विषयों को उस राज्य की सरकार की सहमति से राष्ट्रपति आदेश द्वारा उल्लिखित करे उन विषयों तक सीमित होगी ।"

माननीय मंत्री ने, जहां तक मुझे स्मरण है, इस ओर ध्यान आकर्षित किया है और यह कहा है कि 'मुझे विश्वास है कि यह शक्ति परस्तात् अथवा इस अधिनियम के क्षेत्र के बाहर और संसद् की शक्ति के परे है ।' मैं जानना चाहूंगा कि क्या जम्मू और काश्मीर की सरकार से इस सम्बन्ध में कुछ वार्ता की जा रही है ? यदि ऐसा किया जा रहा है, और सरकार तैयार हो तो राष्ट्रपति को उस प्रकार का आदेश जारी करने का अधिकार प्राप्त है । मैं नहीं समझता कि जम्मू और काश्मीर के बारे में, जो दिन प्रतिदिन हमारे निकट आता जा रहा है ऐसा क्यों नहीं किया जाता है । मुझे आशा है कि शीघ्र ही वह भारत का एक अंग बन जायेगा । एक समय था जबकि संसद् द्वारा पारित अधिनियम जम्मू और काश्मीर में नहीं लागू किये जाते थे । अब समय कुछ बदल रहा है और कुछ अधिनियमों में जम्मू और काश्मीर को सम्मिलित कर लिया गया है । उच्चतम न्यायालय के क्षेत्राधिकार में अब जम्मू और काश्मीर आ गया है । माननीय मंत्री ने बताया कि यह कोई बहुत बड़ी बात नहीं है बल्कि दैनिक कार्य हैं । जम्मू और काश्मीर को इस पर आपत्ति नहीं होगी । इस कारण राष्ट्रपति द्वारा आदेश जारी किया जा सकता है ।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य ने संविधान के जिस अनुच्छेद का उल्लेख किया है उसके अनुसार जम्मू और काश्मीर राज्य की सहमति प्राप्त करना आवश्यक है । अतः यदि हम पहले से ही कोई चीज़ इस सभा में पारित कर लेते हैं और उक्त राज्य बाद में उस पर सहमत नहीं होता है तो वह प्रभावरहित हो जायेगी । यह बात नहीं है कि राज्य सरकार तैयार न हो किन्तु इस सभा के स्थान पर राज्य को इसका निर्णय करना चाहिये ।

श्री कामत : सरकार जम्मू और काश्मीर राज्य की सरकार से परामर्श क्यों नहीं लेती ?

अध्यक्ष महोदय : यह दूसरी बात है । अब सभा की कार्यवाही समाप्त होती है ।

इसके पश्चात लोक-सभा मंगलवार, २२ नवम्बर, १९५५ के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई ।

[सोमवार २१ नवम्बर, १९५५]

स्तम्भ

विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति ५६४३-४४

दसवें सत्र के दौरान में संसद के सदनों द्वारा पारित निम्न लिखित विधेयकों पर, २६ सितम्बर, १९५५ के पिछले प्रतिवेदन के पश्चात् राष्ट्रपति द्वारा अनुमति दी गई

१. दिल्ली जल तथा नाली व्यवस्था संयुक्त बोर्ड (संशोधन) विधेयक, १९५४ . . .

२. सीमा शुल्क (संशोधन) विधेयक, १९५५

३. दरगाह ख्वाजा साहिब विधेयक, १९५२ .

४. पर क्राम्य संलेख (संशोधन) विधेयक, १९५५

५. विनियोग (संख्या ३) विधेयक, १९५५ .

६. मद्य सारिक उत्पाद (अन्तर्राज्यिक व्यापार तथा वाणिज्य) नियंत्रण विधेयक, १९५५

७. अधिकृत लेखापाल (संशोधन) विधेयक, १९५५ . .

८. औद्योगिक विवाद (बैंकिंग समवाय) विनिश्चय विधेयक, १९५५

९. पुरस्कार प्रतियोगिता विधेयक, १९५५ .

सभा-पटल पर रखे गये पत्र ५६४४-४७

१. रबड़ के टायर ट्यूबों के उचित मूल्य के सम्बन्ध में प्रशुल्क का आयोग प्रतिवेदन (१९५५) . .

२. वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय का संकल्प संख्या सी० आई० २४ (१८) ५५, दिनांक ३ अक्टूबर, १९५५

३. प्रशुल्क आयोग अधिनियम १९५१ की धारा १६(२) के परन्तुक के अन्तर्गत एक विवरण जिसमें बताया गया है कि उपरोक्त (१) और २ में उल्लिखित पत्र विहित समय में सभा पटल पर क्यों नहीं रखे जा सके

४. अत्यावश्यक पण्य अधिनियम १९५५ की धारा ३ की उपधारा ६ के अन्तगत एस० आर० ओ० संख्या में १६७३-क, १६७३-ख, १६६२ —आवश्यक पण्य चीनी, १८६३—आवश्यक पण्य गत्रा।

५. दसवें सत्र की समाप्ति के पश्चात् राष्ट्रपति द्वारा प्रख्यापित दो अध्यादेश

१. दिल्ली (भवन निर्माण कार्यों का नियंत्रण) अध्यादेश, १९५५ (१९५५ का संख्या ५)

२. बीमा (संशोधन) अध्यादेश १९५५ (१९५५ का संख्या ६)

६. समुद्र सीमा शुल्क अधिनियम, १८७८ के अन्तर्गत धारा ५३ ख (४) के अन्तर्गत सीमा शुल्क अधिसूचनायें संख्या १५१ और १५२.

७. दक्षिण पूर्वी एशिया के लिये आयोजित विश्व स्वास्थ्य संघ के प्रादेशिक सम्मेलन के आठवें सत्र में भाग लेने वाले भारतीय प्रतिनिधि मंडल का प्रतिवेदन

सभा पटल पर रखे गये संयुक्त समितियों के प्रतिवेदन ५६४७

१. अन्तर्राज्यिक जल विवाद विधेयक के सम्बन्ध में संयुक्त समिति का प्रतिवेदन . . .

२. नदी बोर्ड विधेयक के सम्बन्ध में संयुक्त समिति का प्रतिवेदन .

संयुक्त समितियों के प्रतिवेदनों को उपस्थापित करने के लिये समय में वृद्धि ५६४८

१. व्यवहार प्रक्रिया संहिता (संशोधन) विधेयक के सम्बन्ध में संयुक्त समिति के प्रतिवेदन को उपस्थापित करने की अवधि १५ दिसम्बर, १९५५ तक बढ़ा दी गई

२. नागरिकता विधेयक के सम्बन्ध में संयुक्त समिति के प्रतिवेदन को उपस्थापित करने की अवधि २९ नवम्बर, १९५५ तक के लिये बढ़ा दी गई .

विधेयक पुरःस्थापित ५६४८

१. संविधान (पांचवां संशोधन) विधेयक

२. संविधान (छटा संशोधन) विधेयक

संयुक्त समिति का प्रतिवेदन उपस्थापित ५६४८-५७२७

नागरिकता विधेयक के सम्बन्ध में संयुक्त समिति का प्रतिवेदन . .

राज्य सभा द्वारा विधेयक में किये गये संशोधन ५६४९-५३

राज्य सभा द्वारा समवाय विधेयक पर किये गये संशोधनों पर विचार किया गया—

विचार असमाप्त विधेयक पर विचार ५६५४-५७४६

मुद्रणालय तथा पुस्तक पंजीयन (संशोधन) विधेयक पर विचार किया गया।

विचार करने का प्रस्ताव स्वीकृत खंड २ से १८ स्वीकृत।

खंड १९ पर चर्चा असमाप्त।

GIPND—L(NS)—390 L.S.D.—23-7-57—190